वर्ष 10 अंक 336
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, शनिवार
13 सितंबर 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/ 2015 / 65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20





03 न्यायालय ने दिव्यांगजनों के प्रति भेदभाव को लेकर चिंता जताई...
06 गीतामता पर अनूठी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता : डॉ. सुरेश गर्ग
11 गांगुली पर दबाव होगा, लेकिन उन्हें क्रिकेट की बेहतरीन समझ है:..












# भारतीय पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण से 'बौद्धिक चोरी' रूकेगी : प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली,** (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत की प्राचीन पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण से ''बौद्धिक चोरी'' रूकेगी। उन्होंने कहा कि अन्य लोगों ने देश की पारंपरिक ज्ञान संपदा में मौजूद जानकारी की नकल की और उसका पेटेंट करा लिया। ज्ञान भारतम पर यहां विज्ञान भवन में, 'पांडुलिपि विरासत के माध्यम से भारत के ज्ञान धरोहर की पुनःप्राप्ति' विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पहल ''स्वदेशी'' और ''आत्मनिर्भर भारत'' की अवधारणा के साथ आगे बढ़ने के देश के संकल्प का विस्तार है।

उन्होंने कहा कि भारत अब सदियों से अपनी पांडुलिपियों में संरक्षित प्राचीन ज्ञान की विरासत को दुनिया के समक्ष गर्व से प्रस्तुत कर रहा है।

मोदी ने देश भर में मौजूद इन पांडुलिपियों को डिजिटल बनाने के सरकार के लक्ष्य में साथ काम करने के लिए निजी संगठनों की सराहना की और कहा कि अब तक 10 लाख से अधिक पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि भारत थाईलैंड, वियतनाम और मंगोलिया जैसे अन्य देशों के साथ काम कर रहा है, जिनके साथ उसके सांस्कृतिक संबंध रहे हैं और जहां ऐसी पांडुलिपियां हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह आयोजन भारत के स्वर्णिम अतीत के पुनर्जागरण का साक्षी है। उन्होंने कहा कि इसकी ज्ञान परंपरा इतनी समृद्ध है क्योंकि यह संरक्षण, नवाचार और अनुकूलन के स्तंभों पर टिकी हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के पास दुनिया का सबसे बड़ा संग्रह है, जिसमें लगभग एक करोड़ पांडुलिपियां हैं। मोदी ने कहा, ''अतीत में करोड़ों पांडुलिपियां नष्ट हो गईं, लेकिन जो बची हैं, वे दर्शाती हैं कि हमारे पूर्वज ज्ञान, विज्ञान और शिक्षा के प्रति कितने समर्पित थे।'' उन्होंने कहा कि भारत अपनी



● मोदी ने कहा यह पहल ''स्वदेशी'' और ''आत्मनिर्भर भारत'' की अवधारणा के साथ आगे बढ़ने के देश के संकल्प का विस्तार है

सांस्कृतिक पहचान, चेतना और आत्मा के साथ एक जीवंत धारा है तथा इसका इतिहास केवल राजवंशों के उत्थान और पतन तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत की पांडुलिपियों में संपूर्ण मानवता की विकास यात्रा के वृत्तांत समाहित हैं।

मोदी ने देश की पांडुलिपियों को ''खजाना'' और ''राष्ट्र का गौरव'' बताते हुए कहा कि इन प्राचीन कृतियों में, ''हमें भारतीय लोकाचार के शाश्वत प्रवाह देखने को मिलते हैं।'' प्रधानमंत्री ने पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण, संरक्षण और सार्वजनिक पहुंच में तेजी लाने के लिए एक समर्पित डिजिटल प्लेटफॉर्म, 'ज्ञान भारतम' पोर्टल की भी शुरूआत की।

आगमन के तुरंत बाद, उन्होंने सबसे पहले कार्यक्रम स्थल पर आयोजित प्रदर्शनी का दौरा किया, जिसमें कुछ दुर्लभ भारतीय पांडुलिपियों का प्रदर्शन किया गया। ताड़ के पत्तों पर लिखा कौटिल्य का अर्थशास्त्र और वाल्मीकि रामायण के सुंदरकांड की सदियों पुरानी और दुर्लभतम पांडुलिपियां, प्रदर्शनी का हिस्सा हैं। ओरिएंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट (ओआरआई) के शोध छात्र और सम्मेलन में भाग लेने वाले कृष्णा नागासाम्पिगे ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''हमारे रिकॉर्ड के अनुसार, दोनों पांडुलिपियां लगभग 500 साल पुरानी हैं और मैसूर स्थित ओरिएंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट (ओआरआई) में रखी हैं। उनके मूल संस्करण विशेष रूप से इस अवसर के लिए बाहर निकाले गए हैं।''

मोदी ने प्लेनरी हॉल में ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत गठित विभिन्न कार्य समूहों द्वारा पेश की गईं प्रस्तुतियां भी देखीं। विभिन्न कार्यक्षेत्रों के अंतर्गत आठ समूह स्थापित किए गए हैं, जिनमें पांडुलिपि संरक्षण, डिजिटलीकरण प्रौद्योगिकियां, मेटाडेटा मानक, कानूनी ढांचे, सांस्कृतिक कूटनीति और प्राचीन लिपियों के अर्थ-निर्धारण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र शामिल हैं। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी के साथ मंच साझा किया, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में विद्वान, शोधकर्ता और अन्य प्रतिभागी शामिल हुए।

बृहस्पतिवार से शुरू हुए इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में प्रमुख विद्वान, संरक्षणवादी, प्रौद्योगिकीविद और नीति विशेषज्ञ भारत की अद्वितीय पांडुलिपि संपदा को पुनर्जीवित करने और इसे वैश्विक ज्ञान संवाद के केंद्र में रखने के तरीकों पर विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ आये हैं। सरकार ने संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत एक प्रमुख पहल के रूप में ज्ञान भारतम मिशन की शुरुआत की है।

# 2023 में हिंसा फैलने के बाद मोदी पहली बार मणिपुर जाएंगे, कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे

**इंफाल,** (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 सितंबर को मणिपुर का दौरा करेंगे तथा चूड़ाचांदपुर एवं इंफाल में आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों से बातचीत करेंगे। दो वर्ष पहले राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद मोदी का यह पहला मणिपुर दौरा होगा। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री 8,500 करोड़ रुपये की 31 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन भी करेंगे। मुख्य सचिव पुनीत कुमार गोयल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री के मणिपुर दौरे की आधिकारिक पुष्टि की।

प्रधानमंत्री की यह यात्रा कुकी और मेईती समुदायों के बीच जातीय संघर्ष के बाद मणिपुर का दौरा नहीं करने को लेकर विपक्षी दलों द्वारा बार-बार आलोचना के बीच हो रही है। मई 2023 से इस जातीय संघर्ष में 260 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। गोयल ने एक प्रेसवार्ता में कहा कि केवल हिंसा का नहीं होना ही शांति नहीं है बल्कि विश्वास, सद्भाव और सुलह भी जरूरी है। उन्होंने कहा, ''इस तरह, प्रधानमंत्री का मणिपुर दौरा राज्य में शांति, सामान्य स्थिति और विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। प्रधानमंत्री 13 सितंबर को आइजोल से मणिपुर पहुंचेंगे।'' मुख्य सचिव ने बताया कि मोदी चूड़ाचांदपुर और इंफाल में आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों से बातचीत करेंगे तथा दो रैलियों को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय



### मोदी शनिवार से बंगाल, बिहार और तीन पूर्वोत्तर राज्यों का दौरा करेंगे

गुवाहाटी, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 सितंबर से मिजोरम, मणिपुर, असम, पश्चिम बंगाल और बिहार की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगे, जहां वे करोड़ों रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान प्रधानमंत्री महान गायक भूपेन हजारिका के सम्मान में 100 रुपये का एक स्मारक सिक्का जारी करेंगे और उनकी जीवनी 'भारत रत्न भूपेन हजारिका' का भी विमोचन करेंगे। मोदी संयुक्त कमांडरों के सम्मेलन में भी शामिल होंगे।

की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है, ''मणिपुर के समावेशी, सतत और समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री चुड़ाचांदपुर में 7,300 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।'' विज्ञप्ति के अनुसार मोदी इंफाल में 1,200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन भी करेंगे।

मोदी की यात्रा की घोषणा पर कांग्रेस ने दावा किया कि यह यात्रा शांति और सद्भाव को ताकत प्रदान करने के बजाय, वास्तव में एक ''तमाशा'' साबित होगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'तो अब यह आधिकारिक है। प्रधानमंत्री कल मणिपुर में तीन घंटे से भी कम समय बितायेंगे। यह यात्रा शांति और सद्भाव को बल प्रदान करने के बजाय, वास्तव में एक तमाशा साबित होगी।''

कांग्रेस की मणिपुर इकाई के अध्यक्ष केइशम मेघचंद्र ने भी आरोप लगाया कि जातीय हिंसा प्रभावित राज्य में मोदी की यात्रा ''केवल प्रतीकात्मक'' है और इसका उद्देश्य ''शांति कायम करना और न्याय सुनिश्चित करना'' नहीं है।




SIGNATUREGLOBAL (INDIA) LIMITED
CIN NO.: L70100DL2000PLC104787
7053-121-121


## न्यूज ब्रीफ

### नागपुर में स्कूल वैन और बस की टक्कर में एक विद्यार्थी तथा चालक की मौत, तीन घायल

नागपुर, (भाषा) महाराष्ट्र के नागपुर शहर में शुक्रवार को एक फ्लाईओवर पर एक स्कूल वैन और बस की टक्कर में वैन के चालक और नौवीं कक्षा के एक विद्यार्थी की मौत हो गई जबकि तीन अन्य विद्यार्थी घायल हो गए।

पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह करीब साढ़े आठ बजे मनकापुर फ्लाईओवर पर हुई जब स्कूल वैन गलत लेन में चली गई और दूसरे स्कूल की खाली बस से टकरा गई। उन्होंने कहा, ''वैन चालक ऋतिक कनौजिया (२४) की इंदिरा गांधी सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (आईजीजीएमसी) में इलाज के दौरान मौत हो गई। भगवानदास पुरोहित विद्या मंदिर (कोराडी रोड शाखा) में कक्षा नौवीं की विद्यार्थी सान्वी खोबरागड़े की आज शाम मैक्स अस्पताल में मौत हो गई।'' उन्होंने बताया कि टक्कर के कारण वैन क्षतिग्रस्त हो गई और कई विद्यार्थी अंदर फंस गए। राहगीरों ने बच्चों को बचाया और उन्हें पास के अस्पतालों में पहुंचाया।

# पूर्व प्रधान न्यायाधीश सुशीला कार्की ने नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली

काठमांडू, (भाषा) पूर्व प्रधान न्यायाधीश सुशीला कार्की ने शुक्रवार को नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। वह अंतरिम सरकार का नेतृत्व करेंगी।

इसके साथ ही नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता समाप्त हो सकती है क्योंकि कथित भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर प्रतिबंधों के खिलाफ युवाओं के हिंसक प्रदर्शन के चलते मंगलवार को के पी शर्मा ओली को अचानक प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था।

राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने राष्ट्रपति कार्यालय में 73 वर्षीय कार्की को पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर राष्ट्रपति पौडेल और नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री के अलावा, उपराष्ट्रपति राम सहाय यादव और प्रधान न्यायाधीश प्रकाश मान सिंह रावत भी उपस्थित थे।

राष्ट्रपति पौडेल ने कहा कि नई कार्यवाहक सरकार को छह महीने के भीतर नए संसदीय चुनाव कराने का दायित्व सौंपा गया है।



इससे पहले दिन में, राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल, नेपाल के शीर्ष सैन्य अधिकारियों और 'जेन जेड' के प्रतिनिधियों के बीच हुई बैठक के बाद कार्की को अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के लिए चुना गया। रविवार से बड़े पैमाने पर जारी विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर कार्की के समक्ष नेपाल में कानून-व्यवस्था बहाल करने की चुनौती है। सूत्रों ने बताया कि शपथ ग्रहण के बाद कार्की एक छोटा मंत्रिमंडल गठित करेंगी और मंत्रिमंडल की पहली बैठक में विभिन्न हितधारकों के बीच बनी सहमति के अनुसार राष्ट्रपति को संसद भंग करने की सिफारिश कर सकती हैं। राष्ट्रपति पौडेल ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त करने का फैसला लेने से पहले प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं, कानूनी विशेषज्ञों और नागरिक समाज के सम्मानित व्यक्तियों से भी अलग-अलग विचार-विमर्श किया।

'जेन जेड' समूह द्वारा बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू करने के बाद प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा।

प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगों में भ्रष्टाचार पर अंकुश, पक्षपात को समाप्त करना और सोशल मीडिया साइटों पर प्रतिबंध हटाना शामिल था।

नेपाल में भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिबंध के खिलाफ हाल में हुए 'जेन जेड' प्रदर्शन में एक भारतीय नागरिक सहित कम से कम 51 लोगों की मौत हुई है। वर्ष 1997 से लेकर 2012 तक के बीच जन्में युवाओं को आम तौर पर 'जेन जेड' पीढ़ी के नाम से जाना जाता है।

## दिल्ली उच्च न्यायालय में बम की धमकी झूठी निकली

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय में बम की धमकी वाला ई-मेल प्राप्त होने के बाद न्यायाधीशों, वकीलों और पक्षकारों को अदालत कक्षों से सुरक्षित बाहर निकाला गया, लेकिन तलाशी के बाद पुलिस ने इसे अफवाह घोषित कर दिया।

अदालत प्रशासन को मिले ई-मेल में उच्च न्यायालय में हमला करने की धमकी दी गई। इसके बाद पुलिस और अन्य एजेंसियों को तलाशी अभियान शुरू करना पड़ा। रजिस्ट्रार जनरल को सुबह करीब 8.39 बजे प्राप्त ई-मेल में न्यायाधीशों के कक्षों और अदालत कक्षों में दोपहर के समय विस्फोट की धमकी दी गई थी। जब न्यायाधीश न्यायिक कार्यवाही में व्यस्त थे, तो अदालत के कर्मचारी आए और उन्हें बम की धमकी वाले ई-मेल के बारे में बताया, जिसके बाद वे अदालत कक्ष से बाहर निकल गए। कुछ न्यायाधीश पूर्वाह्न 11.35 बजे बाहर निकल आए जबकि अन्य न्यायाधीश दोपहर 12 बजे तक अपनी-अपनी अदालतों में काम करते रहे।

# वर्तमान में 'वोट चोरी' देश के सामने प्रमुख मुद्दा, मोदी का अब मणिपुर दौरा करना कोई बड़ी बात नहीं : राहुल

**जूनागढ़,** (भाषा) कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि मणिपुर लंबे समय से संकट से जूझ रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इस हिंसाग्रस्त राज्य का अब दौरा करना कोई 'बड़ी बात' नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि 'वोट चोरी' फिलहाल देश के सामने सबसे प्रमुख मुद्दा बना हुआ है।

गुजरात के जूनागढ़ जिले में केशोद हवाई अड्डे के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि हर जगह लोग 'वोट चोर' के नारे लगा रहे हैं।

हवाई अड्डे पर दोपहर में उतरने के बाद गांधी जूनागढ़ शहर पहुंचे, जहां उनका गुजरात कांग्रेस की जिला और नगर इकाइयों के अध्यक्षों को संबोधित करने और वरिष्ठ नेताओं के साथ बातचीत करने का कार्यक्रम है।

जब पत्रकारों ने प्रधानमंत्री मोदी की मणिपुर यात्रा पर गांधी की



प्रतिक्रिया जाननी चाही, तो कांग्रेस सांसद ने इस अशांत पूर्वोत्तर राज्य के उनके दौरे को ज्यादा महत्व नहीं देने की कोशिश की।

गांधी ने कहा, ''मणिपुर लंबे समय से संकट से जूझ रहा है और प्रधानमंत्री ने अब वहां जाने का फैसला किया है। इसलिए यह कोई बड़ी बात नहीं है। आज भारत में प्रमुख मुद्दा 'वोट चोरी' है।''

मोदी 13 सितंबर को मणिपुर का दौरा करेंगे और चुराचांदपुर तथा राज्य की राजधानी इंफाल में आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों से बातचीत करेंगे।

दो साल पहले राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से प्रधानमंत्री का यह पहला मणिपुर दौरा होगा।

रायबरेली लोकसभा सीट से सांसद राहुल गांधी ने कहा,''उन्होंने हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव चुरा लिए। हमने हाल ही में कर्नाटक में यह साबित कर दिया। इसलिए, मुख्य मुद्दा 'वोट चोरी' है। हर जगह लोग 'वोट चोर' का नारा लगा रहे हैं।''

# रोडवेज बस अनियंत्रित होकर पलटी : पांच लोगों की मौत हो गई तथा 10 अन्य जख्मी

**लखनऊ,** (भाषा) उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के काकोरी इलाके में एक रोडवेज बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने से पांच यात्रियों की मौत हो गई तथा 10 अन्य जख्मी हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया है।

पुलिस ने बताया कि काकोरी थाना क्षेत्र में गोला कुंआ के पास हरदोई से लखनऊ आ रही एक तेज रफ्तार रोडवेज बस सड़क निर्माण कार्य में लगे टैंकर से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई तथा 10 अन्य घायल हो गये।

पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सिंह सेंगर ने इस बात की पुष्टि की है कि इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया



कि स्थानीय निवासियों की मदद से बचाव दल ने घायल यात्रियों को बाहर निकाला और उन्हें काकोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि घटनास्थल पर सड़क निर्माण कार्य चल रहा था और दुर्घटना के समय सड़क पर पानी का छिड़काव किया जा रहा था। मुख्यमंत्री ने इस दुर्घटना पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को अस्पताल में भर्ती कराकर उनका तत्काल उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

# देश में चुनाव सुधारो के लिए संघर्ष करने वाले जगदीप छोकर का गोलोकवास

## भारतीय मतदाता संगठन के संस्थापक व अध्यक्ष , पूर्व चुनाव आयुक्त व नेताओं सहित देश भर के चुनाव सुधारो के समर्थकों ने शोक व्यक्त किया

**नयी दिल्ली,** (भाषा) चुनाव से संबंधित विश्लेषण करने वाली संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के सह-संस्थापक और लंबे समय से स्वच्छ चुनावों के पैरोकार रहे जगदीप एस छोकर का शुक्रवार को दिल्ली में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। एडीआर सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह 80 वर्ष के थे।

ए डी आर के संस्थापक जगदीप छोकर के आकस्मिक निधन पर नेशनल एक्सप्रेस प्रकाशन समूह के संस्थापक तथा भारतीय मतदाता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन गुप्ता ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि देश की लोकतंत्र की मूल्य तथा देश में चुनाव सुधार के लिए सतत संघर्ष करने वाली एक शख्सियत का निधन होना बहुत ही दुखद एवं देश की अपूर्णीय क्षति है। भारतीय मतदाता संगठन के संस्थापक रिखब चंद जैन तथा संगठन के ट्रस्टी मनिंदर जैन, अश्वनी उपाध्याय एडवोकेट तथा कर्नल विनोद कुमार सहित हजारों कार्यकर्ताओं ने भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके निधन पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी है।

भारतीय प्रबंधन संस्थान-अहमदाबाद के सेवानिवृत्त प्रोफेसर छोकर ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर 1999 में एडीआर की स्थापना की थी। पिछले दो दशकों में, इस संस्था ने कई ऐतिहासिक न्यायिक हस्तक्षेप में भूमिका निभाई है जिससे भारतीय राजनीति में अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही आई है। इनमें 2002 का उच्चतम न्यायालय का फैसला शामिल है, जिसमें उम्मीदवारों के लिए अपने आपराधिक मामलों, संपत्तियों और शैक्षणिक योग्यताओं का खुलासा करना अनिवार्य कर दिया गया था। इसमें 2024 में चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द करने का फैसला भी शामिल है।25 नवंबर, 1944 को जन्मे छोकर ने शिक्षा जगत में आने से पहले भारतीय रेलवे में अपना करियर शुरू किया था। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के एफएमएस से एमबीए किया और बाद में अमेरिका की लुइसियाना स्टेट यूनिवर्सिटी से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। वह 1985 में आईआईएम-अहमदाबाद से जुड़े और 2006 में अपनी सेवानिवृत्ति तक संगठनात्मक व्यवहार के क्षेत्र में अध्यापन करते रहे।



छोकर ने आईआईएम-अहमदाबाद में अपने कार्यकाल के दौरान डीन और प्रभारी निदेशक के रूप में भी कार्य किया। उनके निधन पर राजनीतिक और सार्वजनिक क्षेत्र के अनेक लोगों की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की गई।पूर्व निर्वाचन आयुक्त अशोक लवासा ने 'एक्स' पर लिखा, ''प्रोफेसर जगदीप छोकर का निधन दुखद है। उन्होंने एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स का नेतृत्व किया, जिसने चुनावी लोकतंत्र के उच्च मानकों को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके और एडीआर जैसे लोग प्राधिकारों से सवाल पूछने के लिए महत्वपूर्ण हैं, जो किसी भी लोकतंत्र के लिए एक सकारात्मक संकेत है।''

पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त एस वाई कुरैशी ने कहा, ''यह जानकर अत्यंत दुख हुआ कि एडीआर के संस्थापक प्रोफेसर जगदीप छोकर का आज सुबह निधन हो गया। स्वच्छ चुनाव और चुनावी सुधारों के लिए संघर्षरत छोकर ने अपना शरीर चिकित्सा अनुसंधान के लिए दान कर दिया। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।'' राजद सांसद मनोज कुमार झा ने छोकर के निधन को ''भारत के लोकतंत्र की अखंडता के लिए निरंतर बोलने वाली अंतरात्मा का मौन होना'' बताया।झा ने कहा, ''उनके जाने से एक शून्य पैदा हो गया है और एक विरासत छूट गई है - एक अधूरा काम जो अब लोकतंत्र की परवाह करने वाले सभी लोगों का है।''

कार्यकर्ता और चुनाव विश्लेषक योगेंद्र यादव ने छोकर को 'लोकतंत्र और जनहित का सच्चा निस्वार्थ पैरोकार' बताया, जबकि वकील प्रशांत भूषण ने उनके निधन को 'देश में लोकतंत्र के लिए एक बड़ा झटका' बताया। तृणमूल कांग्रेस सांसद सागरिका घोष ने छोकर को ''लोकतंत्र के लिए एक अथक और साहसी योद्धा'' बताया, जबकि कार्यकर्ता हर्ष मंदर ने उन्हें ''लोकतंत्र के हमारे सबसे बड़े रक्षकों में से एक'' कहा।कम्युनिस्ट नेता सुभाषिनी अली, कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ और शबनम हाशमी सहित कई अन्य लोगों ने भी छोकर के निधन पर शोक व्यक्त किया और पारदर्शिता, जवाबदेही तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी आजीवन प्रतिबद्धता की सराहना की।

# ट्रंप की कुछ आर्थिक नीतियां अमेरिका के लिए भी 'आत्मघाती': रंगराजन



**हैदराबाद, (भाषा)** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर सी रंगराजन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कुछ आर्थिक नीतियों ने वैश्विक व्यापार प्रवृत्तियों को जहां ठप कर दिया है, वहीं ये अमेरिका के लिए भी आत्मघाती साबित हो रही हैं।

रंगराजन ने यहां 'आईसीएफएआई फाउंडेशन फॉर हायर एजुकेशन' के 15वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने 'ब्रिक्स' समूह का नाम लिए बगैर कहा कि अपेक्षाकृत अधिक स्वतंत्र व्यापार वाले अलग-अलग गुटों का उभरना अपरिहार्य है, लेकिन अंतिम लक्ष्य एक ऐसा विश्व होना चाहिए जिसमें व्यापार अधिक खुला हो। उन्होंने कहा, ''आज की दुनिया बदलाव के दौर से गुजर रही है। राष्ट्रपति ट्रंप की कुछ आर्थिक नीतियों के चलते वैश्विक व्यापार लगभग ठप हो गया है।

उम्मीद है कि समझदारी से काम लिया जाएगा और अमेरिका के नीति निर्धारक यह समझेंगे कि वे जो नीतियां लागू करना चाहते हैं, वे आत्मघाती हैं। भारत इससे सबसे अधिक प्रभावित हुआ है।'' प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष रह चुके रंगराजन ने कहा कि भारत की वृद्धि असमान है क्योंकि महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, गुजरात एवं पश्चिम बंगाल का राष्ट्रीय आय में कुल 52 प्रतिशत योगदान है जबकि शेष राज्य 48 प्रतिशत योगदान करते हैं।

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि गोवा की प्रति व्यक्ति आय बिहार की तुलना में 10 गुना अधिक है।

रंगराजन ने कहा कि 18,000 अमेरिकी डॉलर की प्रति व्यक्ति आय तक पहुंचने के लिए, विभिन्न राज्यों द्वारा जरूरी सांकेतिक वृद्धि दर (भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए) चौंकाने वाली है।

पूर्व आरबीआई प्रमुख ने कहा कि प्रमुख राज्यों में अपेक्षित सांकेतिक वृद्धि दर तमिलनाडु के लिए 8.71 प्रतिशत, गुजरात के लिए 9.63 प्रतिशत, कर्नाटक के लिए 8.77 प्रतिशत और महाराष्ट्र के लिए 9.53 प्रतिशत है। वहीं दूसरी ओर, बिहार के लिए अपेक्षित वृद्धि दर 17.4 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश के लिए 14.5 प्रतिशत है।

रंगराजन ने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना केवल एक सांख्यिकीय लक्ष्य न होकर एक व्यापक परिवर्तन की यात्रा है, जिसके लिए, सरकार और समाज दोनों के सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पांच केंद्रित क्षेत्र आवश्यक हैं। इनमें निवेश दर में दो प्रतिशत की वृद्धि, नयी प्रौद्योगिकियों को अपनाना, अपेक्षाकृत श्रम-प्रधान क्षेत्रों पर ध्यान देना और स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसे सामाजिक बुनियादी ढांचे का विस्तार करना शामिल है। रंगराजन ने कहा कि हालांकि भारतीय उच्च शिक्षा की उपलब्धियों को कम करके आंकने की जरूरत नहीं है, लेकिन गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता के मामले में इस क्षेत्र को मजबूत करने की बहुत जरूरत है।

# ग्रामीण क्षेत्र में वित्तीय समावेशन में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक का बड़ा योगदान: कर्नल विनोद

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




**वाराणसी,** इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, आईपीपीबी की आठवीं वर्षगांठ बड़े ही सम्मान और उपलब्धियों के साथ मनाई और इस अवसर पर वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्ट मास्टर जनरल श्री कर्नल विनोद कुमार को आईपीपीबी के वाराणसी प्रमुख श्री शैलेश सिंह ने स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

आईपीपीबी की प्रमुख उपलब्धियाँ इस वर्ष की तारीफ़ करते हुए कर्नल विनोद ने बताया कि कुल तेरह लाख से अधिक नए खाते खोले गए, जो भारत में वित्तीय समावेशन की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि ₹207 करोड़ करंट अकाउंट सेविंग अकाउंट (कासा बैलेंस), जो ग्राहकों के भरोसे और बैंक की सेवाओं की मजबूती को दर्शाता है।

अतुल कुमार सहायक निदेशक ने बताया कि 1,30,386 ग्राहकों का मोबाइल नंबर आधार से CELC के माध्यम से लिंक किया गया, जिससे डिजिटल सेवाओं की पहुंच और आसान हुई। श्री परमानंद सहायक निदेशक ने बताया कि 293 करोड़ की डीबीटी राशि वितरित की गई जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुँचा। कर्नल विनोद ने कहा कि इन उपलब्धियों के पीछे न सिर्फ बैंक की मेहनत है, बल्कि ग्राहकों का अटूट विश्वास और सहयोग भी है। इस अवसर पर सुश्री पल्लवी ने कहा कि यह जश्न सिर्फ एक बैंक की वर्षगांठ नहीं, बल्कि एक मिशन की सफलता है जिसमें हर भारतीय को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने का जिसे आईपीपीबी साकार करने में सक्षम है। कर्नल विनोद ने कहा कि इंडिया पोस्ट अपने विश्व के सबसे बड़े नेटवर्क के साथ मिलकर भारत में वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण सहयोग करता रहेगा।

# टाटा कैपिटल का 17,000 करोड़ रुपये से अधिक का आईपीओ जल्द





नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**यमुना गौर सिटी,** राष्ट्रीय लोकदल स्थापना दिवस के अवसर पर आज गौर यमुना सिटी स्थित पार्टी कार्यालय पर मेरठ मंडल सदस्यता प्रभारी एडवोकेट श्रीमती प्रियंका अत्री के नेतृत्व में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर स्थानीय दुकानदारों को पार्टी की नीतियों से अवगत कराते हुए उन्हें राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता दिलाई गई। एडवोकेट प्रियंका अत्री का पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि सदस्यता अभियान ही पार्टी को जन-जन तक पहुँचाने का सबसे मजबूत माध्यम है।

इस कार्यक्रम में गौतमबुद्ध नगर के उपाध्यक्ष अतुल चौधरी, लक्ष्मण कुंतल, राजकुमार, दुष्यंत, ऋषभ, पुनीत, प्रमोद सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने मिलकर सदस्यता अभियान को और अधिक व्यापक बनाने का संकल्प लिया।

# राष्ट्रीय स्त्री शक्ति सम्मान-2025 से सम्मानित हुई सीमा यादव




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कॉनस्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में गंतव्य संस्थान के द्वारा देश की कई प्रतिभाशाली स्त्रियों को राष्ट्रीय स्त्री शक्ति सम्मान- 2025 एवं कई प्रतिभाशाली पुरुषों को गंतव्य राष्ट्रीय गौरव सम्मान-2025 से अलंकृत किया गया। यह सम्मान देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पुत्र सुनील शास्त्री (पूर्व सांसद एवं मंत्री), दिल्ली के पूर्व मंत्री मंगतराम सिंघल, विधायक राजकुमार भाटिया, निगम पार्षद नेहा अग्रवाल व अन्य गणमान्य विभूतियों के कर कमलों द्वारा देश के विभिन्न क्षेत्रों से आये प्रतिभावानो को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर दिल्ली की महिलाओं को जागरूक करने व समाज के लिये बेहतर कार्य करने के लिए दिल्ली की सीमा यादव को स्त्री शक्ति सम्मान 2025 से अलंकृत किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजक डॉ. अरविंद कुमार त्यागी अध्यक्ष गंतव्य संस्थान व अर्चना त्यागी रहे। इस अवसर पर कई लोगों ने सीमा यादव को शुभकामनायें प्रेषित की। मंच का संचालन कवि आशीष श्रीवास्तव ने बेहतरीन अंदाज़ में किया। इस मौके पर सीमा यादव ने गंतव्य संस्थान की पूरी टीम का धन्यवाद किया।

# जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने से अर्थव्यवस्था को गति मिलने की उम्मीद: थरूर



**सिंगापुर,(भाषा)** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने शुक्रवार को कहा कि जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने से आर्थिक और व्यावसायिक गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद है। हालांकि उन्होंने जीएसटी की एकल दर की ओर बढ़ने की जरूरत बतायी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी कई वर्षों से माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों को सरल एवं युक्तिसंगत बनाने की मांग कर रही है। थरूर ने क्रेडाई-नैटकॉन सम्मेलन के दौरान अलग से बातचीत में कहा, ''मुझे लगता है कि जीएसटी में कटौती एक बहुत ही रचनात्मक फैसला था। ईमानदारी से कहूं तो हम पिछले कुछ वर्षों से इसकी मांग कर रहे थे। मेरी पार्टी शुरू से ही जीएसटी को सरल बनाने की वकालत करती रही है।'' उन्होंने कहा, ''चार दरें रखना न केवल भ्रामक था, बल्कि अनुचित भी था।'' अब दो दरों के साथ स्थिति सरल हो गई है।

थरूर ने कहा, ''इसलिए मैं कहूंगा कि कुल मिलाकर हमें कुछ अच्छा मिला है। इससे अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन मिलेगा। हमें उम्मीद है कि इससे विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा।''कांग्रेस नेता ने कहा, ''अंततः, मुझे लगता है कि हम सभी दो दरों के बजाय एक दर देखना चाहेंगे। और यह कुछ ऐसा है जो भविष्य में कुछ समय बाद होगा। निश्चित रूप से मुझे लगता है कि हमें सरलीकरण की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।''उन्होंने बाजार में और अधिक सुधार की भी वकालत की।

थरूर ने कहा, ''हमारे समाज और अर्थव्यवस्था में एक चीज, जिसकी बहुत ज्यादा जरूरत है, वह है नियमों की संख्या को कम करना। हम दुनिया के सबसे ज्यादा नियमों वाले देश हैं। हम सिंगापुर जैसे देशों से सीख सकते हैं, जहां चीजें बहुत ज्यादा सरल और कुशल हैं।'' जीएसटी परिषद ने पिछले सप्ताह माल एवं सेवा कर के चार स्लैब की जगह दो स्लैब करने का फैसला किया। अब कर की दरें पांच और 18 प्रतिशत होंगी जबकि विलासिता एवं सिगरेट जैसी अहितकर वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू होगी।

# काकोरी ट्रेन एक्शन की शताब्दी पर चित्रकला प्रतियोगिता, छात्र-छात्राओं ने दी अद्भुत कलात्मक श्रद्धांजलि



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो, दिल्ली।

श्री विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित काकोरी ट्रेन एक्शन चित्रकला प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया"काकोरी ट्रेन ऐक्शन" स्वतंत्रता संग्राम की एक महत्वपूर्ण घटना है, जिसमें क्रांतिकारियों ने ब्रिटिश राज द्वारा भेजी जा रही सरकारी धनराशि को लूट कर ब्रिटिश सरकार को चुनौती दी थी, ताकि उस अधीनता को भेदने और विविध क्रांतिकारी गतिविधियों के लिए फंड जुटाया जा सकेसंस्था सचिव ने बताया इसमें मुख्य क्रांतिकारी थेः राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्लाह खान, राजेंद्र नाथ लाहिरी सहित कुल 10 क्रांतिकारी थे। यह घटना लोगों में यह विश्वास जगाने वाली थी कि अंग्रेज़ सरकार से सिर्फ़ शांतिपूर्ण तरीकों से नहीं, बल्कि संकल्पित क्रांतिकारी कदमों से भी लड़ाई की जा सकती है।संस्था की कोषाध्यक्ष आकांक्षा सक्सेना ने कहा कि इसमें सभी क्रांतिकारियों द्वारा मिलकर कार्य करना, उनके बलिदान ने सामाजिक एकता की भावना को मजबूत किया।काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ पर हुई चित्रकला प्रतियोगिता बिभिन्न स्कूल भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज एनकेपी इंटर कॉलेज, मदन मोहन कनोडिया इंटर कॉलेज, महादेवी वर्मा राजकीय इंटर कॉलेज, रामानंद बालिका इंटर कॉलेज, मोहन लाल शुक्ला इंटर कॉलेज, सिटी गर्ल्स इण्टर कॉलेज, सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर, सरस्वती विद्या मन्दिर श्याम नगर, सरस्वती विद्या मन्दिर फतेहगढ़, सी पी इंटरनेशनल, ज्ञानफोर्ट पब्लिक स्कूल, डी एस बी डी स्कूल, सनबीम पब्लिक स्कूल, जयपुरिया स्कूल, सी पी विद्या निकेतन कायमगंज के छात्रों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं ककोरी ट्रेन एक्शन से संबंधित चित्र बनाये।

चित्रकला प्रतियोगिता संयोजक अरविन्द दीक्षित , अखिलेश पाण्डेय, डॉ समरेंद्र शुक्ला,अर्पण शाक्य नरेंद्र मिश्रा ,अनुपम पाण्डेय, सुबोध शुक्ला, कुलभूषण श्रीवास्तव, अमन अवस्थी , बरखा , वैभव सोमवंशी,आदेश अवस्थी ने सभी विद्यालयों में व्यवस्था में सहयोग किया।

कार्यक्रम संयोजक अनुराग अग्रवाल ने बताया की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने बाले छात्रों में से प्रत्येक विद्यालय से टॉप 3 छात्रों को पुरस्कृत किया जायेगा एवं सभी छात्रों को प्रमाण पत्र दिया जायेगा।

# सेबी ने बड़ी कंपनियों के लिए आईपीओ नियमों में ढील दी, सार्वजनिक शेयरधारिता पूरा करने का समय बढ़ा




**मुंबई, (भाषा)** शेयर बाजार नियामक सेबी ने बड़ी कंपनियों के लिए आईपीओ से संबंधित नियमों में ढील देने और न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता हासिल करने की अवधि को बढ़ाने का शुक्रवार को फैसला किया। इस बदलाव का उद्देश्य बड़ी कंपनियों को छोटे आकार वाले आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के साथ सूचीबद्धता की अनुमति देना और उनमें सार्वजनिक हिस्सेदारी को क्रमिक रूप से बढ़ाना है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के निदेशक मंडल की बैठक में आईपीओ नियमों से संबंधित नई व्यवस्था को मंजूरी दी गई। इसके मुताबिक, 50,000 करोड़ से एक लाख करोड़ रुपये के पूंजीकरण वाली कंपनियों को आईपीओ में अब आठ प्रतिशत इक्विटी जारी करनी होगी, जबकि पहले यह सीमा 10 प्रतिशत थी। इसके साथ ही न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता (एमपीएस) के 25 प्रतिशत लक्ष्य को पाने की अवधि तीन साल से बढ़ाकर पांच साल कर दी गई है।

एक लाख करोड़ रुपये से अधिक पूंजीकरण वाली कंपनियों के लिए अनिवार्य प्रस्ताव 2.75 प्रतिशत इक्विटी निर्गम का है जबकि पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक की कंपनियों के लिए यह अनुपात 2.5 प्रतिशत होगा। इन बड़ी कंपनियों को एमपीएस लक्ष्य हासिल करने के लिए अब 10 साल का समय मिलेगा। इस बदलाव से रिलायंस जियो इन्फोकॉम और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज जैसे बड़े आकार वाले आईपीओ को भी फायदा मिलने की उम्मीद है।

सेबी ने कहा कि इस बदलाव से बड़ी कंपनियों को अपने शेयर धीरे-धीरे सार्वजनिक करने की सुविधा मिलेगी और अचानक हिस्सेदारी घटाने का दबाव नहीं पड़ेगा। इसके अलावा यह उपाय बड़े आईपीओ की तरलता बनाए रखने और निवेशकों के हित की रक्षा करने में भी मदद करेगा। सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बैठक खत्म होने के बाद कहा, ₹सूचीबद्ध होने के बाद एमपीएस हासिल करने तक हिस्सेदारी में नियमित कटौती होने से शेयरों के भाव पर असर पड़ सकता है। इसीलिए एमपीएस की समयसीमा को लंबी अवधि में पूरा करने की अनुमति दी जा रही है। पांडेय ने कहा, ₹प्रस्तावित एमपीओ (न्यूनतम सार्वजनिक निर्गम) नियमों के तहत कंपनियों को यह अनुमति होनी चाहिए कि वे कम शुरआती सार्वजनिक हिस्सेदारी के साथ सूचीबद्धता कर सकें। इसलिए उन्हें 25 प्रतिशत सार्वजनिक हिस्सेदारी के लिए लंबी अवधि दी जानी जरूरी है ताकि वे धीरे-धीरे अपने शेयर सार्वजनिक कर सकें।

एंकर निवेशकों के शेयर आवंटन ढांचे में भी बदलाव किए गए हैं। अब 250 करोड़ रुपये से अधिक के एंकर हिस्से के लिए निवेशकों की संख्या 10 से बढ़ाकर 15 कर दी गई है। कुल एंकर निवेश के लिए आरक्षित हिस्सा अब 40 प्रतिशत होगा, जिसमें एक-तिहाई हिस्सा घरेलू म्यूचुअल फंड के लिए और बाकी जीवन बीमा कंपनियों एवं पेंशन कोष के लिए रहेगा। यदि बीमा एवं पेंशन फंड के लिए आरक्षित सात प्रतिशत हिस्सा नहीं भरा जाता है, तो उसे म्यूचुअल फंड को आवंटित कर दिया जाएगा। सेबी ने कहा कि इन बदलावों से बड़े विदेशी और घरेलू संस्थागत निवेशकों की भागीदारी बढ़ेगी, एंकर बुक अधिक विविध और विश्वसनीय बनेगी और वैश्विक मानकों के अनुरूप बाजार में स्थिरता आएगी। यह सुधार लंबी अवधि के निवेशकों के लिए संरचनात्मक और भरोसेमंद अवसर भी प्रदान करेगा।

# वैश्यकुल की प्रथम कार्यकारिणी की बैठक सम्पन, निशुल्क छात्रावास खोले जाएंगे

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

वैश्यकुल की प्रथम कार्यकारिणी की बैठक वेस्टर्न कोर्ट जनपथ दिल्ली मे श्री विष्णु मित्तल जी (महामंत्री भाजपा दिल्ली) एवं श्री अरविन्द गर्ग जी (अध्यक्ष भाजपा चाँदनी चौक जिला) के मार्गदर्शन मे एवं श्री अशोक अग्रवाल जी की अध्यक्षता मे आयोजित की गई।

राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री गिरीश मित्तल ने बताया की बैठक की शुरुआत हनुमान चालीसा से की गई, बैठक मे उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने अपना परिचय दिया तत्पश्चात सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया एवं उन्हे नियुक्ति पत्र सोपें गए।

नव नियुक्त पद अधिकारी मे महामंत्री श्री अमित गोयल, श्री पवन सिंघल एवं श्री सतेन्द्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्री राजेश जैन, दिल्ली प्रदेश महिला अध्यक्ष श्रीमती अपर्णा गोयल, दिल्ली प्रदेश युवा अध्यक्ष



अंकुर गोयल, उपाध्यक्ष श्री यतेंद्र गुप्ता, बलराम बिंदल, निधि गुप्ता, जय किशन गोयल, नील कमल गुप्ता, अनिल मित्तल, श्री भगवान बंसल, एवं सुभाष गोयल, मंत्री कुसुम बंसल, प्रदीप भैया, ऋतु गोयल, दीपक मित्तल, हरेंदेर सिंघल एवं आनंद जैन गर्ग,कार्यकारिणी सदस्य श्री सुरेश अग्रवाल, सुमन गुप्ता, तिलक राम गुप्ता, हरीदेश अग्रवाल, वरुण जैन एवं रवि गुप्ता, मीडिया प्रभारी अंकित मित्तल, राहुल जैन एवं राकेश गुप्ता, नई दिल्ली जिला संयोजक मनीष अग्रवाल, करोल बाग जिला संयोजक राजेश गोयल, चाँदनी चौक जिला संयोजक मदन अग्रवाल, केशवपुरम जिला संयोजक नरेंदेर गुप्ता, नजफ़गढ़ जिला संयोजक जगदीश बंसल, पश्चिमी दिल्ली जिला संयोजक राम निवास मित्तल, दक्षिण दिल्ली जिला संयोजक राजपाल सिंघल एवं राजेन्द्र अग्रवाल, महरोली जिला संयोजक पुष्प कुमार अग्रवाल, शाहदरा जिला संयोजक अशोक सिंघल, नवीन शाहदरा जिला संयोजक सतीश गर्ग, उत्तर पूर्वी जिला संयोजक डॉ अनिल गुप्ता, उत्तर पश्चिमी जिला संयोजक जगदीश बंसल एवं बाहरी दिल्ली जिला संयोजक नीरज अनेश जैन की घोषणा की गई। गिरीश मित्तल ने बताया की बैठक मे कार्यक्रमों पर चर्चा हुई जिसमे महाराजा अग्रसेन जयंती मनाने पर सहमति हुई, ऑक्टूबेर माह मे कार्यकारिणी सदस्यों की अग्रोहा धाम यात्रा का आयोजन किया जाएगा। सभी पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार साझा किए और दिल्ली मे आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए निशुल्क छात्रावास खोला जाएगा। सभी वैश्य IAS अधिकारियों को संस्था से जोड़ा जाएगा जिसके लिए श्री भगवान बंसल जी को जिम्मेदारी सोपी गई। अंत मे अशोक अग्रवाल जी ने सभी आये हुए पदअधिकारियों का आभार किया।

# हमारे पुराने ग्रंथों की पोटेंसी बहुत अधिक है: विनोबा भावे



आजकल मामूली पढ़ा लिखा युवक भी उत्तम बढ़ई को बेबकूफ समझता है। वह पूछता है कि तुम्हारी मजदूरी क्या होगी? आपकी मजदूरी नहीं पूंछ सकता। इतना ज्ञानी कारीगर जो देश की सेवा करता है,और अनुभवी पुरुष है,लेकिन वह पढ़ना लिखना नहीं जानता इसलिए उसे छोटा भी तू कहता है।

बाबा मुहम्मद पैगंबर की एक कहानी बताते थे कि एक दफा वे ध्यान समाधि में बैठे थे। वे ईश्वर का दर्शन चाहते थे,तो ईश्वर ने उन्हें एक पत्र लिखकर दिया। मुहम्मद साहब पढ़ना लिखना नहीं जानते थे,इसलिए उन्होंने परमेश्वर से प्रार्थना की कि मैं अपढ़ मनुष्य हूं,इसलिए मुझे आपके दर्शन चाहिए। फिर ईश्वर ने स्वयं आकर दर्शन दिए। इसके बाद मुहम्मद साहब लोगों को यह कहानी सुनाकर कहते थे कि अगर मैं पढ़ा लिखा होता,तो मुझे ईश्वर का दर्शन नहीं मिलता,सिर्फ ईश्वर का पत्र ही देखने को मिलता। किसान खेती में खुद मेहनत करते हैं,अच्छी तरह हल चलाकर खेतों को तैयार करते हैं, उस पर सूर्यनारायण की धूप पड़ती है और फिर जब बारिश गिरती है तब भगवान साक्षात दर्शन के लिए ही नहीं,बल्कि स्पर्श के लिए आते हैं ऐसा उनको भास होता है।

यह दर्शन जिन्हें नहीं होता है वे शिक्षित कहलाते हैं। बाबा कहते थे कि साक्षरता बढ़ाने की दृष्टि से बुजुर्गों को भी प्रौढ़ शिक्षा से आच्छादित किया जाता है। यह संख्या सरकार के काम तो आ सकती है लेकिन प्रौढ़ के जीवन में कम लाभ दे पाएगी। बाबा कहते थे कि आज हमको आध्यात्मिक ग्रंथों की मदद लेनी चाहिए। लेकिन



आजकल लोगों में सेकुलरिज्म के नाम से एक गलत विचार पैठ गया है। सेक्युलरिज्म का अर्थ वास्तव में,गांधीजी की भाषा में सर्वधर्म समभाव है।परन्तु हमने उसे समझ लिया है सर्व_ धर्म_ सम_ अभाव। इसका परिणाम यह हुआ कि समाज में आध्यात्मिक ग्रंथों से हम विद्यार्थियों को स्पर्श ही नहीं होने देते हैं।

एक बार बाबा से किसी ने कहा था कि आप विष्णुसहस्त्रनाम रोज पढ़ते हैं,आप ।तो संस्कृत के अच्छे ज्ञाता भी हैं, आप ही विष्णुसहस्त्रनाम नया क्यों नहीं बनाते ? बाबा ने कहा कि हम नया बनाने बैठूं तो निसंदेह साहित्यिक दृष्टि से अच्छा ही होगा _ क्योंकि नया पुराना अनुभव भी उसमें जुड़ेगा ही लेकिन यह पुराना विष्णुसहस्त्रनाम पांच हजार साल से घोटा हुआ है।इस वास्ते उसकी पोटेंसी बढ़ गयी है। वह असम से सौराष्ट्र तक पहुंचा है। जो पोटेंसी इसकी है वह अन्य ग्रंथों की नहीं होगी। इसलिए पुराने ग्रंथों का स्पर्श विद्यार्थियों को होना चाहिए। बाबा दूसरी बात कहते थे कि कालपुरुष परीक्षा करता है। जो उत्तम है वही उसकी परीक्षा में टिकता है। ऐसी परीक्षा वेद की हो गई। दस बारह हजार साल से इसलिए वह टिका है। आज हमारे जो ग्रन्थ हैं क्या वे सौ ।साल टिक पाएंगे? बाबा बताए कि लोकमान्य तिलक का केसरी बाबा बचपन में देखते थे उसकी प्रतीक्षा रहती थी। लेकिन बाद में उतना महत्व नहीं रहा। तिलक जी का नाम गीता रहस्य के कारण प्रख्यात है। वही गांधीजी के साथ कितने अखबार छापते थे सभी में उनके लेख आते ही थे। क्या सौ साल बाद उन्हें कोई पढ़ेगा?

बहुत सा कालबाह्य हो जाएगा। इसलिए बाबा कहते थे कि जिन ग्रंथों की काल ने परीक्षा की और जो ग्रंथ हजार पांच हजार दस हजार साल की परीक्षा में बचे हैं,जिनकी परीक्षा हो चुकी है,उन ग्रंथों की हमको मदद लेनी चाहिए। यह ठीक है कि कुछ ग्रंथों में ऐसी कुछ चीजें हैं,जो इस जमाने के ख्याल से आउट डेटेड अर्थात काल बाह्य हैं। तो उनका अंश निकलना होगा। ऐसी कोशिश बाबा ने की है।बाबा ने कई धर्मग्रंथों का अंश निकालकर लोगों के सामने रखा है। जैसे कुरान_सार , है,ख्रीस्तधर्म_ सार है भागवत_ धर्म सार है, मनुशासनम है, उसमें पुराने ग्रंथों के गलत विचारों से हम बचेंगे और जो अच्छे विचार है, उसको हम ग्रहण करेंगे।

# न्यायालय ने दिव्यांगजनों के प्रति भेदभाव को लेकर चिंता जताई

नयी दिल्ली, (भाषा) रोजगार में दिव्यांगजनों के प्रति भेदभाव का उल्लेख करते हुए उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को केंद्र से सवाल किया कि क्या अनारक्षित श्रेणी के लिए निर्धारित 'कट-ऑफ' से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी उम्मीदवारों को ''आगे बढ़ाने'' के लिए उपाय किये गए हैं।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने दिव्यांगजनों के समक्ष पेश आने वाली प्रणालीगत बाधाओं को दूर करने और वैधानिक सुरक्षा उपायों के प्रवर्तन को सुनिश्चित करने के लिए न्यायिक हस्तक्षेप के अनुरोध वाली याचिकाओं पर यह टिप्पणी की।

पीठ ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम (आरपीडब्ल्यूडी), 2016 के तहत आरक्षण के पहलू पर विचार किया और कहा कि अधिनियम की धारा 34 के तहत 'आरक्षण'' की सकारात्मक व्याख्या करना अनिवार्य है।

अधिनियम की धारा 34 दिव्यांगजनों के लिए रोजगार में आरक्षण से संबंधित है।

पीठ ने दिव्यांग व्यक्तियों के लिए आरक्षण के एक महत्वपूर्ण पहलू का उल्लेख किया और कहा कि सामाजिक व्यवस्था के परिणामस्वरूप भेदभाव का सामना करने वाले लोगों के मुकाबले दिव्यांगजनों को कहीं अधिक भेदभाव का सामना करना पड़ता है।

पीठ ने अपने 65 पृष्ठों के फैसले में कहा कि दिव्यांगजन संविधान के अनुच्छेद 16(4) के तहत सामाजिक आरक्षण के हकदार हैं, जो आरक्षित श्रेणी के व्यक्ति द्वारा मूल्यांकन प्रक्रिया में अच्छा प्रदर्शन करने और अनारक्षित श्रेणी के कट-ऑफ से ऊपर मेधा में आने पर उन्हें ऊपर बढ़ाने का प्रावधान करता है।



पीठ ने कहा कि ऐसा मेधावी उम्मीदवार स्वतः ही अनारक्षित श्रेणी में चला जाएगा, जिससे आरक्षित सीट खाली रह जाएगी और यह मूल्यांकन प्रक्रिया में कम अंक पाने वाले आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार को मिल जाएगी।

न्यायालय ने कहा, ''हालांकि, हमें सूचित किया गया है और यह गंभीर चिंता का विषय है कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के तहत संरक्षित दिव्यांगजनों के साथ ऐसा व्यवहार नहीं किया जाता है, जो योग्यता में उच्च स्थान पर होने के बावजूद, इस तरह से ऊपर बढ़ने से वंचित रह जाते हैं।'' पीठ ने कहा कि यह अधिनियम की धारा 34 के तहत आरक्षण के मूल उद्देश्य को ही विफल करता है और ''दिव्यांगजनों के प्रति भेदभाव का एक ज्वलंत उदाहरण है और इसमें तत्काल सुधार की आवश्यकता है।''

पीठ ने कहा कि ऊर्ध्वगामी संचलन के सिद्धांत के अनुसार, सामान्य 'कट-ऑफ' से अधिक अंक प्राप्त करने वाले आरक्षित श्रेणी के मेधावी उम्मीदवार को अनारक्षित सूची में स्थानांतरित किया जाना चाहिए। न्यायालय ने कहा कि दुर्भाग्य से, दिव्यांगजनों को वर्तमान में यह लाभ नहीं दिया जा रहा है।

पीठ ने कहा, ''इन बातों को ध्यान में रखते हुए, हम भारत सरकार द्वारा यह स्पष्ट किया जाना उचित समझते हैं कि यदि ऐसा अभ्यर्थी अनारक्षित श्रेणी के लिए निर्धारित कट-ऑफ से अधिक अंक प्राप्त करता है तो दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद/पदों के लिए आवेदन करने वाले मेधावी अभ्यर्थियों को आगे बढ़ाने के लिए क्या उपयुक्त उपाय किए गए हैं।''

पीठ ने कहा कि यही सिद्धांत पदोन्नति पर भी लागू होना चाहिए।

न्यायालय ने कहा कि इस तरह के विचार को इस व्यापक उद्देश्य से निर्देशित किया जाना चाहिए कि आरक्षण का वास्तविक और आवश्यक लाभ सबसे अधिक जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी दिव्यांग व्यक्ति को केवल गरीबी और पहुंच की कमी के कारण पद के लिए उसके सही दावे से वंचित न किया जाए।

पीठ ने कहा, ''इस तरह की कार्रवाई समानता, गरिमा और समावेशिता के संवैधानिक वादे को ध्यान में रखते हुए की जानी चाहिए और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि आरक्षण का लाभ न तो कम किया जाए और न ही उन लोगों को वंचित किया जाए जिन्हें वास्तव में इसकी आवश्यकता है।''

शीर्ष अदालत ने केंद्र से 14 अक्टूबर तक अपने प्रश्न का उत्तर देने को कहा।

न्यायालय ने आठ राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों के 'प्रोजेक्ट एबिलिटी एम्पावरमेंट' की एक विस्तृत समेकित रिपोर्ट छह महीने के भीतर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया, जिसमें प्रणालीगत सुधारों और समुदाय-आधारित विकल्पों की ओर बढ़ने के लिए कार्रवाई योग्य सिफारिशें शामिल हों।

न्यायालय ने 'प्रोजेक्ट एबिलिटी एम्पावरमेंट' के तहत राज्य संचालित सभी संज्ञानात्मक दिव्यांग देखभाल संस्थानों की राष्ट्रव्यापी निगरानी का भी निर्देश दिया।

पीठ ने मामले की सुनवाई 13 मार्च 2026 के लिए स्थगित कर दी।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में दिल्ली में रक्तदान शिविर, सेवा संकल्प वॉक का आयोजन

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में दिन भर चलने वाले कार्यक्रमों का नेतृत्व करेंगी, जिसकी शुरुआत कर्तव्य पथ पर आयोजित रक्तदान शिविर से होगी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इसके अलावा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह त्यागराज स्टेडियम में आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम में 15 विकास परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि सुबह के कार्यक्रम 'थैंक यू मोदी जी' के तहत रक्तदान शिविर के अलावा एक प्रदर्शनी और 'सेवा संकल्प वॉक' का आयोजन किया जाएगा। इंडिया गेट के पास लगने वाले इस शिविर का लक्ष्य 1,000 यूनिट रक्त एकत्र करना है, जो एक नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा। यह प्रदर्शनी दिल्ली में मोदी सरकार की विकास संबंधी पहलों पर आधारित होगी। केंद्रीय गृह मंत्री 17 सितंबर की शाम को 101 आयुष्मान आरोग्य मंदिर और पांच अस्पताल ब्लॉक सहित अन्य



परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। ये परियोजनाएं 75 विभिन्न विकास और कल्याण कार्यक्रमों का हिस्सा हैं, जिन्हें 17 सितंबर से दो अक्टूबर (गांधी जयंती) तक चलने वाले सेवा पखवाड़े के दौरान शुरू किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इसके अलावा शाह 30 सितंबर को ओखला में दिल्ली जल बोर्ड की 3,660 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे।

मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा कि 'सेवा पखवाड़ा' राजधानी को वास्तव में 'विकसित दिल्ली' बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि इस अवधि के दौरान करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं, जिनका मूल मकसद दिल्ली में समाज के हर वर्ग तक पहुंचने पर है।

गुप्ता ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी सरकार इस पहल को सफल बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है और उन्होंने कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर काम कर रही हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि शहर भर के लोग इस उत्सव का हिस्सा बनें। उन्होंने यह भी बताया कि वे वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में हैं ताकि परियोजनाएं समय पर पूरी हो सकें। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में महत्वपूर्ण परियोजनाओं और योजनाओं की एक साथ घोषणा की जा रही है तथा उनके कार्यान्वयन के लिए पहले से ही एक स्पष्ट और विस्तृत खाका तैयार किया गया है।

# कांग्रेस का दशकों से हो रहा है पतन, राहुल का 'वोट चोरी' का आरोप निराधार: भाजपा

नयी दिल्ली, (भाषा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को भारत के चुनावी इतिहास से जुड़े कुछ आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि राहुल गांधी का ''वोट चोरी'' का आरोप बेबुनियाद है और 1984 के बाद से ही कांग्रेस के चुनावी प्रदर्शन में लगातार गिरावट आई है।

वर्ष 1984 में कांग्रेस ने आखिरी बार लोकसभा में बहुमत हासिल किया था और 2014 में सत्ता में रहते हुए यह सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई थी। भाजपा नेता जी.वी.एल. नरसिम्हा राव ने एक बयान में कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता का मानना है कि कांग्रेस का पतन 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद ही शुरू हुआ, जबकि यह पहले ही शुरू हो गया था।



उन्होंने कहा, ''सच तो यह है कि कांग्रेस 1984 में अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बाद से लगातार गिरावट की ओर बढ़ रही है। 1984 में राजीव गांधी ने 48 प्रतिशत से ज़्यादा वोट शेयर और 543 लोकसभा सीटों में से 414 सीटों के साथ भारी जीत हासिल की थी। इसके बाद के तीन दशकों में जनसमर्थन में गिरावट के बाद, 2014 में इसका अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन दर्ज किया गया, जब इसने 19.5 प्रतिशत वोट शेयर के साथ 543 में से सिर्फ़ 44 सीटें जीतीं।''

राव के अनुसार, राहुल गांधी का यह कोई तर्क नहीं हो सकता कि 2014 से पहले निर्वाचन आयोग कांग्रेस के ख़िलाफ़ साज़िश रच रहा था और भाजपा के लिए काम कर रहा था, क्योंकि उस समय मनमोहन सिंह कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार का नेतृत्व कर रहे थे।

उनका कहना है कि कांग्रेस पार्टी का पतन 1989 से शुरू हुआ और 2014 तक जारी रहा। उन्होंने कई लोकसभा चुनावों के राष्ट्रीय और कई राज्यों के आंकड़ों का हवाला दिया।

राव ने कहा, ''जनता का ध्यान खींचने के लिए राहुल गांधी दावा कर रहे हैं कि उनके खुलासे 'एटम बम' या 'हाइड्रोजन बम' जितनी राजनीतिक शक्ति रखते हैं और मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा को नष्ट कर देंगे। पिछले चुनावों के रुझानों के विश्लेषण से पता चलता है कि उनके दावे बेबुनियाद हैं।''

उन्होंने 1984 से उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव और मायावती, पश्चिम बंगाल में ज्योति बसु और ममता बनर्जी, महाराष्ट्र में शरद पवार, बिहार में लालू प्रसाद और तमिलनाडु में एम करुणानिधि और एम के स्टालिन जैसे कई क्षेत्रीय नेताओं द्वारा कांग्रेस को दिए गए झटकों का हवाला देते हुए पूछा कि क्या गांधी इन नेताओं को ''वोट

## रेलवे बोर्ड के सदस्य ब्रज मोहन अग्रवाल को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति

नयी दिल्ली, (भाषा) रेलवे बोर्ड ने अपने चार सदस्यों में से एक ब्रज मोहन अग्रवाल को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति प्रदान की है जो 'ट्रैक्शन' और 'रोलिंग स्टॉक' की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (आईआरएमएस) के अधिकारी अग्रवाल ने 24 सितंबर से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए आवेदन किया था, जिसे बोर्ड ने स्वीकार कर लिया।

इस महीने 10 सितंबर को जारी एक आदेश मे कहा गया है, ''श्री ब्रज मोहन अग्रवाल, आईआरएमएस, सदस्य (ट्रैक्शन और रोलिंग स्टॉक), रेलवे बोर्ड (जन्मतिथिः 16 अप्रैल, 1966) द्वारा स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए दिनांक आठ सितंबर, 2025 को प्रस्तुत उनके आवेदन पर विचार किया गया और राष्ट्रपति के अनुमोदन से 24 सितंबर, 2025 से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के उनके अनुरोध को स्वीकार करने का निर्णय लिया गया है...।''

# भर्ती परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों के सोशल मीडिया विश्लेषण पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी: एसएससी

नयी दिल्ली, (भाषा) कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने कहा है कि सरकारी नौकरियों के लिए उसके द्वारा आयोजित की जाने वाली भर्ती परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों का सोशल मीडिया पर ''विश्लेषण'' किया गया तो कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

एक नोटिस में कहा गया है कि सार्वजनिक परीक्षा (कदाचार की रोकथाम) अधिनियम, 2024 (पीईए अधिनियम, 2024) के प्रावधानों के तहत ऐसी सभी गतिविधियां सख्त वर्जित हैं।

एसएससी ने अपने नोटिस में अधिनियम के उन प्रावधानों का हवाला दिया, जिनमें जुर्माना और जेल की सजा सहित दंड का प्रावधान है।

नोटिस में कहा गया है, ''आयोग के संज्ञान में आया है कि कुछ व्यक्ति कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित/जारी परीक्षाओं के प्रश्न पत्रों की सामग्री पर सोशल मीडिया पर चर्चा, विश्लेषण या प्रसार कर रहे हैं।''

इसमें कहा गया है कि ऐसे में, सभी सामग्री (कंटेंट) निर्माताओं, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और व्यक्तियों को आगाह किया जाता है कि वे एसएससी परीक्षा के प्रश्नपत्रों या उनकी सामग्री पर चर्चा, विश्लेषण या प्रसार में किसी भी तरह से शामिल न हों।

एसएससी ने 8 सितंबर के नोटिस में कहा, ''किसी भी उल्लंघन पर पीईए अधिनियम, 2024 के उपरोक्त प्रावधानों के अलावा, अन्य लागू कानूनों के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।''

आयोग सभी उम्मीदवारों और हितधारकों से परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने में सहयोग करने और ऐसी प्रतिबंधित सामग्री से जुड़ने या उसे बढ़ावा देने से परहेज करने की अपील करता है।

पीईए अधिनियम की धारा 9 का हवाला देते हुए, आयोग ने कहा कि इसके तहत सभी अपराध ''संज्ञेय, गैर-जमानती और गंभीर आपराधिक कृत्य'' हैं।

एसएससी ने कहा कि उक्त अधिनियम की धारा 10 में, इस तरह के अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के लिए 3 से 5 साल की कैद और 10 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है, जबकि संगठित अपराध के लिए यह अवधि 5 से 10 साल की है और जुर्माने की राशि 1 करोड़ रुपये से कम नहीं होगी।

इस धारा में, सेवा प्रदाताओं/संस्थानों द्वारा अपराध किए जाने की स्थिति में 1 करोड़ रुपये तक के जुर्माने, भविष्य की परीक्षाओं से अयोग्य घोषित करने और लागत वसूलने का प्रावधान है।

आयोग ने कहा कि अधिनियम की धारा 3 बिना अधिकार के प्रश्न पत्रों, उत्तर कुंजियों या उसके किसी भी भाग के लीक होने, सामने आने, पहुंच, रखने या प्रसार पर रोक लगाती है।

एसएससी केंद्र सरकार की सबसे बड़ी भर्ती एजेंसियों में से एक है, जिसका प्राथमिक कार्य विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में अराजपत्रित पदों के लिए चयन करना है।

# न्यायालय राजनीतिक दलों के विनियमन के लिए नियम बनाने संबंधी निर्देश की याचिका पर सुनवाई करेगा

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उस याचिका पर विचार करने पर सहमति व्यक्त की, जिसमें भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को राजनीतिक दलों के पंजीकरण और विनियमन के लिए नियम बनाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है ताकि धर्मनिरपेक्षता, पारदर्शिता और राजनीतिक न्याय को बढ़ावा दिया जा सके।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर याचिका पर केंद्र, निर्वाचन आयोग और भारतीय विधि आयोग को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति कांत ने नोटिस जारी करने की इच्छा जताते हुए यह संकेत दिया कि याचिका में किसी भी राजनीतिक दल को पक्षकार नहीं बनाया गया है।

पीठ ने उपाध्याय से कहा, ''वे (दल) कहेंगे कि आप उनके विनियमन की बात कर रहे हैं, जबकि वे यहां उपस्थित ही नहीं थे।''

इसके साथ ही न्यायालय ने उन्हें निर्देश दिया कि चुनाव आयोग के साथ पंजीकृत सभी राष्ट्रीय दलों को याचिका में पक्षकार बनाया जाए।

उपाध्याय की याचिका में आरोप लगाया गया है कि ''फर्जी राजनीतिक दल'' न केवल लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं, बल्कि कुख्यात अपराधियों, अपहरणकर्ताओं, मादक पदार्थ तस्करों और धन शोधन करने वालों से भारी रकम लेकर उन्हें राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर पदाधिकारी नियुक्त करके देश की छवि को भी खराब करते हैं।

याचिका में कहा गया है, ''राजनीतिक दलों के लिए कोई नियम-कानून नहीं हैं। इसलिए, कई अलगाववादियों ने चंदा इकट्ठा करने के लिए अपनी राजनीतिक पार्टी बना ली है। इन दलों के कुछ पदाधिकारी पुलिस सुरक्षा पाने में भी कामयाब रहे हैं।''

## रेलवे बोर्ड के सदस्य ब्रज मोहन अग्रवाल को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति

नयी दिल्ली, (भाषा) रेलवे बोर्ड ने अपने चार सदस्यों में से एक ब्रज मोहन अग्रवाल को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति प्रदान की है जो 'ट्रैक्शन' और 'रोलिंग स्टॉक' की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (आईआरएमएस) के अधिकारी अग्रवाल ने 24 सितंबर से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए आवेदन किया था, जिसे बोर्ड ने स्वीकार कर लिया।

इस महीने 10 सितंबर को जारी एक आदेश मे कहा गया है, ''श्री ब्रज मोहन अग्रवाल, आईआरएमएस, सदस्य (ट्रैक्शन और रोलिंग स्टॉक), रेलवे बोर्ड (जन्मतिथिः 16 अप्रैल, 1966) द्वारा स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए दिनांक आठ सितंबर, 2025 को प्रस्तुत उनके आवेदन पर विचार किया गया और राष्ट्रपति के अनुमोदन से 24 सितंबर, 2025 से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के उनके अनुरोध को स्वीकार करने का निर्णय लिया गया है...।'' अग्रवाल को अक्टूबर 2024 में रेलवे बोर्ड में महानिदेशक (सुरक्षा) के पद से सदस्य (ट्रैक्शन और रोलिंग स्टॉक) के पद पर पदोन्नत किया गया था।

# पटाखों पर प्रतिबंध एनसीआर में ही क्यों? पूरे देश के नागरिक स्वच्छ हवा के हकदार: न्यायालय

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में पटाखों पर प्रतिबंध को चुनिंदा तरीके से लागू करने पर सवाल उठाया और कहा कि अगर स्वच्छ हवा राष्ट्रीय राजधानी के 'कुलीन' निवासियों का अधिकार है, तो यह पूरे देश के नागरिकों को भी मिलना चाहिए।

प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पटाखों के विनियमन से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''अगर एनसीआर के शहर स्वच्छ हवा के हकदार हैं, तो दूसरे शहरों के लोग क्यों नहीं ?... जो भी नीति होनी चाहिए, वह अखिल भारतीय स्तर पर होनी चाहिए। हम केवल इसलिए दिल्ली के लिए नीति नहीं बना सकते कि वे देश के कुलीन नागरिक हैं।''



उन्होंने कहा, ''मैं पिछली सर्दियों में अमृतसर में था और वहां प्रदूषण दिल्ली से भी बदतर था। अगर पटाखों पर प्रतिबंध लगाना है, तो उन्हें पूरे देश में प्रतिबंधित किया जाना चाहिए।''

न्याय मित्र, वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह ने कहा, ''कुलीन वर्ग अपना ख्याल खुद रखता है। प्रदूषण होने पर वे दिल्ली से बाहर चले जाते हैं।''

पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग से इस मुद्दे पर एक विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त करने को कहा।

## प्रधानमंत्री की मणिपुर यात्रा शांति को बढ़ावा देने के बजाय तमाशा साबित होगी: कांग्रेस

नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मणिपुर में ''तीन घंटे की यात्रा'' शांति प्रयायों को बढ़ावा देने के बजाय तमाशा साबित होने जा रही है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''तो अब ये आधिकारिक हो गया है। प्रधानमंत्री कल मणिपुर में तीन घंटे से भी कम समय बिताएंगे। यह यात्रा शांति और सद्भाव को ताकत प्रदान करने के बजाय, वास्तव में एक तमाशा साबित होगी।''

प्रधानमंत्री मोदी के मणिपुर दौरे की पहली आधिकारिक पुष्टि करते हुए मुख्य सचिव पुनीत कुमार गोयल ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री 13 सितंबर को राज्य में 8,500 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने आएंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मिजोरम से चुराचांदपुर पहुंचेंगे और फिर इंफाल जाएंगे।--

# वकीलों के संघ ने काठमांडू में नेपाल के उच्चतम न्यायालय परिसर में हुए हमलों को लेकर दुख व्यक्त किया

नयी दिल्ली, (भाषा) 'सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन' (एससीएओआरए) ने काठमांडू में नेपाल की न्यायपालिका पर हुए हिंसक हमलों को लेकर शुक्रवार को गहरा दुख व्यक्त किया।

प्रदर्शनकारियों ने काठमांडू में उच्चतम न्यायालय परिसर के एक हिस्से में आग लगा दी थी।

अधिवक्ता विपिन नायर की अध्यक्षता में एससीएओआरए ने कड़े शब्दों वाला प्रस्ताव जारी करते हुए कहा, ''जहाँ एक ओर लोगों की चिंताओं का समाधान सरकार द्वारा संवाद और लोकतांत्रिक तरीकों से किया जाना चाहिए, वहीं नेपाल की सर्वोच्च न्यायिक संस्था — जो कानून के शासन की प्रतीक और रक्षक है — उसपर इस प्रकार का हमला किया जाना अत्यंत निंदनीय है।''

एसोसिएशन के सचिव निखिल जैन द्वारा जारी बयान में नेपाल के अटार्नी जनरल कार्यालय सहित उच्चतम न्यायालय परिसर में आगजनी की घटना पर ''गहरा दुख'' व्यक्त किया गया। आगजनी की इस घटना के परिणामस्वरूप ''दशकों पुराने न्यायिक रिकॉर्ड नष्ट हो गए।''



एससीएओआरए ने इस कठिन समय में नेपाल की शीर्ष अदालत के न्यायाधीशों, बार एसोसिएशन, कर्मचारियों और नागरिकों के साथ एकजुटता से खड़े रहने का आश्वासन दिया।

बयान में कहा गया है, ''हम, सभी की सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रार्थना करते हैं और जल्द से जल्द शांति बहाल होने की कामना करते हैं। हमें विश्वास है कि नेपाल के लोग इस विपत्ति से और भी मजबूत होकर उभरेंगे।''

नेपाल की शीर्ष अदालत में आगजनी देश में अभूतपूर्व अशांति के बीच हुई है, जो प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली के इस्तीफे के बावजूद जारी रही।

देश के संसद भवन, राष्ट्रपति कार्यालय और प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास पर भी हमले हुए थे।

# भारत के साथ साझेदारी से वैश्विक जलवायु लक्ष्यों को बढ़ावा मिल सकता है : नॉर्वे सरकार के अधिकारी

नयी दिल्ली, (भाषा) नॉर्वे सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नॉर्वे और भारत जलवायु परिवर्तन से निपटने के वास्ते मजबूत महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रभावी ढंग से सहयोग कर सकते हैं, भले ही दोनों देश दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में स्थित हों।

'पीटीआई-वीडियो' के साथ एक साक्षात्कार में नॉर्वे के जलवायु एवं पर्यावरण मंत्रालय के महासचिव टॉम राधल ने कहा कि पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान के मामले में नॉर्वे और भारत के लक्ष्य समान हैं तथा दोनों देशों के लिए सरकार से सरकार के बीच सहयोग महत्वपूर्ण है।

भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आए राधल ने कहा, ''सबसे पहले, भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग आज की दुनिया में बहुत महत्वपूर्ण है, जो कुछ साल पहले की तुलना में थोड़ा 'अस्थिर' है। इसका मतलब है कि एक छोटा यूरोपीय देश और एक बड़ा एशियाई देश पर्यावरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहलुओं पर एक साथ बातचीत कर सकते हैं।'' उन्होंने कहा, ''दूसरी बात, भारत की हमारी यात्रा ने हमें दिखाया है कि ठोस परियोजनाओं के मामले में हमारा सहयोग अच्छी तरह से काम करता है, तथा सरकार से सरकार के बीच सहयोग बहुत महत्वपूर्ण है।''



राधल ने कहा कि नॉर्वे और भारत दो बहुत अलग देश हैं तथा दोनों देश द्विपक्षीय सहयोग के माध्यम से एक-दूसरे की मदद कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ''मैं यह बताना चाहता हूं कि हालांकि नॉर्वे एक बहुत ही अलग देश है, लेकिन इस द्विपक्षीय सहयोग से हम एक-दूसरे की मदद कर सकते हैं, तथा विश्व को पर्यावरण के क्षेत्र में बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं, विशेषकर जब बहुपक्षीय सहयोग की बात हो।''

नॉर्वे सरकार के अधिकारी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि उनके प्रतिनिधिमंडल का विशेष ध्यान नवीकरणीय ऊर्जा पर है, जो भारत-नॉर्वे सहयोग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा, ''हमने इस (नवीकरणीय ऊर्जा) विषय पर कुछ हद तक चर्चा की क्योंकि यह नॉर्वे के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस क्षेत्र में हमारे देश में स्थानीय क्षमता है। एक समृद्ध पश्चिमी देश होने के नाते, हमारे पास कई अग्रणी हरित प्रौद्योगिकियाँ हैं, और हम यहाँ भारत में उन पर चर्चा करते रहे हैं।''

नॉर्वे के जलवायु एवं पर्यावरण मंत्रालय के महासचिव ने कहा, ''मैं 10 साल पहले यहां था और तब से हम इस क्षेत्र में काफी प्रगति देख सकते हैं।''

जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र अवसंरचना संधि (यूएनएफसीसीसी) के निर्णय लेने वाले शीर्ष निकाय 'कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज' (सीओपी) की आगामी बैठक के लिए नॉर्वे की प्राथमिकताओं के बारे में पूछे जाने पर राधल ने कहा कि पेरिस समझौते के 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान लक्ष्य को बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

नॉर्वे सरकार के अधिकारी ने कहा, ''अगर हम महत्वाकांक्षाओं को कम करते हैं, तो हम समस्याओं को भी तेजी से बढ़ाते हैं। चूंकि, अमेरिका पेरिस समझौते से हट गया है, इसलिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि बाकी दुनिया एकजुट होकर, पहले से कहीं अधिक मजबूती से खड़ी हो।'' उन्होंने कहा, ''नॉर्वे और भारत इस तरह से बहुत अच्छा सहयोग कर सकते हैं, क्योंकि हम दुनिया के बहुत अलग-अलग हिस्सों में स्थित देश हैं, लेकिन हमारे लक्ष्य समान हैं, और वह है जलवायु परिवर्तन से निपटना।''


# मानसून की वापसी 15 सितंबर के आसपास शुरू हो सकती है: आईएमडी

नयी दिल्ली, (भाषा) भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून 15 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से वापसी शुरू कर सकता है।

मानसून आमतौर पर एक जून तक केरल में दस्तक देता है और आठ जुलाई तक पूरे देश में फैल जाता है। यह 17 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से वापसी शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से लौट जाता है।


आईएमडी ने एक बयान में कहा, ''15 सितंबर के आसपास पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों से दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी के लिए परिस्थितियां अनुकूल होती जा रही हैं।'' इस वर्ष, मानसून आठ जुलाई की सामान्य तिथि से नौ दिन पहले ही पूरे देश में पहुंच गया था। 2020 के बाद से यह सबसे जल्दी आया मानसून था जिसने पूरे देश को कवर किया था। उस साल यह 26 जून तक पूरे देश में पहुंच चुका था।

यह 24 मई को केरल पहुंचा था,



जो 2009 के बाद से भारत में इसका सबसे जल्दी आगमन था। 2009 में मानसून ने 23 मई को केरल में दस्तक दी थी। देश में अब तक मानसून के मौसम में 778.6 मिमी की सामान्य वर्षा के मुकाबले 836.2 मिमी वर्षा हुई है, जो 7 प्रतिशत अधिक है।

मई में, आईएमडी ने अनुमान लगाया था कि भारत में जून-सितंबर मानसून के मौसम के दौरान 87 सेंटीमीटर की दीर्घकालिक औसत वर्षा की 106 प्रतिशत वर्षा होने की संभावना है। इस 50-वर्षीय औसत के 96 और 104 प्रतिशत के बीच वर्षा को 'सामान्य' माना जाता है।



# पुलिस का अमानवीय चेहरा... फरियादी की फरियाद सुने बिना ही दरोगा ने जड़े थप्पड़

● वीडियो वायरल होते ही दरोगा सस्पेंड

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। सिरौली थाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें साफ देखा जा सकता है कि थाने में मौजूद एक दरोगा शिकायत करने आए युवक के बाल पकड़कर बेरहमी से थप्पड़ मार रहा है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। पीड़ित युवक का नाम शिशुपाल है, जो गांव संग्रामपुर का निवासी है।

जानकारी के मुताबिक शिशुपाल अपनी बाइक चोरी की शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचा था। उसका कहना है कि नवीगंज क्षेत्र से उसकी बाइक चोरी हुई थी, लेकिन थाने में दरोगा ने उसकी शिकायत सुनने के बजाय पिटाई कर दी। वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि युवक थाने के अंदर अपनी बाइक पर बैठा था। इस दौरान पास खड़े एक व्यक्ति ने उससे उसकी जाति पूछी। जैसे ही युवक ने अपनी जाति बताई, दरोगा–जो उस वक्त फोन पर बात कर रहा था–अचानक फोन काटकर उसके पास आया और बाल पकड़कर बाइक से नीचे खींच लिया। इसके बाद उसने लगातार थप्पड़ मारे। वीडियो में युवक बार-बार अपनी बाइक चोरी की शिकायत बताने की कोशिश करता रहा, लेकिन किसी ने बीच-बचाव नहीं किया पूरा मामला अब चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब शिकायतकर्ता को ही थाने में इस तरह पीटा जाएगा तो आम आदमी न्याय की उम्मीद लेकर कहां जाएगा।




### एसपी साउथ ने लिया संज्ञान दरोगा सस्पेंड

वीडियो वायरल होने के बाद एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने मामले का संज्ञान लिया और सीओ से रिपोर्ट तलब की है। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद दरोगा के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। उच्च अधिकारियों के संज्ञान में मामला आने के बाद एसएसपी बरेली ने उपनिरीक्षक सतेन्द्र सिंह, जो कि थाना सिरौली में तैनात थे, को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही उनके खिलाफ विभागीय जांच भी आसन्न की गई है। फिलहाल घटना को लेकर पुलिस विभाग में हलचल मची हुई है और सोशल मीडिया पर लोग पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं।

# आईजीआरएस पोर्टल पर असंतुष्ट फीडबैक पर डीएम के कड़े निर्देश

● आइजीआरएस शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण ससमय निस्तारण करें

नेशनल एक्सप्रेस




बरेली/ जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में विगत दिवस देर शाम आई0जी0आर0एस0 की समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभागवार विभागों द्वारा की गई आई0जी0आर0एस0 के निस्तारण संबंधी की गई कार्यवाहियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण हेतु शिकायकताओं से संवाद जरूर स्थापित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0जी0आर0एस0 शिकायतों के निस्तारण हेतु स्थलीय निरीक्षण अवश्य करें। बैठक में विद्युत विभाग द्वारा आई0जी0आर0एस0 पर ध्यान न देने पर नाराजगी व्यक्त की और स्थिति को सुधारने हेतु त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि आई0जी0आर0एस0 की रिपोर्ट लगाते समय सही श्रेणी का चयन अवश्य किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों को आई0जी0आर0एस0 के निस्तारण में ध्यान देते हुए,शिकायतकर्ता से संवाद स्थापित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित पुलिस विभाग के अधिकारियों को भी आई0जी0आर0एस0 शिकायतों की अच्छे से समीक्षा कर स्थिति को सुधारने हेतु यथोचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि आई० जी० आर० एस ० शिकायतों पर कार्यवाही उपरांत असंतुष्ट हो रहे फीडबैक पर अधिकारी शिकायतकर्ता से वार्ता करके कृत कार्यवाही के बारे में शिकायतकर्ता को अवगत कराए। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रतिदिन आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का संज्ञान लेकर कार्यवाही करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 विश्राम सिंह, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर, पुलिस अधीक्षक यातायात मो0 अकमल खान, डीसी एनआरएलएम, समस्त उप जिलाधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विवाहिता लापता, दहेज प्रताड़ना व अपहरण की आशंका

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। फरीदपुर थाना क्षेत्र निवासी शंकरलाल ने अपनी पुत्री सुशीला उर्फ शबनम की गुमशुदगी को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है। प्रार्थना पत्र में उन्होंने आरोप लगाया है कि पुत्री की शादी 17 मई 2025 को रोहित पुत्र रमेश, निवासी ग्राम पुराना मोहनपुर, नकटिया, बरेली से की थी। शादी में हैसियत के अनुसार दान-दहेज भी दिया गया, लेकिन विवाहिता को पहली विदा से ही दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। शंकरलाल का कहना है कि रक्षाबंधन पर पुत्री मायके नहीं आई। अगले दिन जब वह ससुराल पहुँचे तो पुत्री घर पर नहीं मिली। पूछने पर दामाद रोहित, जेठ पिन्टू व सुनील, ननद कमलेश और ससुर रमेश ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। आरोप है कि दामाद रोहित ने उनसे 17 हजार रुपये लेकर बेटी का पता बताने की बात कही, लेकिन पैसे लेने के बाद भी कोई जानकारी नहीं दी। प्रार्थी ने आरोप लगाया है कि ससुराल पक्ष की ओर से लगातार धमकियाँ मिल रही हैं कि यदि उन्होंने जानकारी जुटाने की कोशिश की तो उन्हें और परिवार को जान से मार दिया जाएगा। पीड़ित पिता ने एसएसपी से गुहार लगाई है कि उनकी पुत्री सुशीला उर्फ शबनम को जीवित या मृतावस्था में बरामद कराया जाए और दहेज प्रताड़ना व अपहरण की धाराओं में ससुराल पक्ष पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाए।

## वर्दी के अजब गजब कारनामें...

# बर्खास्त होने के बाद भी वर्दी पहनकर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम

अवैध असलहों और चोरी के मोबाइल की सप्लाई में शामिल होने का गंभीर आरोप

बरेली में पूर्व होमगार्ड पर संगीन आरोप, भाई ने एसएसपी से की कार्रवाई की मांग

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। जिला बरेली के आंवला थाना क्षेत्र के ग्राम आजमपुर निवासी जगदीश चन्द्र वर्मा ने अपने सगे भाई सतीश चन्द्र के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाते हुए एसएसपी बरेली को प्रार्थना पत्र सौंपा है। प्रार्थी के अनुसार सतीश चन्द्र का स्वभाव आपराधिक है और वह आए दिन प्रार्थी, उसके पिता और गाँववासियों को झूठे प्रार्थना पत्र देकर परेशान करता रहता है।

जगदीश चन्द्र ने बताया कि सतीश चन्द्र पहले होमगार्ड में नियुक्त था, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोपों में उसे नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया। इसके बावजूद वह आज भी वर्दी पहनकर अपनी झूठी पहचान का दुरुपयोग कर रहा है और लोगों को धमकाता है। प्रार्थना पत्र में सतीश चन्द्र के आपराधिक इतिहास का भी उल्लेख किया गया है। उस पर थाना आंवला में धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत तमंचा बरामद होने का मामला दर्ज है। इसके अलावा मुकदमा संख्या 666/11 थाना आंवला, मुकदमा संख्या 96/2008 थाना अलीगंज, तथा वर्ष 2022 में दर्ज मुकदमा संख्या 229/22 धारा 447, 323, 334, 504, 506 क्ढउ में उसका नाम शामिल है। इसी प्रकार जनवरी 2024 में दर्ज एनसीआर 0024/25 धारा 323, 504 क्ढउ तथा अप्रैल 2025 में धारा 303(2), 351(2) भैंसा चोरी का मुकदमा भी दर्ज है। आरोप है कि सतीश चन्द्र चोरी के मोबाइल खरीद-फरोख्त करता है और उन्हें सर्विस लॉस पर लगाता है। इसके अलावा वह चन्द्रपाल पुत्र मनीराम निवासी मुतलकपुर, थाना आंवला के साथ मिलकर अवैध असलहों और चोरी के मोबाइलों की सप्लाई करता है। जगदीश चन्द्र ने एसएसपी से मांग की है कि सतीश चन्द्र एवं उसके साथियों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि गाँव और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे।

# सनसनीखेज हत्या को अंजाम देने वाले आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

●हत्या के तीन आरोपी दबोचे, एक पुलिस मुठभेड़ में घायल होकर पकड़ा गया, 48 घंटे के भीतर पुलिस ने गुनहगारों को हवालात पहुंचाया

●तमंचा, कारतूस और बाइक बरामद, फरार आरोपियों की तलाश जारी



नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। शहर में हुई एक सनसनीखेज हत्या की वारदात का पुलिस ने 48 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। हत्या के तीन नामजद आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया, जिनमें एक आरोपी पुलिस की जवाबी फायरिंग में घायल हो गया। 10 सितम्बर 2025 की रात गौरव गोस्वामी पुत्र छोटेलाल, निवासी वार्ड नं. 7 विशारतगंज, चरेली, अपने भाइयों और दोस्तों के साथ साई किशोर होटल में खाना खाने गया था। लौटते समय सेटेलाइट चौराहे पर मामूली कहासुनी पर गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया। मृतक के पिता की तहरीर पर थाना बारादरी में गंभीर धाराओं के तहत अनस सहित कुल 08 आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया।

### तीन पुलिस टीमें गठित, 48 घंटे में बड़ी सफलता

घटना की गंभीरता को देखते हुए साओ नगर तृतीय और थाना प्रभारी बारादरी द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया और एसओजी समेत तीन पुलिस टीमों को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगाया गया। 12 सितम्बर की रात एक बड़ी कामयाबी तब मिली जब मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों की घेराबंदी की। अभियुक्त शेखर पुत्र रामप्रकाश यादव, निवासी खुर्रम गौटिया, को 99 बीघा क्षेत्र में घेरने पर उसने पुलिस टीम पर जानलेवा फायर किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके बाएँ पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर अस्पताल भेजा गया। दूसरी टीम ने दो अन्य अभियुक्तों अनस पुत्र लतीफ और चंदन मौर्य पुत्र कल्याण मौर्य को सुरेश शर्मा नगर से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से हथियार और मोटरसाइकिल बरामद, घायल आरोपी शेखर के पास से एक तमंचा 315 बोर, एक जिन्दा कारतूस, एक खोखा कारतूस, एक काली रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की गई है। इस कृत्य में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। इस पूरी कार्रवाई ने पुलिस की तत्परता और अपराध पर सख्ती की नीति को स्पष्ट रूप से उजागर किया है।

# समर्थ उत्तर प्रदेश 2047 वर्कशॉप : निवेश और विकास को लेकर उठे महत्वपूर्ण सुझाव

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



अमरोहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकसित उत्तर प्रदेश 2047ह्व संकल्प को साकार करने की दिशा में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य अतिथि एवं नोडल अधिकारी, आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह की अध्यक्षता में हुई इस वर्कशॉप में उद्यमियों, व्यवसायियों, श्रमिक संगठनों, बैंकर्स और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला की शुरूआत जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत कर हुई। इस दौरान उपस्थित प्रतिनिधियों ने गंगा एक्सप्रेस-वे पर वेयरहाउस निर्माण, जिले में ओडीओपी प्रशिक्षण केंद्र, नए औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना, बंद सूती मिल को पुनः चालू कराने, फायर स्टेशन, ट्रांसपोर्ट नगर, सड़क सुरक्षा पाठ्यक्रम शुरू करने और बिजली लाइन को अंडरग्राउंड करने जैसी अहम मांगें रखीं।

डॉ. बलकार सिंह ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य नागरिकों व विशेषज्ञों के सुझावों को एक विजन डॉक्यूमेंट में संकलित कर उत्तर प्रदेश को 2047 तक विकसित प्रदेश बनाने की दिशा में मजबूत आधार तैयार करना है। उन्होंने अमरोहा की भौगोलिक स्थिति को बेहद उपयुक्त बताते हुए कहा कि यह दिल्ली-एनसीआर और जेवर एयरपोर्ट के नजदीक है, जिससे यहां निवेश की अपार संभावनाएं हैं। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने तबला-ढोलक निर्माण, रेडीमेड गारमेंट्स, टेक्सटाइल, हैंडीक्राफ्ट और आम के निर्यात जैसे उद्योगों का जिक्र करते हुए कहा कि जिला प्रशासन निवेशकों को हरसंभव सहयोग उपलब्ध करा रहा है। सेवानिवृत्त विशेष महानिदेशक रणजीत सिंह ने पर्यावरण संरक्षण और भूजल की गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर दिया। वहीं, डॉ. अरविन्द कुमार (सह निदेशक, सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय) ने कहा कि उत्कृष्ट सुझाव शासन को भेजे जाएंगे। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर शक्ति सिंह, उपायुक्त उद्योग, अर्थ एवं संख्याधिकारी पुनीत कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

# अमरोहा में श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह उत्सव, संगीतमय झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



अमरोहा। श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथा वाचक प्रेरणा ज्योति दीदी ने संगीतमय शैली में श्रीकृष्णझ्ररुक्मिणी विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। इस अवसर पर आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसमें वैष्णवी पाल ने श्रीकृष्ण और परी अग्रवाल ने रुक्मिणी रूप धारण कर विवाह संस्कार की रस्में निभाईं।

ज्योति दीदी ने महारास और रुक्मिणी विवाह की लीलाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान कृष्ण ने विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी का विधिवत पाणिग्रहण कर धर्म की स्थापना की। उन्होंने बताया कि इस विवाह उत्सव में शामिल होने वाले भक्तों के वैवाहिक कष्ट दूर हो जाते हैं। कार्यक्रम में भजन-संगीत की प्रस्तुति हुई। इस दौरान पंडित रोहित शर्मा, पन्नालाल, माधुरी पाल, माधवी मिश्रा, अनूप गुप्ता, ममता गुप्ता, अनिल रायपुरिया, प्रवीण गुप्ता, अमरनाथ गुप्ता, मोहित अग्रवाल, फूल सक्सेना, अर्चना शर्मा, दिव्यांशी शर्मा व वंदना अग्रवाल मौजूद रहे।

# चौकी नहीं, वसूली सेंटर है रामगंगा पुलिस चौकी ?

कांस्टेबल तेजवीर पर ग्रामवासियों का बड़ा आरोप

एसएसपी से की शिकायत... कहा चोरों से मिलकर दबिश देता है ,और कहता है झूठे मुकदमे में फंसाने बात

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। थाना सुभाष नगर क्षेत्र की रामगंगा चौकी में तैनात एक कांस्टेबल पर ग्रामवासियों से अवैध वसूली, झूठे केस में फंसाने की धमकी, और असामाजिक तत्वों से सांठगांठ के गंभीर आरोप लगे हैं। ग्राम अंगूरीटांड़ के दर्जनों ग्रामीणों ने एसएसपी अनुराग आर्य को लिखित शिकायत देकर कांस्टेबल तेजवीर के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

क्या है पूरा मामला आपको बताते चलें,बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने एसएसपी ऑफिस पहुंचकर कांस्टेबल पर आरोप लगाया है कि कांस्टेबल तेजवीर चोरों और दलालों से मिलकर गाँव में भय और आतंक का माहौल बनाए हुए है। निर्दोष ग्रामीणों को चौकी पर बिना कारण बुलाकर उनसे अवैध रूप से पैसे वसूलता है। कहता है ह्नअगर किसी ने शिकायत की तो किसी न किसी केस में फंसा कर जेल भेज दूंगा।ह्व रामगंगा चौकी पर वर्षों से जमे रहने के कारण एक 'वसूली सिंडिकेट' चला रहा है। साथ ही ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चौकी पर तैनात तेजवीर गांव में अपने दलालों के माध्यम से गतिविधियों को अंजाम देता है और सच्चे पीड़ितों की कोई सुनवाई नहीं होती है। ग्राम प्रधान सहित तसलीम, सद्दाम, तहजीब, शाहिद, फैजान, रहीस अहमद, इकरार, रियाज आदि ग्रामीणों ने एसएसपी अनुराग आर्य को प्रार्थना पत्र सौंपकर कहा कि यदि तेजवीर के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे जिला कार्यालय पर धरना देने को मजबूर होंगे।

एसएसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, शिकायत की जांच के निर्देश दिए गए हैं और संबंधित चौकी प्रभारी व थाना सुभाष नगर को रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है।

# धनौरा में रामलीला मंचन की तैयारियाँ शुरू, भूमि पूजन सम्पन्न



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो, धनौरा।

श्री रामलीला प्रबंध समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को रामलीला मैदान में विधिविधान के साथ भूमि पूजन किया गया। पूजा-अर्चना के बाद रामलीला मंचन की तैयारियाँ शुरू कर दी गई हैं। समिति अध्यक्ष जागेश अग्रवाल ने बताया कि रामलीला मंचन मथुरा-वृन्दावन से आए कलाकारों द्वारा किया जाएगा। 19 सितंबर को शिव बारात के साथ रामलीला का शुभारंभ होगा, जबकि 23 सितंबर को भव्य राम बारात नगर में निकाली जाएगी। भूमि पूजन के अवसर पर पालिकाध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल, समिति अध्यक्ष जागेश अग्रवाल, महासचिव पवन कुमार गुप्ता, विधिक सलाहकार शरद गर्ग, कोषाध्यक्ष अवनीश कुमार, सह-कोषाध्यक्ष श्याम गर्ग, संरक्षक इंद्रपाल सिंह, अनिल कुमार, वीरेंद्र शर्मा, गजब सिंह, नवनीत वर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# वेंक्टेश्वरा विवि में कार्यशाला एवं संवाद सम्मेलन आयोजित







नेशनल एक्सप्रेस

अमरोहा। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश शासन के समर्थ उत्तर प्रदेशझ्रविकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के अंतर्गत संकल्प से समृद्धि की ओर विषय पर कार्यशाला एवं प्रबुद्धजन संवाद सम्मेलन-2025 का शानदार आयोजन हुआ।

मुख्य अतिथि आवास आयुक्त बलकार सिंह ने कहा कि विकसित भारत 2047 की परिकल्पना उत्तर प्रदेश के बिना अधूरी है। विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं, उन्नत कृषि, सुदृढ़ कानून व्यवस्था और बढ़ती प्रति व्यक्ति आय के दम पर यूपी देश की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला राज्य बना है।

जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि पिछले एक दशक में ऐतिहासिक इंफ्रास्ट्रक्चर, बेहतर कनेक्टिविटी और भयमुक्त, बिजनेस फ्रेंडली माहौल ने यूपी को निवेशकों की पहली पसंद बनाया है। संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र एवं विश्वगुरु बनाने के महायज्ञ में सरकार के साथ-साथ हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है।

विशेष महानिदेशक, सीपीडब्ल्यूडी दिल्ली, रणवीर सिंह ने बताया कि यूपी में बेरोजगारी दर घटने और प्रति व्यक्ति आय बढ़ने से प्रदेश देश की सबसे तेजी से प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था बना है। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि पीएम और सीएम की नई शिक्षा नीति, स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया, आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने युवाओं के सपनों को पंख दिए हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ अटल सभागार में दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यशाला को आचार्या सुमेधा दीदी, प्रो. मृदुल कुमार गुप्ता, सीडीओ अश्वनी मिश्र, डीआईओएस डॉ. प्रवेश कुमार ने भी संबोधित किया। इस मौके पर कुलपति कृष्णकांत दवे, कुलसचिव डॉ. पीयूष पांडेय, बीएसए डॉ. मोनिका अहलावत, युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम चौधरी, एसएस बघेल, अरुण गोस्वामी, डॉ. श्रीराम गुप्ता, संजीव राय, नागेंद्र प्रताप सिंह, निदेशक डॉ. प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि मौजूद रहे।

## बहूओं ने लगाए ससुर पर मारपीट और साजिश के गंभीर आरोप

नेशनल एक्सप्रेस/बरेली। फतेहगंज पश्चिमी के ग्राम अगरास निवासी सज्जाद पुत्र आशिक हुसैन की पत्नी खुशबू ने बताया वह अक्सर घर में अकेली रहती है। उनके पति कढ़ाई का काम करते हुए अक्सर बाहर रहते हैं। पीड़िता के अनुसार 25 अगस्त को उसके देवर राशिद ने गाली गलौच करते हुए मारपीट की, जिसमें उसकी सास इस्लामन और ससुर आशिक हुसैन शामिल थे। आरोप है उनके द्वारा उसे धक्के मार कर घर से निकाल दिया। इसके बाद 10 सितंबर को जब खुशबू के पति घर पर नहीं थे तो सास ने सिर पर बाल्टी मार दी, और ससुर ने गंदी-गंदी गालियां दी पुलिस भी आई । लेकिन बाद में सारा मामला दबा दिया गया। खुशबू के मुताबिक सास-ससुर ने पुलिस को गुमराह करते हुए उसे और उनके पिता को झूठे केस में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं दूसरी बहू रबीना पत्नी शाहिद हुसैन निवासी महेशपुरा सीबीगंज ने बताया कि उसके पति ने 25 साल पहले दो प्लॉट खरीदे थे।

# समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश-2047 अभियान के अन्तर्गत मीडिया के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता





संभल । बहजोई कलक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश@2047 अभियान के अन्तर्गत मीडिया के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रोफेसर महात्मा ज्योतिबा फूले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली शिवकुमार तोमर रहे।कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि एवं जिलाधिकारी को एक पुष्प एवं एक पुस्तक देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला विकास अधिकारी राम आशीष द्वारा समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश @2047 के प्रमुख बिन्दुओं से प्रबुद्धजन एवं पत्रकार बंधुओं को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भारत 2047 में स्वतंत्रता की 100 वीं वर्षगांठ मनायेगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए 12 सेक्टर चिन्हित किये गये।

कृषि एवं संबद्ध सेक्टर, पशुधन संरक्षण सेक्टर, औद्योगिक विकास सेक्टर, आईटी, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वस्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा एवं सुशासन सेक्टर पर कार्य किया जाएगा।मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि यह समृद्धि का शताब्दी वर्ष है। समर्थ, सशक्त एवं समृद्ध प्रदेश बनाने में मीडिया का महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

उन्होंने कहा कि विकसित उत्तर @2047 के विजन डॉक्यूमेंट के लिए यह संवाद सुझाव परामर्श मीडिया के माध्यम से जाना चाहिए। हमारा मिशन है समग्र विकास जिसमें सभी लोगों को मूलभूत सुविधाएं प्राप्त होंगी। इसके अंतर्गत परम्परा और आधुनिकता का सामजस्य लेते हुए सांस्कृतिक पुनर्जागरण को भी स्थापित किया जाएगा। विकसित देश बनाने के लिए हर परिवार को काम करना होगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश @2047 अभियान एक माह तक चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत 12 सेक्टर को चिन्हित किया गया है जिनपर कार्य किया जाएगा। इनके अतिरिक्त एक 13 वां सेक्टर पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए चिन्हित किया है जिसके 4 बिन्दुओं पर सुझाव प्राप्त किये गये हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि वही योजना सस्टेनेबल होती है जिसमें सभी लोगों के सुझाव होते हैं सब लोगों में भी वह सुझाव जो कॉमन सुझाव निकल कर आये। मीडिया के माध्यम से जन जन तक यह अभियान जाए। सभी लोग क्यूआर कोड को स्कैन कर अपना विचार या संकल्प साझा करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जो सबसे ज्यादा सुझाव दिलायेगा उन में से 6 लोगों को पुरस्कृत किया जाएगा। जिनमें से जो प्रथम आएगा उसको ?21हजार तथा द्वितीय को ?11 हजार तथा तृतीय को ?5 हजार का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा एवं अन्य तीन को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। जिलाधिकारी ने क, ख, ग, घ पद्धति के आधार पर शिक्षा तथा शिक्षा में अ, आ, इ, ई के महत्व को भी बताया।

मुख्य अतिथि प्रबुद्धजन सेवानिवृत्त प्रोफेसर शिवकुमार तोमर ने मीडिया से संवाद करते हुए कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के लिए मीडिया को आगे आना होगा तथा जहाँ कहीं भी भ्रष्टाचार या कुछ गलत हो रहा हो उसको उजागर करना होगा ताकि शासन एवं प्रशासन उस पर कार्यवाही कर सकें। पत्रकारों की ताकत कलम है, पत्रकार अपनी ताकत को पहचानें। गांवों में जाकर अलख जलाएं। मीडिया से संवाद के अन्तर्गत पत्रकार बंधुओं से भी सुझाव प्राप्त किये गये जिनमें विनय शर्मा ने कहा कि साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग होनी चाहिए , मीडिया फीडबैक सेल का भी गठन होना चाहिए तथा अधिकारी द्वारा क्षेत्र भ्रमण में मीडिया को भी आमंत्रित किया जाना चाहिए। अंशुल गुप्ता ने कहा कि नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में साफ सफाई के लिए सहयोगी समिति बननी चाहिए। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार एवं सत्येन्द्र कुमार सिंह एवं जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार एवं मीडिया से पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

## श्रीकृष्ण जन्म की लीलाओं का वर्णन सुनकर श्रद्धालु हुए भाव विभोर

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



चंदौसी। श्री रामबाग सेवा सदन में श्री भागवत कथा का चतुर्थ दिवस, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, झांकी व भजन-कीर्तन ने मोहा मन

(चंदौसी)। श्री रामबाग सेवा सदन में चल रही भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर नंदोत्सव महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और श्रीकृष्ण जन्म की लीलाओं का साक्षात्कार किया। पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंजता रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद भजन मंडली ने भक्ति गीतों और संकीर्तन से वातावरण को श्रीकृष्णमय कर दिया। बाल कृष्ण की मनोहारी झांकी और सुंदर सजावट ने दर्शकों का मन मोह लिया। श्रीकृष्ण जन्म की झलक जैसे ही मंच पर प्रस्तुत हुई, पूरा पंडाल ह्यनंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल कीह्न के जयघोष से गूंज उठा।

देर संध्या तक श्रद्धालु झांकी और भजनों का आनंद लेते रहे। श्री रामबाग सेवा सदन को रंग-बिरंगी झालरों, फूलों की मालाओं और रोशनी से सजाया गया था, जो दृश्य अत्यंत मनमोहक प्रतीत हो रहा था।

कथा वाचक मनीष शर्मा जी ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी नंदोत्सव धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य लोग, समाजसेवी और अनेक भक्तगण उपस्थित रहे। पूज्य गुरुजी ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए इस पावन पर्व को प्रेम, भक्ति और आनंद का प्रतीक बताया। इस अवसर पर गुरुजी ने सभी से आग्रह किया कि वे भगवान श्रीकृष्ण के जीवन आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प ले और समाज में प्रेम, करुणा और भाईचारे का संदेश देने का आह्वान किया। कथा में मौजूद प्रमोद कुमार, आमोद कुमार, डॉ मनोज कुमार, पवन कुमार, डॉ योगेश मूर्ती, मयंक, लक्की, गौतम, उत्कर्ष, केशव, यशस्वी, माधव, कृष्णव, आदि ने कथा का श्रवण किया।

## मेले के आयोजन के दौरान श्री भूपाल रंगमंच पर बॉलीवुड नाईट का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



चंदौसी। मिनी वृंदावन नगरी चंदौसी में गणेश जन्मोत्सव पर आयोजित होने वाले मेला गणेश चौथ के 65वें महोत्सव के दौरान श्री गणेश मेला परिषद (रजि०) चन्दौसी द्वारा बॉलीवुड नाईट का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें दिल्ली से आए मिश्रा म्यूजिकल ग्रुप के साथ मुंबई से आए कलाकार जूनियर अमिताभ बच्चन के रूप में राज कुमार बकतानी, जूनियर कादर खान के रूप में विक्की चड्डा, रफत खान, अनुजा सिन्हा, जफर खान, अनम आदि कलाकारों ने दर्शकों का अपनी अदभुत प्रस्तुति से मनमोहा। इस दौरान मेला परिषद से मुख्य सचिव हरिगोपाल वार्ष्णेय, ललित किशोर गुप्ता, सुधीर गुप्ता, रविंद्र कुमार रूपी, मनोज गुप्ता मीनू, डॉ० राजीव गुप्ता, विनय सर्राफ, एड० लोकेंद्र शर्मा, प्रजीत कुमार लालू, मेजर शशिकांत गुप्ता, सतेन्द्र मामा, मुकेश ब्रेड, प्रभात कृष्णा, प्रफुल्ल कुमार, राहुल चौधरी, संजय गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, डॉ शेखर वार्ष्णेय, सुशांत गुप्ता, वरदान गुप्ता, शुभम अग्रवाल, आशुतोष वार्ष्णेय, धर्मेश जॉनी, प्रमोद गुरु, आकाश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### एएम वर्ल्ड स्कूल में जिला बैंड प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता /चंदौसी। एएम. वर्ल्ड स्कूल में शुक्रवार को जिला स्तरीय बैंड प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों जैसे सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल चन्दौसी. एएम. वर्ल्ड स्कूल चन्दौसी, जगदीश शरण सर्राफ सरस्वती शिशु मन्दिर चन्दौसी की बैंड टीमों ने भाग लिया और अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह के स्वागत एवं उ?द्घाटन समारोह से हुआ। इसके बाद प्रतिभागियों ने देशभक्ति एवं मधुर धुनों पर अद्भुत तालमेल और अनुशासन का प्रदर्शन किया। दर्शकों ने प्रस्तुतियों की खूब सराहना की। निर्णायक मण्डल में उपस्थित राजीव राणा और रितु पांचाल ने परिणाम घोषित किए। इसमें एएम. वर्ल्ड स्कूल की गर्ल्स टीम ने प्रथम स्थान, सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल चन्दौसी की गर्ल्स टीम ने द्वितीय स्थान, तथा जगदीश शरण सर्राफ सरस्वती शिशु मन्दिर चन्दौसी के बालक ब्रास बैंड ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों के उत्साह और मेहनत की प्रशंसा की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दीं और इस आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।




### अन्टी में तमन्चा लगाकर सोशल मीडिया पर फोटो वायरल

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/चन्दौसी । थाना क्षेत्र में एक सोशल मीडिया में युवक का अंटी में तमन्चा लगे हुए फोटो वायरल हो रहा है। फोटो कुढफतेहगढ थाना क्षेत्र के किसी एक गांव के युवक का बताया जा रहा है । तमन्चा के साथ फोटो वाले युवक के एक अन्य दूसरे साथी ने अपनी आईडी से सोशल मीडिया पर फोटो वायरल कर दिया। शुक्रवार की सुबह फोटो वायरल करने वाले युवक को कुढफतेहगढ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले भी एक अन्य फोटो में दो युवकों का फोटो वायरल हुआ है जिससे एक युवक के साथ में तमन्चा है व दूसरे युवक के हाथ में छुरी दिख रही है।




### एक दिवसीय क्षमता संवर्धन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ आयोजित

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता /चंदौसी। नगर पंचायत नरौली जनपद सम्भल मे शुक्रवार को एक दिवसीय क्षमता संवर्धन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वच्छता को नई दिशा देने के उददेश्य से डोर-टू-डोर कूडा अलग-अलग संग्रहण करने का अभियान चलाने व नगर वासियो को स्वच्छता के प्रति जागरुक करने के बारे मे सभी कर्मचारीगणों को विस्तार से समझाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत नरौली चेयरमैन बिटटन मलिक जी ने की, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एस.बी.एम मनोज कुमार सिंह द्वारा सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान राजीव कुमार, राजेश, शिवकान्त राघव, अरविन्द कुमार, आमिर कुरैशी, विशाल कुमार, जुवैर खान, बवलू, गुलशन आदि कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



### डीएम व सीडीओ ने जिला पंचायत कार्यालय को जाने वाली कनेटा रोड़ बहजोई का किया निरीक्षण

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/बहजोई ।जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा जिला पंचायत कार्यालय को जाने वाली कनेटा रोड़ बहजोई का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बहजोई/ डिप्टी कलक्टर नीतू रानी को निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व एवं तहसील से मानचित्र निकलवा कर अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें तथा रोड़ की साफ सफाई को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पुलिया को सही कराने के लिए भी दिशा निर्देशित किया इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बहजोई नीतू रानी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत आशीष सिंह एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



### चोरी के 04 आरोपियों को जेल में बितायी अवधि के कारावास व 04-04 हजार रुपए के लगाया अर्थदण्ड

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/संभल ।पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे अभियान ₹ऑपरेशन कन्विक्शन₹ के दृष्टिगत सम्भल पुलिस के द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में दिनांक 12.09.2025 को मु0अ0सं0 89/2008 धारा 379/411 भादवि थाना धनारी जनपद सम्भल में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर सम्बन्धित अभियुक्त नीलू उर्फ नीरू पुत्र जसवीर, विजेन्द्र पुत्र रघुनी, देवपाल पुत्र बुद्दी निवासीगण सैतूआ थाना रजपुरा जनपद सम्भल, नेकपाल पुत्र नत्थू सिंह निवासी भैयापुर थाना धनारी जनपद सम्भल को न्यायालय जे०एम० गुन्नौर द्वारा उपरोक्त अभियुक्तों को मुकदमा उपरोक्त में दोष सिद्ध करते हुए जेल में बितायी अवधि (01 माह, 07 दिवस) के कारावास व 04-04 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। सजा कराये जाने में रामविलास ए0पी0ओ0, कोर्ट मोहर्रिर हे0का0 दीपक कुमार, कोर्ट पैरोकार म० हे0का0 संगीता थाना धनारी का सराहनीय योगदान रहा।

## अवैध चाकू के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

पुलिस अधीक्षक रेलवे आशुतोष शुक्ला के आदेशानुसार अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस उपाधीक्षक अनिल कुमार वर्मा के निर्देशन व प्रभारी उप-निरीक्षक नीरज कुमार मातोंडकर थाना जीआरपी चन्दौसी के कुशल नेतृत्व मे मुख्य आरक्षी यशवीर सिंह व आरक्षी 1006 शुभम कुमार मय आरपीएफ टीम ने रेलवे स्टेशन चन्दौसी प्लेटफार्म पर चैकिग/गस्त के दौरान शुक्रवार को रेलवे स्टेशन चन्दौसी पर स्थित टावर वेगन शेड के पास स्थित पटरियों के पास थाना जीआरपी चन्दौसी से समय 09:40 बजे 01 नफर अभियुक्त विकास पुत्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम गोपालपुर थाना बनियाठेर जनपद सम्भल उम्र करीब 24 वर्ष को मय एक अदद चाकू नाजायज के गिरफ्तार किया व गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर थाना हाजा पर पंजीकृत मु0 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को जेल भेजा गया।

अभियुक्त शातिर किस्म का अभ्यस्त अपराधी है, अभियुक्त रेलवे स्टेशन चन्दौसी क्षेत्र के सुनशान एरिया मे बुजुर्ग महिलाओं व अकेले यात्रियो को टारगेट कर चाकू का डर दिखाकर उनके मोबाइल, बैग, पर्स, नगदी व अन्य कीमती सामान आदि को ले लेता है व उनको बेचकर धनार्जन करता है। अभियुक्त के आपराधिक इतिहास के सम्बन्ध मे अन्य थानो से जानकारी की जा रही है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के बाद थाना जीआरपी चन्दौसी क्षेत्र मे हो रही आपराधिक घटनाओ मे निश्चित ही कमी आयेगी।

## बिनु सत्संग विवेक न होई, राम कृपा बिनु सुलभ न सोई ...

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



चंदौसी । नित्यप्रति की तरह कैथल गेट स्थित एम सी सी गोदाम में प्रचलित श्रीमद भागवत कथा के चतुर्थ दिवस का मुख्य आकर्षण कपिलोपख्यान रहा जिसमें व्यासपीठ पर मंचासीन महंत रमेशदास महाराज ने अपने मुखारविंद से भगवान की पुण्यकथा का वाचन किया जिसमें कर्दम ऋषि ने कठोर तपस्या कर- के भगवान से वरदान मांगा था कि उन्हें एक ऐसी पत्नी मिले जो गृहस्थ जीवन और भक्ति के मार्ग पर उनका साथ दे। भगवान के निर्देश पर उनका विवाह स्वायंभुव मनु की पुत्री देवहूति से हुआ।भगवान विष्णु ने स्वयं कर्दम और देवहूति के पुत्र के रूप में कपिल मुनि के रूप में जन्म लेने का वचन दिया।कर्दम और देवहूति के पुत्र के रूप में भगवान कपिल का जन्म हुआ।जब कर्दम ऋषि सन्यास लेकर वन जाने लगे, तो देवहूति ने अपने पुत्र से ज्ञान का उपदेश देने का अनुरोध किया। इसके बाद, कपिल मुनि ने अपनी माता को सांख्य दर्शन का ज्ञान दिया, जिसमें सृष्टि के 25 तत्वों का वर्णन है। कपिल मुनि के उपदेश को सुनकर और उसका पालन करके देवहूति को मोक्ष प्राप्त हुआ। कपिलोपाख्यान का मुख्य उद्देश्य हमें भौतिकता के मोह से ऊपर उठकर आत्मज्ञान और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देना है। कथा में श्रद्धालुजन भारी संख्या में कथाश्रवण कर पुण्य अर्जित कर रहे हैं। कथा के अवसर पर तेजेन्द्र पाल चौधरी, डॉ. नरेंद्र, सूर्यांश गुप्ता , माधव गुप्ता , राजेश कुमार, गणेश चौधरी, राहुल एआर, मोहित गुप्ता, देव पंडित जी, अमन गुप्ता, आदि ने कथा का श्रवण किया।

## तालाब में डूबने से एक युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मृतक का फाइल फोटो

चंदौसी। गांव बेरनी में 27 वर्षीय वीरेश उर्फ शालू नामक युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जनपद के थाना कुढफतेहगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत गांव बेरनी के उत्तर दिशा में स्थित तालाब पर मृतक युवक वीरेश उर्फ शालू उम्र करीब 27 वर्षीय अचानक शुक्रवार सुबह लगभग 9:00 के करीब पहुंच गया और तालाब में चलांग लगा दी गिरने की आवाज क्षेत्रीय लोगों को मिली जहां सूचना ग्रामीणों में हवा की तरह फैल गई मौके पर पहुंचे तालाब के किनारे पर भारी तादात में भीड़ एकत्रित हो गई और जाल डालकर रेस्क्यू चलाया गया तब कहीं लगभग 1 घंटे के उपरांत शव को बाहर निकाला गया जब तक देर हो चुकी थी और बॉडी में अंदर पानी जाने से मौत हो गई हालांकि परिजन अपने घर मृतक के शव को ले आए तभी सूचना थाना कुढ फतेहगढ़ पुलिस को मिली जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामभर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की अग्रिम जांच में जुट गई है जबकि मृतक वीरेश उर्फ शालू की शादी लगभग 3:30 वर्ष पूर्व हुई थी जिस पर एक बेटी है जबकि सूत्रों के मुताबिक बीते एक सप्ताह पूर्व मृतक का कहीं एक्सीडेंट हुआ था जिसके कारण दिमाग की हालत सही नहीं थी हालांकि दिल दहला देने वाली घटना से परिवार में मातम पसरा है और परिजनों का रो-रो करके बुरा हाल है।

## खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



चंदौसी । शुक्रवार को परिषदीय विद्यालयों जनपद संभल के विकास क्षेत्र बनियाखेड़ा की न्याय पंचायत छाबड़ा एवं कुढ़फतेहगढ़ की खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुई छावड़ा न्यायपंचायत में खेलों की शुरूआत ग्राम प्रधान महेंद्र सिंह मौर्य एवं कुढ़फतेहगढ़ में ग्राम प्रधान पति हरवीर सिंह द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके एवं फीता काटकर प्रारंभ की गई दोनों ही न्याय पंचायत कि खेलों में न्याय पंचायत स्तर के सभी विद्यालयों ने प्रतिभाग किया प्रतियोगिता के अंत में सभी विजयी बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गयोछाबड़ा न्याय पंचायत के खेलों में 100 मीटर की दौड़ एवं 400 मीटर की दौड़ में शगुन कंपोजिट विद्यालय ढ़ढौला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया`200 मीटर की दौड़ में कंपोजिट विद्यालय नानकवाड़ी की करीना ने प्रथम स्थान प्राप्त कियो उच्च प्राथमिक विद्यालय बालक वर्ग में 100 मीटर की दौड़ में धर्मपुर रत्ता के अभिषेक ने प्रथम स्थान प्राप्त कियो 200 मीटर की दौड़ में कंपोजिट विद्यालय ढ़ढौला के विक्रम ने प्रथम स्थान प्राप्त कियो 400 मीटर की दौड़ में अरविंद जूनियर विद्यालय रीठ ने प्रथम स्थान प्राप्त कियो प्राथमिक विद्यालय बालिका वर्ग में 50 मीटर दौड़ में सृष्टि चण्डरौआ, 100 मीटर की दौड़ में रिंकी धर्मपुररत्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त कियो प्राथमिक विद्यालय बालक वर्ग में 50 मीटर की दौड़ में सुमित धर्मपुररत्ता, आदित्य ढ़ढौला, 100 मीटर व 200 मीटर दौड़ में सुमित धर्मपुररत्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त कियो कुढ़फतेहगढ़ न्याय पंचायत में जूनियर स्तर पर खो-खो बालिका और बालक वर्ग ,कबड्डी बालिका वर्ग में दयौराखास ने प्रथम स्थान प्राप्त कियो लंबी कूद में बालिका वर्ग में निशु, लंबी कूद बालक वर्ग में महेंद्र, प्राथमिक स्तर पर 50 मीटर में अनमोल, 50 मी बालिका में कंचन, 100 मीटर बालक वर्ग में राजीव, 100 मी बालिका वर्ग में अनुराधा ने प्रथम स्थान प्राप्त कियो कुढ़ एवं छावड़ा न्याय पंचायत खेलकूद प्रतियोगिता में नोडल संकुल प्रभारी विवेक सक्सेना अमित कुमार, देवेंद्र पाल सिंह ,श्याम पाल सिंह, संजीव कुमार, बरखा जैन, पारुल शर्मा, रणधीर सिंह ,अबरार हुसैन, एहसान सिंह ,अमित शर्मा अमित सबनिया, ऋषभ सक्सेना ,खुशाल सिंह अनुज कुमार, जसवंत सिंह आदि सभी अध्यापकों ने सहयोग किया।

## जनपद के उच्च शिक्षण संस्थान के प्राध्यापकों एवं छात्रों के साथ प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम हुआ आयोजित

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता





चंदौसी ।शुक्रवार को एसएम कॉलेज चंदौसी में विकसित उत्तर प्रदेश समर्थ उत्तर प्रदेश @2047 के विजन डॉक्यूमेंट निर्माण के लिए जनपद संभल के उच्च शिक्षण संस्थान के प्राध्यापकों एवं छात्रों के साथ प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. शिव कुमार तोमर, डीडीओ सम्भल श्री राम आशीष, डॉ हेमंत कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विकास अधिकारी राम आशीष ने समर्थ उत्तर प्रदेश एवं विकसित उत्तर प्रदेश @ 2047 की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला और कहा कि 2047 में भारत स्वतंत्रता की 100 वीं वर्षगांठ मनाएगा। इसको ध्यान में रखते हुए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित करने की संकल्पना रखी है। इसी को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश @ 2047 की संकल्पना रखी है। इस संकल्पना को मूर्त रूप देने एवं जन सहभागिता के माध्यम से विजन डॉक्यूमेंट @ 2047 को तैयार करने के लिए यह प्रबुद्ध जन शिक्षक छात्र संवाद का कार्यक्रम रखा गया है। विजन डॉक्यूमेंट बनाने में 12 सेक्टर एवं कई सब सेक्टर बनाए गए है। इससे संबंधित सुझाव समर्थ उत्तर प्रदेश के पोर्टल पर छात्र एवं प्राध्यापक रख सकेंगे। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय हयात नगर संभल के प्राचार्य प्रोफेसर राष्ट्र वर्धन ने सम्बोधित करते हुये पर्यावरण, शिक्षा एवं संस्कार की बात की। इन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन से मानव समाज की सुरक्षा के लिए पर्यावरण संरक्षण की जरूरत है।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रोफेसर शिवकुमार तोमर ने शिक्षकों एवं छात्रों से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का सबसे बड़ा दुश्मन आलस्य है और उसके व्यक्तित्व के विकास को रोकता है। आलस्य त्यागने एवं मीठी वाणी बोलने मात्र से जीवन में बड़े से बड़ा लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। जापान का उदाहरण देते हुए कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान परमाणु हमले के बावजूद भी आम नागरिकों के प्रण एवं परिश्रम से जापान विकसित राष्ट्र की श्रेणी में उठ खड़ा हुआ। इसलिए उत्तर प्रदेश को 2047 तक विकसित बनाने के लिए सशक्त जन भागीदारी की आवश्यकता है। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रत्नेश कुमार ने विगत आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश की जीडीपी एवं प्रति व्यक्ति आय में हुई सकारात्मक वृद्धि की जानकारी दी। इस संवाद कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रोफेसर एस बी एल श्रीवास्तव एवं प्रोफेसर एके शर्मा ने विकसित उत्तर प्रदेश बनाने के सुझाव दिए। कार्यक्रम में एमजीएम कॉलेज संभल, एन के बी एम जी कॉलेज चंदौसी, विवेकानंद लॉ कॉलेज मझौली, राजकीय डिग्री कॉलेज हयात नगर एवं गुन्नौर, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक चंदौसी रोटरी इंस्टिट्यूट चंदौसी मॉडल पब्लिक कॉलेज चंदौसी सादात डिग्री कॉलेज सिरसी के साथ जिले के कई संस्थान के छात्र एवं प्राध्यापकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएम कॉलेज के प्राचार्य डॉ हेमंत कुमार ने की। इस अवसर पर प्रोफेसर (डॉ.) जितेंद्र कुमार, अमरजीत मौर्य, डॉ. महेंद्र कुमार वर्मा, डॉ. स्कंद, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. विशेष कुमार पांडे, डॉ. ज्योति, डॉ. पूजा अग्रवाल उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुरभि यादव ने किया।

# संपादकीय

## पठानिया अब अकेला नहीं ह

लंबे समय से स्वतंत्रता सेनानी का दर्जा पाने के लिए संघर्ष कर रहे वजीर राम सिंह पठानिया को आखिरकार वह पहचान मिलने की राह खुली है, जिसकी वे दशकों से प्रतीक्षा कर रहे थे। यह आश्चर्यजनक है कि स्वतंत्रता के 78 साल गुजर जाने के बाद भी ऐसे योद्धा को उचित मान्यता न दी जा सकी, जिसने देश की आज़ादी की लौ सबसे पहले प्रज्वलित की थी। इस बार हिमाचल विधानसभा में ऐसा प्रस्ताव पेश हुआ जिसे सभी सदस्यों ने एक स्वर में स्वीकार कर लिया। विधायक भवानी सिंह पठानिया द्वारा लाए गए इस प्रस्ताव ने न केवल वजीर राम सिंह के बलिदान को सम्मान दिया, बल्कि हिमाचल के शौर्य और गौरवशाली इतिहास को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया।भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की बात आती है तो आमतौर पर मंगल पांडे का नाम सबसे पहले लिया जाता है। 1857 के विद्रोह को स्वतंत्रता संग्राम का प्रारंभिक बिगुल माना जाता है। लेकिन इतिहास की गहराई में उतरें तो पता चलता है कि वजीर राम सिंह पठानिया ने एक दशक पहले ही यह बिगुल बजा दिया था। दुर्भाग्यवश, इतिहास के पन्नों में यह हिमाचली अध्याय पूरी तरह नहीं खुल सका। यह हमारी सामूहिक विफलता है कि हमने अपने उन नायकों को भुला दिया जिन्होंने देश के लिए प्राणों की आहुति दी।हिमाचल प्रदेश का इतिहास बलिदान और शौर्य की गाथाओं से भरा पड़ा है। सिरमौर, शिमला, कुल्लू, मंडी, हमीरपुर, बिलासपुर, ऊना और कांगड़ा—हर क्षेत्र ने ऐसे वीर सपूत दिए हैं जिनकी कुर्बानियां आज भी लोक संस्कृति की कहानियों और गीतों में दर्ज हैं। मगर अफसोस, हमने उन सरोकारों को बदल दिया और राजनीतिक नामों के पीछे शिक्षा संस्थानों और सांस्कृतिक आयोजनों का महत्व सीमित कर दिया। विश्वविद्यालय और कॉलेज बढ़े, लेकिन उनमें हिमाचलियत और अपने नायकों पर शोध नहीं हुआ। वार्षिक उत्सवों में कभी इन बलिदानियों को आमंत्रित नहीं किया गया। भाषा और संस्कृति विभाग या अकादमियों ने कवि सम्मेलनों और आयोजनों में कभी शहीदों को स्मरण करने की औपचारिकता से आगे बढ़ने की ज़हमत नहीं उठाई।इतिहास के पन्नों में डोगरा योद्धा जनरल जोरावर सिंह का नाम भी स्वर्णाक्षरों में दर्ज है। महाराजा रणजीत सिंह के साम्राज्य का विस्तार उन्होंने तिब्बत की सीमाओं तक कर दिया था। उनके पराक्रम की गाथाएं चीन तक में मान्य हैं, जहां उनके पार्थिव अवशेषों की समाधि आज भी पूजनीय मानी जाती है। लेकिन भारत में हम उनके नाम पर कोई स्मृति संस्थान तक खड़ा नहीं कर पाए। धर्मशाला के शहीद स्मारक में उनकी प्रतिमा स्थापित कर विधायक सुधीर शर्मा ने जरूर यह एहसास कराया कि जब राष्ट्रगान की धुन बजे तो हिमाचल के नायक भी हमारे हृदय में जीवित रहें।धर्मशाला का ही एक और गौरवशाली अध्याय है कैप्टन राम सिंह का योगदान। वही राम सिंह, जिन्होंने राष्ट्रगान की धुन बनाई। लेकिन क्या हम उन्हें उतनी शोहरत और पहचान दिला पाए जिसकी वे हकदार थे? इसी शहर में पूर्व विधायक पं. सुशील रत्न ने राज्य स्वतंत्रता सेनानी स्मारक की स्थापना की, लेकिन राजनीति की खींचतान और सीमाओं ने इस संकल्प को अधूरा छोड़ दिया।आज विधायक भवानी सिंह पठानिया ने जिस प्रस्ताव को सदन में रखा, उसने हिमाचल के स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर छाए सन्नाटे को तोड़ा है। इसके लिए वे निश्चय ही साधुवाद के पात्र हैं। लेकिन यह भी सच है कि केवल प्रस्ताव पास कर देने से इतिहास की धूल झाड़ना संभव नहीं होगा। शिक्षा विभाग को गहराई से प्रयास करने होंगे, ताकि आने वाली पीढ़ियां अपने नायकों को जानें और उनका सम्मान करना सीखें। शहीदों की कहानियां केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित न रहें, बल्कि विद्यालयों और कॉलेजों के कार्यक्रमों में भी उनके योगदान को जीवंत किया जाए।हिमाचली नायकों को जीवित रखने का काम कुछ सामाजिक संस्थाएं करती रही हैं, लेकिन उन्हें राष्ट्र की पहचान में स्थापित करना अभी बाकी है। आजादी की जड़ों को समझने और उन्हें सम्मान देने की यह जिम्मेदारी केवल राजनीतिक नेतृत्व की नहीं, बल्कि पूरे समाज की है।

# हिंदी की वैश्विक स्वीकार्यता के बावजूद देश में उपेक्षा क्यों?


ललित गर्ग

नमूना पंजीयन सर्वेक्षण के नए आंकड़े विशेषकर दिल के प्रति सजग रहने की वकालत करते हैं। भारत में सबसे अधिक करीब 31 फीसदी मौतें दिल की बीमारियों के कारण होती हैं। यदि हम यहां पर भारत में मोटापे की राष्ट्रीय स्थिति की बात करें तो भारत में मोटापे की औसत दर लगभग 40 .3 प्रतिशत है, जिसमें महिलाओं में यह दर 41.88 प्रतिशत और पुरुषों में 38 .67 प्रतिशत है। शहरी क्षेत्रों में यह दर ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अधिक है। आंकड़े बताते हैं कि पुडुचेरी, चंडीगढ़, और दिल्ली जैसे राज्यों में मोटापे की दर उच्चतम है। भारत में सबसे अधिक करीब 31 फीसदी मौतें दिल की बीमारियों के कारण होती हैं। सर्वेक्षण में यह पता चला है कि 30 से अधिक उम्र वाले लोगों में मौत की सबसे बड़ी वजह यही है।

हिंदी दिवस केवल एक औपचारिक आयोजनात्मक अवसर नहीं, बल्कि हमारी भाषाई अस्मिता राष्ट्रीयता और सांस्कृतिक आत्मगौरव का प्रयोजनात्मक प्रतीक है। विश्व की सर्वाधिक बोली जाने वाली तीसरी भाषा के रूप में हिंदी विश्व की उन चुनिंदा भाषाओं में से एक है जिसे करोड़ों लोग अपनी मातृभाषा, संपर्क भाषा और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का माध्यम मानते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ सहित अनेक वैश्विक मंचों पर हिंदी अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुकी है। दुनिया के लगभग 180 देशों में हिंदी बोलने वाले हैं और अंग्रेज़ी, मंदारिन, स्पेनिश, अरबी जैसी भाषाओं की सूची में हिंदी भी अब शीर्ष स्थानों पर दर्ज है। फिर भी विडंबना यह है कि अपने ही देश में हिंदी को कई बार विरोध का सामना करना पड़ता है। दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों में क्षेत्रीय अस्मिता और भाषाई विविधता के नाम पर हिंदी के प्रति असहजता दिखाई जाती है। जबकि वस्तुतः हिंदी किसी भी क्षेत्रीय भाषा की प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि उन्हें जोड़ने वाली संपर्क-भाषा है। भारत की भाषाई संरचना में हिंदी एक केंद्रीय सूत्र की तरह है। यदि अंग्रेज़ी को शिक्षा, प्रशासन और तकनीकी का आधार बनाया जा सकता है, तो हिंदी का विरोध केवल मानसिक दासता का परिणाम माना जा सकता है।

आज वैश्विक स्तर पर देखा जाए तो जापान ने जापानी, फ्रांस ने फ्रेंच, चीन ने मंदारिन और जर्मनी ने जर्मन को आधुनिक विज्ञान, तकनीक और व्यापार की भाषा बनाया है। ये देश अपनी भाषाओं को वैश्विक बनाते हुए भी अन्य भाषाओं से संवाद स्थापित करते हैं। जबकि भारत में अभी भी अंग्रेज़ी के प्रति अनावश्यक मोह और हिंदी के प्रति हीनभावना देखने को मिलती है। यह स्थिति हिंदी की उपयोगिता और सामर्थ्य के विपरीत है। हिंदी न केवल साहित्य और संस्कृति की भाषा है बल्कि विज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी, मीडिया, सिनेमा और व्यापार में भी अपनी जगह बना रही है। इंटरनेट पर हिंदी का प्रयोग तेजी से बढ़ रहा है। गूगल और माइक्रोसॉफ्ट जैसी अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने हिंदी को अपने प्लेटफॉर्म पर प्राथमिक भाषा का स्थान दिया है। यह हिंदी की बढ़ती वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है।

हिंदी की प्रासंगिकता आज के समय में और भी महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि यह केवल संचार का माध्यम नहीं, बल्कि भारतीयता की पहचान है। राष्ट्रभाषा के रूप में हिंदी की भूमिका भारत को एकजुट करने और विश्व-पटल पर उसकी सांस्कृतिक छवि को मजबूत करने में अनिवार्य है। भाषा केवल बोलचाल का साधन नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का भी आधार है। इसलिए हिंदी का विरोध करना अपने ही




सांस्कृतिक आधार को कमजोर करना है। विश्व के 180 से अधिक देशों में हिंदी भाषी लोग रहते हैं और अमेरिका, कनाडा, मॉरीशस, सूरीनाम, फिजी, खाड़ी देशों व यूरोप में हिंदी शिक्षण संस्थान स्थापित हैं। इंटरनेट की भाषा के रूप में हिंदी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी भाषा बन चुकी है। यह वह स्थिति है जिसकी कल्पना दशकों पहले असंभव मानी जाती थी। लेकिन हिंदी की यह ख्याति केवल आज की तकनीकी क्रांति का परिणाम नहीं है, यह हमारी जड़ों में, संस्कारों में एवं राष्ट्रीयता की भावना में समायी हुई है।

स्वतंत्रता आंदोलन में हिंदी ने राष्ट्र को जोड़ने, जन-जन को जागृत करने और अंग्रेजी शासन के विरुद्ध चेतना जगाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। महात्मा गांधी ने हिंदी को "जनमानस की भाषा" और "राष्ट्रभाषा" कहा। लोकमान्य तिलक, पं. नेहरू, राजेंद्र प्रसाद, विनोबा भावे, सुभाषचंद्र बोस और सरदार पटेल सभी ने हिंदी को राष्ट्रीय एकता का सूत्रधार माना। हिंदी प्रेस ने स्वतंत्रता संग्राम की लौ प्रज्वलित की। 'प्रताप', 'अभ्युदय', 'कर्मवीर', 'सरस्वती' जैसी पत्रिकाओं ने जनजागरण का काम किया। कवियों और लेखकों ने अपनी रचनाओं से जनमानस को ऊर्जा दी-भारतेंदु हरिश्चंद्र से लेकर मैथिलीशरण गुप्त तक, सबने हिंदी को स्वतंत्रता संग्राम का शस्त्र बनाया। स्वतंत्रता के बाद से लेकर आज तक अनेक नेताओं ने हिंदी के उत्थान और प्रतिष्ठा के लिए उल्लेखनीय प्रयास किए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिंदी में भाषण देकर विश्व स्तर पर हिंदी की पहचान को सशक्त किया और यह संदेश दिया कि हिंदी अंतरराष्ट्रीय संवाद की भी भाषा बन सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अनेक वैश्विक मंचों-ब्रिक्स सम्मेलन से लेकर संयुक्त राष्ट्र तक, पर हिंदी में अपने वक्तव्य देकर हिंदी को अंतरराष्ट्रीय सम्मान दिलाया है। उनके प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र में हिंदी विभाग का विस्तार हुआ और हिंदी समाचार बुलेटिन व डिजिटल प्लेटफॉर्मों पर हिंदी का प्रसार बढ़ा।

आज वैश्विक स्तर पर भी हिंदी की उपस्थिति लगातार मजबूत हो रही है। डिजिटल प्लेटफॉर्मों पर हिंदी सामग्री का उपयोग प्रतिदिन बढ़ रहा है। अमेज़न प्राइम, नेटफ्लिक्स जैसी वैश्विक कंपनियां हिंदी कंटेंट को प्राथमिकता दे रही हैं। यूनेस्को और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में हिंदी का अनुवाद और प्रयोग बढ़ा है। अंग्रेजी के प्रति अंधमोह और हिंदी के प्रति हिचक एवं उपेक्षा एक प्रकार की मानसिक गुलामी का ही प्रतीक है। भारत जैसे बहुभाषी राष्ट्र में हिंदी का महत्व और भी बढ़ जाता है क्योंकि यह एक साझा संवाद का सबसे सशक्त माध्यम है। हिंदी दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि स्वतंत्रता आंदोलन की आत्मा और आधुनिक भारत की पहचान है।

भारत से ठीक दो वर्ष पहले 17 अगस्त 1945 को इंडोनेशिया डच शासन से मुक्त हुआ और अपनी भाषा 'बहासा इंडोनेशिया' को राष्ट्रभाषा के रूप में लागू कर दिया। कुछ इसी तरह 23 अक्टूबर 1923 को जब आधुनिक तुर्की गणराज्य की स्थापना हुई, तो तत्काल तुर्की भाषा को राजकाज की भाषा के रूप में लागू कर दिया। लेकिन भारत में राजनीति की दूषित एवं संकीर्ण-स्वार्थी सोच का परिणाम है कि हिन्दी को जो सम्मान मिलना चाहिए, वह स्थान एवं सम्मान राष्ट्र में अंग्रेजी को मिल रहा है। भारत सहित दुनिया के अनेक देशों में विश्व हिन्दी दिवस मनाया जाने लगा क्योंकि भारत और अन्य देशों में 120 करोड़ से अधिक लोग हिन्दी बोलते, पढ़ते और लिखते हैं। पाकिस्तान की तो अधिकांश आबादी हिंदी बोलती व समझती है। बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, तिब्बत, म्यांमार, अफगानिस्तान में भी लाखों लोग हिंदी बोलते और समझते हैं। फिजी, सुरिनाम, गुयाना, त्रिनिदाद जैसे देश तो हिंदी भाषियों द्वारा ही बसाए गये हैं। हिन्दी का हर दृष्टि से इतना महत्व होते हुए भी भारत में प्रत्येक स्तर पर इसकी इतनी उपेक्षा क्यों?

भारत का परिपक्व लोकतंत्र, प्राचीन सभ्यता, समृद्ध संस्कृति तथा अनूठा संविधान विश्व भर में एक उच्च स्थान रखता है, उसी तरह भारत की गरिमा एवं गौरव की प्रतीक राष्ट्र भाषा हिन्दी को हर कीमत पर विकसित करना हमारी प्राथमिकता होनी ही चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में हिन्दी को राजभाषा एवं राष्ट्रभाषा के रूप में स्कूलों, कॉलेजों, अदालतों, सरकारी कार्यालयों और सचिवालयों में कामकाज एवं लोकव्यवहार की भाषा के रूप में प्रतिष्ठा मिलनी चाहिए। हिन्दी को सम्मान एवं सुदृढ़ता दिलाने के लिये केन्द्र सरकार के साथ-साथ प्रांतों की सरकारों को संकल्पित होना ही होगा। हाल में महाराष्ट्र, कर्नाटक एवं तमिलनाडू में हिन्दी विरोध की स्थितियां उग्र बनी। हिन्दी का हर दृष्टि से इतना महत्व होते हुए भी इन राज्यों में इसकी इतनी उपेक्षा क्यों? क्षेत्रीय भाषा के नाम पर हिन्दी की अवमानना एवं उपेक्षा के दृश्य उभरते रहे हैं, लेकिन प्रश्न है कि हिन्दी को इन जटिल स्थितियों में कैसे राष्ट्रीय गौरव प्राप्त होगा। दरअसल बाजार और रोजगार की बड़ी संभावनाओं के बीच हिंदी विरोध की राजनीति को अब उतना महत्व नहीं मिलता, क्योंकि लोग हिंदी की ताकत को समझते हैं। पहले की तरह उन्हें हिंदी विरोध के नाम पर बरगलाया नहीं जा सकता।

हिन्दी भाषा का मामला भावुकता का नहीं, ठोस यथार्थ का है, राष्ट्रीयता का है। हिन्दी विश्व की एक प्राचीन, समृद्ध तथा महान भाषा होने के साथ ही हमारी राजभाषा भी है, यह हमारे अस्तित्व एवं अस्मिता की भी प्रतीक है, यह हमारी राष्ट्रीयता एवं संस्कृति की भी प्रतीक है। भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति से आक्सीजन लेने वाले दल एवं नेता भी अंग्रेजी में दहाड़ते देखे गये हैं। राजनेता बात हिन्दी की करते हैं, पर उनका दिमाग अंग्रेजीपरस्त है, क्या यह अन्तर्विरोध नहीं है? हिन्दी को वोट मांगने और अंग्रेजी को राज करने की भाषा बनाना हमारी राष्ट्रीयता का अपमान नहीं हैं।

# इतिहास में आज का दिन

13 सितंबर का इतिहास विश्व की अनेक महत्त्वपूर्ण घटनाओं से जुड़ा हुआ है, जो राजनीति, समाज, संस्कृति, साहित्य और विज्ञान के विभिन्न पहलुओं को प्रतिबिंबित करता है। इस तारीख ने कई बार मानव सभ्यता की दिशा को प्रभावित किया है। यह दिन कभी युद्ध और संघर्षों का गवाह बना, तो कभी शांति, प्रगति और मानवीय मूल्यों की मिसाल प्रस्तुत करता है। इतिहास की गहराई में उतरकर देखने पर स्पष्ट होता है कि 13 सितंबर केवल एक सामान्य तिथि नहीं, बल्कि अनेक स्मृतियों और अनुभवों का संगम है।मध्यकालीन यूरोप में 13 सितंबर 1503 का दिन उल्लेखनीय है, जब माइकल एंजेलो ने पोप जूलियस द्वितीय के आदेश पर रोम के सिस्टिन चैपल की छत पर भित्ति चित्रों का कार्य प्रारंभ किया। कला और वास्तुकला के इतिहास में यह घटना मील का पत्थर मानी जाती है। माइकल एंजेलो की चित्रकला ने पुनर्जागरण की आत्मा को सजीव रूप दिया और मानवीय रचनात्मकता की अद्वितीय मिसाल कायम की। यह तिथि हमें याद दिलाती है कि कला केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि मानव आत्मा का दर्पण होती है।राजनीतिक दृष्टि से भी 13 सितंबर ने अनेक महत्वपूर्ण घटनाओं को दर्ज किया। 1759 में सात वर्ष के युद्ध के दौरान 'क्यूबेक की लड़ाई' इसी दिन लड़ी गई थी, जिसमें ब्रिटिश सेना ने फ्रांसीसी सेनाओं को हराकर कनाडा पर अपना नियंत्रण स्थापित किया। यह घटना विश्व इतिहास के पन्नों में साम्राज्यवादी विस्तार की दिशा बदलने वाली साबित हुई। ब्रिटेन और फ्रांस के बीच हुए इस युद्ध का असर न केवल कनाडा की किस्मत पर पड़ा, बल्कि अमेरिका और यूरोप की राजनीति को भी लंबे समय तक प्रभावित करता रहा।भारत के स्वतंत्रता संग्राम में 13 सितंबर 1929 का दिन विशेष रूप से याद किया जाता है। इसी दिन प्रसिद्ध क्रांतिकारी जतीन्द्रनाथ दास का लाहौर जेल में निधन हुआ। वे भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त के साथ लाहौर षड्यंत्र केस में बंदी बनाए गए थे। जेल में अमानवीय परिस्थितियों और अस्वच्छ भोजन के विरोध में उन्होंने 63 दिनों तक भूख हड़ताल की और अंततः शहीद हो गए। उनका बलिदान भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरक गाथा बन गया। जतीन्द्रनाथ दास की शहादत ने पूरे देश में जनआक्रोश को जन्म दिया और युवाओं को स्वतंत्रता की लड़ाई में कूदने के लिए प्रेरित किया।विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी 13 सितंबर का महत्व है। 1899 को हेनरी ब्लिस नामक व्यक्ति न्यूयॉर्क शहर में ऑटोमोबाइल दुर्घटना का शिकार बना और इतिहास में दर्ज पहली बार किसी व्यक्ति की मौत कार से टकराकर हुई। यह घटना आधुनिकता के विकास के साथ आने वाली चुनौतियों की ओर संकेत करती है। वाहन आज मानव जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं, लेकिन यह घटना हमें याद दिलाती है कि हर प्रगति अपने साथ जोखिम भी लाती है और सुरक्षा को नज़रअंदाज़ करना घातक हो सकता है।साहित्य और समाज सुधार के क्षेत्र में भी यह दिन महत्वपूर्ण है। 13 सितंबर 1592 को फ्रांस के महान नाटककार मिशेल द मॉन्तेन का निधन हुआ। वे पुनर्जागरण काल के चिंतक और निबंधकार थे, जिन्होंने आत्मचिंतन और अनुभवजन्य लेखन को नए आयाम दिए। उनके विचारों ने आधुनिक यूरोपीय समाज और साहित्य को गहराई से प्रभावित किया। इसी तरह, इस दिन से जुड़ी अनेक घटनाएँ हमें बताती हैं कि

समसामयिक

# गीतामता पर अनूठी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता


डॉ. सुरेश गर्ग

श्रीमद्भगवद् गीता पर प्रश्न खड़ा करना यानी सनातन धर्म के विरुद्ध जाना समझा जाना चाहिए, लेकिन गीतामाता यही संदेश देती है कि बिना प्रश्न खड़े किये सच्चा ज्ञान प्राप्त नहीं किया जा सकता! अर्जुन जैसा भगवान कृष्ण भक्त बार-बार अज्ञानियों की तरह प्रश्न खड़े करके ही सच्चा ज्ञान प्राप्त कर सका और दुनिया को दे सका। इसी 'सत्य' (प्रश्न खड़ा करना) पर अडिग बने रहने के कारण ही 'सुकरात' को सजा के रूप में जहर का प्याला पीना पड़ा था। एक तरफ़ा संवाद, जानकारी, प्रवचन आदि पुरोहितायी अहंकारी व्यापारिक प्रवृत्ति के द्योतक होते हैं या फिर विरासती अंधविश्वास के प्रतीक! सामान्यतया गीता-स्वाध्याय, गीता-प्रवचन, गीता-व्याख्यान, गीता-पाठ ,गीता-उत्सव आदि सुने और देखे गये हैं, परन्तु जब विदिशा में सार्वजनिक वाचनालय एवं पुस्तकालय के द्वारा गीतामाता पर स्कूल के विद्यार्थियों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कराने का प्रस्ताव आया, तो यह बहुत विस्मित एवं रोमांचित करने वाला था...! वह भी उस समय जब धर्म-संस्कृति को लेकर किशोर और युवाओं को सोशल मीडिया एवं संचार माध्यमों पर अहंपूर्ण स्वार्थवश वैमनस्यपूर्ण एवं छद्म आधी-अधूरी जानकारियाँ दी जाकर भटकाया जा रहा है, तब सत्य पर आधारित गीतामाता पर सकारात्मक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित किये जाने वाली ख़बर दम घोटू प्रदूषित सामाजिक वातावरण में शीतल निर्मल मलय बयार के झोंके तरह रोमांचित करने वाली लगी...! इस मुश्किल कार्य के क्रियान्वयन की महती जिम्मेदारी प्रो. के. के. पंजाबी को दी गयी, जो स्थानीय इंजीनियरिंग कॉलेज के वरिष्ठतम प्रोफेसर हैं। नगर के सहज, सरल समर्पित बुद्धिजीवी सूफ़ी समाजसेवी- जिस काम को वे हाथ में लेते हैं उसे बिना किसी दिखावे के तन-मन-धन से सफल बनाने में कोई कसर नहीं रखते; और श्रेय दूसरों को देते हैं। विगत वर्षों उनके संयोजकत्व में 'गांधी दर्शन' एवं 'ग़ालिब' पर आधारित इसी प्रकार की प्रतियोगिता अभूतपूर्व सफलता के साथ आयोजित हो चुकी हैं। लेकिन इस बार का विषय स्कूल विद्यार्थियों से लेकर उनके पालक और शिक्षकों के लिए भी 'आउट ऑफ सिलेबस' जैसा मुश्किल था। क्योंकि गीतामाता पर आधारित रहस्यमय आध्यात्मिक प्रश्नों के हल को लेकर जब आज तक हुए महापुरुष भी एक मत नहीं हो सके, तब स्कूली बालकों से क्या उम्मीद की जा सकती है...! अत: इस विषय को जानते ही अध्यापकों तक कि इंद्रियाँ सुप्त हो गयीं! किसी भी स्कूल से कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी। परन्तु 'जहाँ चाह वहाँ राह'! प्रो. पंजाबी की विश्वसनीयता जिले में इतनी अधिक है कि सभी स्कूलों के प्रभारी इस पर सोचने को मज़बूर ज़रूर हो गये...! जब कहीं से कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी तो पंजाबीजी स्वयं क़रीब २०-२५ स्कूलों में गये और व्यक्तिगत रूप से उनसे मिलने के बाद क़रीब बीस स्कूल कुछ शर्तों के साथ इसमें भाग लेने को तैयार हो गये। इसके बाद पंजाबीजी ने क़रीब तीन सौ प्रश्नों की प्रश्नावली बनाकर प्रत्येक स्कूल को भेज दी, ताकि बच्चे- शिक्षक और पालक की मदद से संबंधित गीतामाता का अध्ययन करते हुए उनका हल निकालने का प्रयास कर सकें! यही नहीं, उन्होंने कुछ वी. डी. ओ. बनाकर यू ट्यूब पर डाल दिये, ताकि उन्हें देख-सुनकर संबंधितों को कुछ संकेत मिल सकें! क़रीब एक-डेढ़ माह सारी तैयारियों के बाद हर स्कूल में लिखित प्रतियोगिता आयोजित करायी गयी, जिसका पेपर पंजाबीजी ने बनाकर हर स्कूल को भेजा। जिले के क़रीब 1500-२००० बच्चों नें उसमें भाग लिया और 13 स्कूलों से २६ टीमें (५२ विद्यार्थी) फायनल क्विज प्रतियोगिता के लिए विदिशा आयीं। इस संपूर्ण आयोजन के दौरान हज़ारों विद्यार्थी, पालक एवं शिक्षक गीतामाता विमर्श से क़रीब दो माह जुड़े रहे।जहाँ सैंकड़ो परिवारों में धर्म-संस्कृति का पुनर्जागरण हुआ, वहीं स्कूलों में सकारात्मक सांस्कृतिक वातावरण बना। प्रतियोगिता के अंतिम दौर-क्विज प्रोग्राम में जिले की २६ टीमों ने भाग लिया, जो 'वाचनालय' के हाल में बिना किसी उदघाटन-समापन एवं विज्ञापनी दिखावे के गांधीदर्शन के अनुरूप आयोजित किया गया। जीतने वाली टीमों को पहला पुरस्कार 5000रूपये का 'डोलफिन' स्कूल बासौदा को, दूसरा-3000रूपये का 'नवांकुर विद्यापीठ' बासौदा को और तीसरा सांत्वना पुरस्कार 1000रूपये का नवांकुर विद्यापीठ को एवं समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं गांधीजी द्वारा लिखित गीतामाता एवं अनासक्त योग पुस्तकें प्रदान की गयीं। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी स्कूलों के करीब 1500 से अधिक प्रतिभागियों एवं संबंधित अध्यापकों को प्रमाण पत्र एवं पुस्तकें प्रदान की गयीं। कार्यक्रम का संचालन सुश्री प्रतीक्षा शर्मा एवं सुश्री संजना गौहर ने किया। यह पूरा आयोजन सीमित संसाधनों वाले 'सार्वजनिक वाचनालय' एवं उसके कुछ सदस्यों द्वारा सफलतापूर्वक क्रियान्वय किया गया। काश! इसमें शासकीय विभागों की साझेदारी और हो जाती तो पूरा जिला लाभान्वित हो सकता था! पंजाबीजी द्वारा तैयार की गयी प्रश्नोत्तरी का यदि सदुपयोग किया जाये तो इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ द्वारा देश में धर्म-सांस्कृतिक पुनर्जागरण का काम किया जा सकता है!

# आपदा का घर बना हिमालय: सुरेश भाई

हिमालय ऋषि- मुनियों और संत-महात्माओं की तपस्थली रही है। उन्होंने यहां वेद, पुराण और उपनिषदों की रचना की है। यह काम वे इसलिए कर पाये कि उन्हें यहां शांति की अनुभूति होती थी। हिमालय की जैव विविधता के कारण आपदा सिर झुका कर चली जाती थी। यहां की संकरी घाटियां, ऊंची-ऊंची बर्फीली चट्टानें और उनकी कंदराओं में रहने वाले आदिवासी और वनवासी किसी देवी-देवता से कम नहीं थे जो यहां की प्रकृति के साथ जीना जानते थे।वनों के बीच से ही उनकी आजीविका चलती थी। तब उन्हें यहां कठिन जीवन जैसा अनुभव नहीं होता था। ऋषि-मुनि मनुष्य और प्रकृति के बीच के रिश्ते को समझते थे। इसलिए वे यहां की शांत वादियों में कभी भी ऊंची आवाज से बात नहीं करते थे। चार धाम के मंदिरों में भी ऊंची आवाज में शंख नहीं बजता था।क्योंकि यहां की सुरीली आवाज़ तो नदियों में बहते जल की कल-कल, छल-छल की ध्वनि से ही संगीत और साहित्य को जन्म देती थी। हवा के झोंकों में हिलते-डुलते पेड़-पौधे जीने का साहस सिखाते थे।प्रकृति और मनुष्य के बीच में एक सृजनात्मक संबंध था।मनुष्य जितना पानी लेता था उतने ही तालाब बनाता था। पशुओं को पालकर पेड़ों को खाद भी देता था। अपने दैनिक जीवन के लिए चार पत्ती, फल, रेशेदार पेड़ों की रक्षा करता था। लेकिन अब समय बदल गया है मनुष्य ने प्रकृति के साथ जीने के जो संयमित नियम- कानून बनाये थे। उसका उल्लंघन करना शुरू कर दिया है। जिसके बाद प्रकृति का रौद्र रूप इतना विकराल हो चुका है कि आगे किसी भी प्राणी के लिए हिमालय में रहना मुश्किल होता जा रहा है जो मैदानी क्षेत्रों में भी भीषण आपदा पैदा कर रही है। मनुष्य पछतावे के रुप में चालाकी से अपनी करतूत को जलवायु परिवर्तन से जोड़ रहा है।इस सत्यता को हासिल करने के लिए दुनिया के लोग जलवायु सम्मेलन भी कर रहे हैं। लेकिन जब वहां से लौटते हैं तो वे अपने-अपने देश में उन शर्तों को लागू ही नहीं कर पाते हैं जो जलवायु नियंत्रण के लिए बहुत आवश्यक है।इसी के चलते जलवायु संकट के शिकार लोग हो रहे हैं। हिमालय जलवायु को नियंत्रित करता है। इसके बावजूद भी उदाहरण है कि भारतीय हिमालय क्षेत्र क्यों भीषण आपदा की चपेट में आ गया है? इस बरसात में जिस तरह से जल प्रलय का सामना किया गया है।उस पर प्राकृतिक और मानवीय दोनों आपदा पर चर्चा फिर शुरू हो गयी है। इसके बावजूद भी मनुष्य प्रकृति के साथ अपनी जिम्मेदारी को समझने के लिए तैयार नहीं है। इस विपरीत परिस्थिति में देश की सुप्रीम अदालत के निर्णय बहुत काबिले तारीफ है। यदि भविष्य में उसकी अनदेखी हुई तो फिर हमें बचाने कोई नहीं आयेगा। सामाजिक कार्यकर्ता, पर्यावरणविद्, वैज्ञानिक वर्षों से कह रहे है कि विकास परियोजनाओं की समीक्षा के लिए विशेषज्ञ समिति होनी चाहिए। जिसके द्वारा वैज्ञानिक दृष्टिकोण के आधार पर परियोजनाओं के संदर्भ में सही पर्यावरणीय प्रभाव का आकलन हो।जिसमें संशोधन सुझाया जाए।टिकाऊ विकास को सुनिश्चित किया जाय।इससे विकास तो होगा ही प्रकृति और संसाधनों का संरक्षण भी होगा।आपदा को नियंत्रित किया जा सकता है। हिमाचल में बाढ़ के दौरान रावी नदी में बहकर आए अंधाधुंध लकड़ी का संज्ञान लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 4 अगस्त को कहा कि बड़े पैमाने पर वनों का कटान हो रहा है। वन माफियाओं ने जंगल काटकर छुपा कर रखे हैं जो बरसात में बहकर नदियों में आ रहे हैं। यह कोई अतिशयोक्ति नहीं है कि हिमालय के ऊंचे से ऊंचे स्थान पर वनों का व्यावसायिक दोहन बड़ी मात्रा में हो रहा है। लाखों पेड़ों को राजस्व के लिये एक दिन में काटा जा रहा है। बड़े-बड़े पेड़ों को काटने से चट्टाने आस्थिर हो जाती है जो बरसात में भूस्खलन का रुप लेता है।हर साल जंगलों में भीषण आग भी भूस्खलन को न्योता दे रही है।इसके अलावा नदियों के किनारे बन रही सड़कों के चौड़ीकरण में अंधाधुंध पेड़ों का कटान हो रहा है। उदाहरण है कि चारधाम में ऑल वेदर रोड के निर्माण के दौरान लाखों छोटे बड़े पेड़ काटे गये है।आगे भी भागीरथी जैसे संवेदनशील जोन में अमूल्य वन प्रजाति देवदार के पेड़ों पर संकट मंडरा रहा है। भागीरथी इको सेंसेटिव जोन 2012 में बन गया था।जिसकी शर्तों को लागू करने में लापरवाही बरती गयी है।जबकि भागीरथी यमुना का क्षेत्र मेंन सेंट्रल थ्रस्ट जोन में आता है।यदि पिछले 13-14 वर्षों में इसको नियमानुसार क्रियान्वित किया जाता तो बार-बार आ रही आपदाओं को कम किया जा सकता था।मानवीय आपदा की सच्चाई यह भी है कि 5 सितंबर तक हिमाचल में 1115, उत्तराखंड में 520, जम्मू कश्मीर में दर्जनों सड़के बंद पड़ी थी। इसका कारण है कि चौड़ी सड़कों के निर्माण के दौरान विस्फोटों और जेसीबी मशीनों के उपयोग करने से पहाड़ की रीढ़ के ऊपर थमी हुई मिट्टी बरसात के समय नदियों की तरफ बहने के लिए मजबूर हो गई है। पहाड़ों पर भूकंप से भी दरारें आ रखी है। जंगल कटने से भी गांव के ऊपर से भूस्खलन होता है।कारण स्पष्ट है कि तीर्थाटन को भूलकर पर्यटन संस्कृति के विकास के लिए नदी नालों के मुहाने पर उग आयी बस्तियों के नियंत्रण पर सोचा ही नहीं गया है। और उसे विकास की संज्ञा दी गई है। बाजारीकरण और पर्यटन स्थलों के समीप आकर रोजगार के लिए लोग अपना गांव छोड़ रहे है। जहां पर ग्लेशियरों और झीलों से आ रहे गाड़-गदेरों और नदियों के मुहाने पर बन रही इमारतें भूस्खलन की चपेट में आकर भारी जन-धन की हानि हो रही हैं।पुराने समय में भी नदियों में आज की तरह ही जल प्रलय होता था।लेकिन तब लोगों के घर,होटल नदी के किनारे नहीं होते थे। ध्यान रहे कि जहां-जहां पर भीषण आपदा आ रही है वहां दोबारा लोगों को बसाना बहुत जोखिमपूर्ण होगा। क्योंकि 5 अगस्त के बाद धराली,हर्षिल में क्रमशः खीर गंगा और तिल गाड़ में श्रीकंठ पर्वत ( 12000 फीट ) से तीसरी बार ग्लेशियर का पानी बड़ी मात्रा बहकर आया है। जिससे भागीरथी पर बनी झील में फिर से मलवा जमा हो गया है। हिमालय के ऊंचे पर्वत शिखरों से बर्फीली झीलें कहर बरपा रही है। इस बार 2013 की केदारनाथ आपदा से अधिक नुकसान हुआ है। यमुनोत्री में भी स्याना चट्टी के पास तीसरी बार झील बनी है। जिसके कारण आसपास के दर्जनभर गांव पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं।आपदा राहत और पुनर्वास के लिए केंद्र से अकेले उत्तराखंड ने ही 5 हजार करोड़ की मांग की है। हिमाचल में इससे दुगना है। इस तरह से बजट की मांग कब तक होती रहेगी। अच्छा हो कि हिमालय क्षेत्र के विकास का मॉडल मैदानी मानकों से अलग हो। जहां पर हिमालय की भौगोलिक संरचना को ध्यान में रखकर निर्माण हो जिससे यहां के छोटे और सीमांत किसानों की आजीविका बची रहे। निचले क्षेत्रों को भी बचाया जा सके। तीर्थ यात्रियों को भी सुरक्षा मिले। सुरंग आधारित परियोजनाओं पर रोक लगें। उदाहरण है कि ऋषिकेश- कर्णप्रयाग रेल लाइन की सुरंग के ऊपर 30 से अधिक गांव में दरारें आने से भूस्खलन का खतरा बना हुआ है।बड़े बांध विनाशकारी साबित हो रहे हैं क्योंकि मौजूदा बांधों से छोड़े जा रहे पानी से निचले क्षेत्र में बाढ़ की जैसी स्थिति पैदा होने से अपार जनधन की हानि हो रही है।जल,वन,ग्लेशियर, बुग्याल,जैव विविधता संरक्षण, सूक्ष्म जल विद्युत की दिशा में कदम बढ़ाने की आवश्यकता है।जिसके लिए हिमालय की अलग नीति हो।

*(लेखक, सामाजिक कार्यकर्ता)*

## 9 अक्टूबर को लखनऊ में गांधी प्रतिमा हजरतगंज लखनऊ में प्रदेश स्तरीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा



कानपुर, उ.प्र.स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ अपनी 13 सूत्रीय लम्बित मांगो के समाधान हेतु अनेको नेक प्रयास करने के बाद किसी भी बिन्दु पर गत वर्षो से कोई निर्णय/आदेश जारी नगर विकास विभाग द्वारा जारी नही किया जा सका। इन्ही समस्याओं के समाधान हेतु प्रमुख सचिव नगर विकास के स्तर पर लगभग 6 प्रमुख रूप से महासंघ के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक कर समयबद्ध निस्तारण के आदेश निदेशक स्थानीय निकाय व सम्बंधित अनुभागो को दिए गए थे यही नही नगर विकास मंत्री द्वारा दो से तीन बार लिखित रुप से प्रमुख सचिव नगर विकास को समय वृद्घ समस्याओं के समाधान हेतु आदेशित किया जा चुका है। महासंघ की मांगो में वह समस्याएं है जिन पर समय समय पर प्रदेश सरकार द्वारा निर्णय लेकर शासनादेश भी जारी किए जा चुके है, अब इन आदेशो का केवल नगर विकास विभाग द्वारा क्रियान्वयन किया जाना है, कुछ आदेश तो पिछले 9 वर्ष से व कुछ आदेश चार वर्षो से नगर विकास व निदेशालय स्तर पर केवल खाना पूरी कर रहे, वही आज आजादी के 78 वर्ष के बाद भी प्रदेश के अकेन्द्रियत निकाय कर्मचारियो जितनी संख्या हजारो हजार में होगी, उनकी अभी तक सेवा नियमावली ही नही बन सकी, जिससे जो कर्मचारी जिस पद पर नियुक्त हो रहा उसी पर सेवानिवृत्त हो रहा, कोई पदोन्नत नही और न ही पूरी सेवाकाल में कम से कम तीन पदोन्नत के अवसर ही मिल रहे।

## किसानों की समस्याओं को समझते हुए की पहल, खाद वितरण व्यवस्था पारदर्शी बनाने पर दिया जोर



कानपुर देहात।किसानों की जरूरतों को देखते हुए प्रदेश सरकार की मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक प्रतिभा शुक्ला ने शुक्रवार को स्वयं सहकारी समिति रैपालपुर में बैठकर किसानों को यूरिया खाद का वितरण कराया। लंबे समय से खाद की मांग को लेकर किसानों में चिंता बनी हुई थी। जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक प्रतिभा शुक्ला ने तत्काल सोसायटी पहुचकर व्यस्थाओं की समीक्षा की और खुद मौके पर बैठकर एक-एक किसानों को खाद वितरण कराई। मंत्री ने कतार में खड़े किसानों से सीधे संवाद किया और उनकी परेशानियां सुनी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार किसानों के हित में लगातार काम कर रही है और खाद की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी किसान खाद से वंचित न रहे और वितरण प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से की जाये। खाद वितरण के दौरान मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि किसान देश की रीढ़ हैं और उनकी मेहनत से समाज का पेट भरता है। ऐसे में खाद जैसी बुनियादी जरूरतों में किसी भी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### लड़कियों के न्यूड वीडियो बनाने वाले आरोपी

# कैंटीन संचालक ने पुलिस के सामने नाटकीय अंदाज में सरेंडर किया



नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह

कानपुर में लड़कियों के न्यूड वीडियो बनाने वाले आरोपी कैंटीन संचालक ने पुलिस के सामने नाटकीय अंदाज में सरेंडर किया है। आरोपी को खुद के एनकाउंटर का डर था, इसलिए उसने अपने 15-20 साथियों को एक होटल में बुलाया। फिर वहां से वीडियो बनाकर जारी किया।

शुक्रवार को जहानाबाद के होटल में पुलिस पहुंची और आरोपी को पकड़कर ले गई। वह मास्क लगाकर होटल में कमरे में बैठकर पुलिस का इंतजार करता रहा।

9 सितंबर को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के आदेश पर नौबस्ता पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था। दो टीमें आरोपी की तलाश में लगी थीं। लेकिन आरोपी ने सरेंडर कर दिया।

नौबस्ता निवासी एक व्यक्ति ने बीते दिनों पुलिस से शिकायत की। बताया, मेरे मोहल्ले के एक मकान में किराए पर प्राइवेट अस्पताल हॉस्पिटल है। हॉस्पिटल में फतेहपुर जहानाबाद निवासी केशव उत्तम कैंटीन चलाता है। मेरी 14 साल की बेटी कक्षा 8 में पढ़ती है। एक दिन आरोपी केशव ने उसे बहाने से अस्पताल बुला लिया। यहां उसने बेटी को बंधक बना लिया। उसके साथ रेप किया और वीडियो बना लिया। इसके बाद से वह लगातार मेरी बेटी को परेशान करने लगा। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसने कई बार बेटी के साथ रेप किया।

एक दिन बेटी घर में गुमसुम बैठी थी। मैंने उससे इसकी वजह पूछी। उसने बताया, केशव मेरे साथ छेड़छाड़ करता है। इसके बाद मैंने केशव को चेतावनी दी। लेकिन वह नहीं सुधरा।

### मोबाइल में मिले 20 लड़कियों के साथ न्यूड वीडियो

पीड़िता के पिता ने कहा, एक दिन केशव मेरी बेटी को खींचकर अपने साथ ले जा रहा था। उसका वीडियो वायरल करने की धमकी देकर संबंध बनाने का दबाव बना रहा था। जानकारी मिलते ही मैं परिवार के साथ पहुंच गया। बेटी को छुड़ाने के साथ ही केशव को पीटा। तभी उसका मोबाइल वहां गिर गया। इस दौरान केशव भाग निकला। उसके फोन का पासवर्ड मेरी बेटी को पता था। उसने लॉक खोला। केशव के मोबाइल फोन की गैलरी में मेरी बेटी का न्यूड वीडियो था। इसके अलावा कई लड़कियों के भी न्यूड फोटो और वीडियो भी मोबाइल में थे। पीड़िता ने बताया- एक दिन उसने मुझे खुद से नंबर दिया। इसके बाद फोन पर बातचीत शुरू हुई। फोन पर बात शुरू हुई तो उसने कहा कि हम तुम्हें कभी नहीं छोड़ेंगे। आज तक हमने कभी किसी लड़की को नहीं छोड़ा, लड़कियों ने ही हमें छोड़ा है।

## STEM पर जागरूकता एवं अनुपालन कार्यक्रम का आयोजन



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर नगर महिला कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित ₹संकल्प₹ हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन के अंतर्गत सितंबर माह में 10 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज मेडिकल कालेज ऑफ नर्सिंग में छात्राओं के बीच महिला कल्याण विभाग कानपुर द्वारा STEM कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिला कल्याण विभाग से जिला मिशन समन्वयक मोनिका यादव उपाध्याय एवं जेंडर स्पेशलिस्ट शैल शुक्ला, रागनी श्रीवास्तव वन स्टाफ सेंटर से मनोविज्ञानिक राबिया सुल्ताना व कॉलेज के स्टाफ उपस्थित रहे।

## प्रोजेक्ट अम्मा से एनीमिया मुक्त भारत की ओर मजबूत कदम



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर, एनीमिया भारत की सबसे गंभीर जन स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक बना हुआ है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के अनुसार, देश भर में 52% गर्भवती महिलाएं और लगभग 59% किशोरियां एनीमिया से पीड़ित हैं। उत्तर प्रदेश के कानपुर में यह संख्या और भी अधिक चौंकाने वाली है। 63% किशोरियां एनीमिया से पीड़ित हैं और 15% से भी कम गर्भवती महिलाएं अनुशंसित 180 दिनों तक आयरन-फोलिक एसिड (आईएफए) की खुराक लेती हैं। एनीमिया केवल एक स्वास्थ्य समस्या नहीं है। यह शिक्षा, उत्पादकता, सुरक्षित मातृत्व और राष्ट्रीय प्रगति में भी बाधा है। इस पृष्ठभूमि में, 'आर्टिस्ट फॉर हर' (एशियन रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट फॉर स्किल ट्रांसफर) ने मातृ पोषण को आगे बढ़ाने और भारत सरकार के एनीमिया मुक्त भारत के प्रमुख लक्ष्य की दिशा में प्रगति में तेजी लाने के लिए 'विटामिन एंजेल' एलायंस के साथ साझेदारी की है।इस पहल के एक हिस्से के रूप में आर्टिस्ट ने एक अभिनव डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करके कानपुर नगर के दो ब्लॉकों की मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं (आशा) और स्टाफ नर्सों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया है। यह क्षमता-निर्माण मॉडल यह सुनिश्चित करता है कि अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ता न केवल मातृ पोषण से संबंधित नवीनतम वैज्ञानिक ज्ञान से अवगत हों, बल्कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य परिणामों में वास्तविक बदलाव लाने के लिए व्यावहारिक उपकरणों से भी सुसज्जित हो। 'आर्टिस्ट फॉर हर' की अध्यक्ष और सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) डॉ. हेमा दिवाकर ने ज़ोर देकर कहा, यह सहयोग जमीनी स्तर के स्वास्थ्यकर्मियों तक अत्याधुनिक डिजिटल प्रशिक्षण और वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को पहुंचाने में एक मील का पत्थर है।

## जिलाधिकारी ने की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के संबंध में बैठक, दिये निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर देहात, जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान अंतर्गत संबंधित अधिकारियों व बैंकर्स के साथ बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों व बैंकर्स को अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि योजना के तहत प्राप्त आवेदनों को शीघ्रता से स्वीकृत किया जाए, ताकि युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने में तेजी लाई जा सके। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सरकारी योजनाओं से संबंधित पत्रावलियों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। आवेदकों को कागजी कार्रवाई के नाम पर परेशान नहीं किया जाए, बल्कि संबंधित विभाग से समन्वय करके आवश्यक दस्तावेज समयबद्ध पूर्ण कराकर ऋण स्वीकृत किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का उद्देश्य शिक्षित और प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है। इस योजना के अंतर्गत नए उद्योग, परियोजनाएं एवं सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे न केवल बेरोजगारों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, बल्कि जनपद की आर्थिक स्थिति भी सशक्त होगी। बैठक में जिलाधिकारी ने बैंकों से योजना के तहत प्राप्त आवेदनों, स्वीकृत आवेदनों तथा ऋण वितरण की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं बैंकर्स को दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अधिक से अधिक युवाओं को इस योजना का लाभ दिलाया जाए। आवेदकों के आवेदन को निर्धारित समय अवधि के भीतर स्वीकृत किया जाए ताकि जनपद के शिक्षित व प्रशिक्षित बेरोजगार स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन0, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, उपायुक्त उद्योग मो0 सउद, एलडीएम, बैंकर्स आदि उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय में हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर हिंदी पखवाड़े एवं प्रतिभा की खोज का शुभारंभ किया

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर रूरी स्थित श्री विशम्भर दयाल त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय में हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर 'हिंदी पखवाड़े' एवं 'प्रतिभा की खोज-2025-26' का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बदलू खां रहे। पूर्व विधायक श्री खान ने 'हिंदी सामन्य ज्ञान' प्रतियोगिता एवं 'निशुल्क प्रतियोगी हिंदी कोचिंग सेंटर' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री खाने कहा कि 'निशुल्क प्रतियोगी हिंदी कोचिंग सेंटर' के संचालन से महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के आलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के युवा-युवतियाँ भी लाभ उठा सकेगें।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की ब्लॉक टास्कफोर्स की बैठक का आयोजन



नेशनल एक्सप्रेस

कानपुर देहात जिलाधिकारी कपिल सिंह के निर्देश के क्रम में व मुख्य विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व में आज दिनांक-12.09.2025 को विकासखण्ड रसूलाबाद एवं राजपुर के सभागार में खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में सभी सम्मानित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

ब्लॉक रसूलाबाद में प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी द्वारा मिशन वात्सल्य योजनान्तर्गत ब्लाक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की त्रैमासिक बैठक के उद्देश्य की जानकारी दी गई कि जनपद में बच्चों के सशक्त संरक्षणात्मक परिवेश का निर्माण, उचित पालन-पोषण करने, परिवार की देखरेख पाने, प्रतिष्ठा के साथ रहने, बच्चों को हिंसा एवं दुर्व्यवहार से बचाने के उद्देश्य एवं मुख्य चार बिन्दुओं स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं सुरक्षा हेतु समस्त ग्राम/वार्ड/ब्लाक में बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति का गठन किया गया है।

''संकल्प'' हब फॉर इम्पॉवरमेंट ऑफ वूमेन योजनान्तर्गत 10 दिवसीय कार्यक्रम की थीम ''ैज्म्ड क्षेत्र में महिला/बालिकाओं की उपलब्धि '' हेतु श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव जिला मिशन समन्वयक द्वारा बताया गया कि स्टेम ( विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) क्षेत्रों में महिलाओं की भूमिका समावेशी नवाचार को बढ़ावा देने, आर्थिक विकास में तेजी लाने और लैंगिक समानता प्राप्त करने में महत्वपूर्ण है।




मेष : आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, ङ्कूषचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

वृष : सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

मिथुन : नवीन जिम्मेदारी बढने के आसार रहेंगे। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

कर्क : ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। मेहमानों का आगमन होगा। छात्रों को लाभ।

सिंह : आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे।

कन्या : "आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल व समन्वय बनाय। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें।

तुला : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

वृश्चिक : लाभ में आशातीत वृद्घि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय समान रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

धनु : अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

मकर : कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

कुंभ : होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

मीन : राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मनोरथ सिद्घि का योग है।

## प्रभावशाली माफिया अखिलेश के खिलाफ जारी शिकायतों का सिलसिला, जांच कर रही एस आई टी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर। ना केवल उत्तर प्रदेश बल्कि देश के और भी प्रांतों में चर्चा का विषय कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका से जुड़े लोगों की वजह से देश के एकमात्र पहले बहुत प्रभावशाली सफेदपोश अखिलेश दुबे और उनके गिरोह के खिलाफ लगातार मिल रही पीड़ितों की शिकायतों पर सभी आवश्यक कारवाइयां लगातार जारी हैं।

याद रहे कि भारत का यह पहला ऐसा खतरनाक चालाक गिरोह है, जिसने अपनी सफलता का आधार एन केन प्रकारेण सिपाहियों से लेकर पीपीएस और आई पी एस अधिकारियों, पत्रकारों, नेताओं और वकीलों के सहयोग को बना रखा था और उनके सहयोग से ही विष कन्याओं के माध्यम से लोगों के खिलाफ फर्जी मुकदमे दर्ज कराकर ब्लैकमेलिंग जमीनों, मकानों और भूखंडों पर जबरन कब्जे जैसा अपना हर इरादा पूरा कर रहा था।

अब बात कानपुर की पुलिस कमिश्नर के रूप में सरगना अखिलेश दुबे और उसके गिरोह का भंडाफोड़ करने वाले वरिष्ठ आईपीएस अखिल कुमार की। जिनकी अथाह निडरता, जिनकी ईमानदारी और जिनकी कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा ही अखिलेश गिरोह का भंडाफोड़ करने का कारण बनी। इस हिसाब से जुझारू अखिल कुमार अखिलेश, अवनीश और वकील दीनू उपाध्याय जैसे शातिर गिरोह का भंडाफोड़ करने वाले देश के पहले आईपीएस है, जिसके लिए उन्हें सदैव याद रखा जाएगा। इसमें सबसे महत्वपूर्ण अखिलेश दुबे गिरोह, क्योंकि देश में अखिलेश जैसा ऐसा गिरोह पहली बार ही प्रकाश में आया है, जिसमें लोकतंत्र के चारों खंभे पुलिस, पत्रकार, वकील और नेता भी शामिल है। इसीलिए सरगना अखिलेश को जेल भेजना और उसके गिरोह का भंडाफोड़ करना आदमखोर शेर की माद में हाथ डालने से भी ज्यादा खतरनाक था। केवल वही नहीं, उसके साथ और भी कई आदमखोर। वह भी साधारण नहीं। असाधारण। सरगना अखिलेश से लाभ उठाने के मामले में केवल भ्रष्ट नहीं महाभ्रष्ट, जिनकी अखिल कुमार के खिलाफ साजिशें भी बदले के इरादे से लगातार जारी बताई जातीं है।

### सड़क सुरक्षा पर जागरूकता के लिए 6 अक्टूबर को सभी विद्यालयों में होंगे कार्यक्रम

# जीवन है अनमोल, यातायात नियमों का करें पालन, दुर्घटना में न गंवाए जान: डीएम

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह




कानपुर नगर, जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति एवं यातायात प्रबंधन की बैठक में जनपद में सड़क सुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में तय हुआ कि 6 अक्टूबर 2025 को जिले के सभी विद्यालयों में अंतिम शिक्षण घंटे में सड़क सुरक्षा विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक और बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि गोष्ठियों का उद्देश्य छात्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना, सड़क पर सतर्कता की आदत विकसित करना और दुर्घटनाओं से बचाव के व्यावहारिक उपायों को समझाना होना चाहिए। विद्यालयों में निबंध, चित्रकला और वाद–विवाद प्रतियोगिताएँ भी कराई जाएँगी ताकि विद्यार्थी रचनात्मक तरीके से संदेश आत्मसात कर सकें। डीएम ने कहा कि जीवन अनमोल है। आमजन यातायात नियमों का पालन करे। दुर्घटना में अपनी जान न गंवाए। दो पहिया वाहन चालक हेलमेट जरूर पहने। 6 अक्टूबर को प्रस्तावित कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य तथा संबंधित विभागों के अधिकारी भी भाग लेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यार्थी केवल सहभागी न बनें, बल्कि अपने परिवार और समाज में सड़क सुरक्षा के प्रेरक भी बनें।

बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की त्वरित चिकित्सा व्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग–34 पर एल.ए.एस. एंबुलेंस की संख्या चार से बढ़ाकर नौ कर दी गई है। नई एंबुलेंसें बिधनू, घाटमपुर, सजेती, हाइवे, रमईपुर, पटरा और नौबस्ता में स्थापित की गई हैं। इनके माध्यम से दुर्घटनास्थल से घायलों को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाकर जीवनरक्षक उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।

अप्रैल से अगस्त 2025 के बीच 1744 वाहनों पर कार्रवाई कर लगभग ₹713.78 लाख का जुर्माना वसूला गया है। विशेष चेकिंग अभियानों में अब तक 15,058 चालान बिना हेलमेट, 4,866 चालान बिना सीट बेल्ट, 2,523 चालान मोबाइल फोन प्रयोग पर, 663 चालान ओवरस्पीडिंग पर, 170 चालान खराब हालत वाले वाहनों के, 1913 चालान गलत दिशा में चलने वालों के, 321 चालान नो-एंट्री उल्लंघन पर तथा 1595 चालान ओवरलोड वाहनों के किए गए हैं। साथ ही 109 डीएल कैंसिलेशन की कार्रवाई भी की गई है।

### ब्लैक स्पॉट्स पर सुधार और नई व्यवस्थाएँ

एनएच–34 पर तीन इंटरसेप्टर वाहन अत्याधुनिक उपकरणों सहित तैनात किए गए हैं। नगर में चिन्हित आठ ब्लैक स्पॉट्स और आठ प्रोन एरिया पर चेतावनी संकेतक, साइनबोर्ड, रेलिंग, बैरिकेड, रिफ्लेक्टिव पेंट, सोलर ब्लिंकर, थर्मोप्लास्टिक पेंट, स्पीड ब्रेकर डिस्क और सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य चल रहा है। लोक निर्माण विभाग ब्लैक स्पॉट्स के सुधार और किमीवार अयन व शोल्डर मरम्मत का कार्य भी नियमित रूप से कर रहा है। जिलाधिकारी ने भूगर्भ अधिकारी को सख्त निर्देश दिए कि हमीरपुर–सागर मार्ग पर किसी भी दशा में नियम विरुद्ध मोरंग ढुलाई न हो।

# विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी गैर हाजिर

## जिले की गौशालाएं काऊ बेस्ड फार्मिंग हब के रूप में होंगी विकसित

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



मुरादाबाद। विकास भवन के सभागार में आयोजित विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण की गैर मौजूदगी पर जिलाधिकारी अनुज सिंह ने नाराजगी जताते हुए उन्हें जनपद से रिलीव करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण की मूल तैनाती जनपद संभल में है और उन्हें शासन द्वारा मुरादाबाद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी की गैर मौजूदगी पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी ने भी नाराजगी जताई तथा कहा कि उन्हें सप्ताह में बृहस्पतिवार, शुक्रवार और शनिवार को जनपद मुरादाबाद में उपस्थित रहकर विभागीय कार्यों के निर्वहन के लिए निर्देशित किया गया था परंतु विभागीय योजनाओं में खराब प्रगति तथा बैठक में उपस्थित न होना अधिकारी की लापरवाही को प्रदर्शित करता है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उद्यान विभाग, कृषि रक्षा रसायन, पीएम कुसुम योजना, बीज डीबीटी, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, दुग्ध मूल्य भुगतान, दिव्यांगजन पेंशन, गन्ना मूल्य भुगतान, दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण वितरण, आबकारी, ओडीओपी, कन्या विवाह सहायता योजना और आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति सहित विभिन्न विभागों के योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तार पूर्वक समीक्षा की। जिलाधिकारी ने उपनिदेशक कृषि और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि वे जनपद की गौशालाओं को काऊ बेस्ड फार्मिंग हब के रूप में विकसित कराएं। जिसके अंतर्गत गौशालाओं में एकत्रित होने वाले गोबर और गोमूत्र से आधुनिक कृषि तकनीक के आधार पर ऐसे उर्वरक उत्पाद तैयार कराएं जो कृषि में रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर हानिरहित जैविक उर्वरक के रूप में प्रयोग में लाए जा सकें। उन्होंने उप निदेशक कृषि को इस संबंध में निर्देशित करते हुए कहा कि जैविक उर्वरकों को तैयार कराते हुए गौशालाओं के आसपास खेती करने वाले किसानों को भी इसके प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए ताकि लोग जैविक खेती के तरीकों से जुड़ सकें और गौशालाओं में एकत्रित होने वाले गोबर और गोमूत्र का बेहतर उपयोग हो सके। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत स्तर से विभिन्न प्रकार के कार्य कराए जाने के दौरान वित्तीय नियमों का सख्ती से पालन किया जाए। ग्राम प्रधान को किसी सरकारी योजना से संबंधित धनराशि को अपने निजी खाते में लेने का अधिकार नहीं है क्योंकि यह कृत्य सरकारी धनराशि का दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आता है। जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी से न्याय पंचायत वार आयोजित कराए गए कैंप के दौरान चिन्हित जरूरतमंद दिव्यांग जनों की स्थिति के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि जो सहायक उपकरण दिव्यांग जनों को प्रदान किए जाते हैं उनका प्रयोग करने के तरीकों के बारे में भी जानकारी दी जाए ताकि दिव्यांगजन उन सहायक उपकरणों का बेहतर तरीके से प्रयोग कर सकें।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने व्यापारियों के साथ की बैठक आयोजित

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मुरादाबाद। शुक्रवार को होटल राजमहल में रुको रिपरपोज यूज कुकिंग ऑयल की बैठक नमकीन निर्माताओं, रेस्टोरेंट संचालकों तथा अन्य व्यापारियों के साथ जला हुआ तेल के विक्रय हेतु बायोड कंपनी के साथ हुई। इसमें व्यापारियों को बताया गया दो बार से अधिक तेल का इस्तेमाल न करें तथा उसे जली हुई तेल को विक्रय हेतु कंपनी के प्रतिनिधि के साथ वार्ता हुई तथा कंपनी द्वारा आश्वासन दिया गया की जले हुए तेल की अच्छी कीमत देंगे तथा व्यापारियों से अनुरोध किया गया कि वह जले हुए तेल को इकट्ठा करके रखें कंपनी उसे क्रय करेगी बैठक में संजय संजीव तरुण महेश्वरी निर्भय बिश्नोई रवि सैनी अभिषेक जैन राजवीर सिंह, संजय कुमार सागर, राय शरद कुमार सुंदर सिंह तथा बायो कंपनी के प्रतिनिधि विजय कुमार जी उपस्थित थे। उक्त का आयोजन मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी इंद्र बहादुर यादव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी

एसडी सच्चन के नेतृत्व में हुआ। मौके पर सहायक आयुक्त खाद्य राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव एवं अन्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह, रामकिशोर, महिपाल सिंह, प्रजन सिंह, हितेंद्र पाल उपस्थित थे। जले हुए तेल से बायोडीजल बनाने की एक अच्छी परंपरा है। इसका पालन करने से प्रदूषण से मुक्ति व्यापारियों को आर्थिक लाभ और उपभोक्ताओं को स्वस्थ जीवन प्राप्त होगा अतः विभाग आप सभी से निवेदन करता है, कि उपरोक्त में अपनी योगदान देने का कष्ट करें तथा प्रकृति को स्वच्छ रखें।

# एसपी सिटी ने जनसुनवाई में फरियादियों की समस्याएं सुनी

नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी



मुरादाबाद। पुलिस अधीक्षक नगर मुरादाबाद कुमार रणविजय सिंह ने शुक्रवार को मुरादाबाद पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान आम जन की समस्याएं सुनी। इस जनसुनवाई में विभिन्न थानों से आए फरियादियों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं, जिनके त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी सिटी ने जनसुनवाई के दौरान सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे थानों में महिला हेल्पडेस्क और जनसुनवाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाएं ताकि पीड़ितों को बार-बार पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने कहा कि जो शिकायतें थाना स्तर पर निस्तारित की जा सकती हैं, उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर, तय समय सीमा में और गुणवत्तापूर्वक किया जाना चाहिए। एसपी कुमार रणविजय सिंह ने स्पष्ट किया कि पुलिस की प्राथमिकता जनसेवा है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जनसुनवाई कार्यक्रम का उद्देश्य जनता और पुलिस के बीच संवाद स्थापित कर विश्वास को मजबूत करना है।

# धमकाने से बुजुर्ग की मौत, चार पर मुकदमा दर्ज

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



ठाकुरद्वारा। नगर में दबंग के धमकाने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। जीस पर परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर के मोहल्ला 18 निवासी पदम सिंह पुत्र हरकेश सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि वह विकलांग है और चाय की दुकान लगाकर परिवार का पालन-पोषण करता है। आरोप है कि उसके घर के पीछे तालाब व ग्राम समाज की भूमि पर हाजी भूरा अंसारी ने अवैध रूप से इंटर कॉलेज बना लिया। कॉलेज के रास्ते को लेकर पहले से विवाद चल रहा था। इसी रंजिश में हाजी भूरा अपने पुत्रों साफेज, आवेश और परवेज के साथ लगातार धमकियां देता रहा। आरोप यह भी है कि 11 सितंबर की रात सभी आरोपियों ने प्रार्थी के पिता हरकेश सिंह को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस घटना से आहत होकर उनकी तबीयत बिगड़ गई और देर रात करीब 3 बजे उनका निधन हो गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि मृतक द्वारा पहले भी कई बार शिकायत की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। घटना के बाद परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने हाजी भूरा अंसारी व उसके तीन पुत्रों साफेज, और आवेश व परवेज के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महिलाओं को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के महत्व की दी जानकारी

मुरादाबाद। जिले में महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उन्नति करने और सरकार की योजनाओं को लेकर 10 दिवसीय जागरूकता अभियान संपन्न हुआ। 02 सितंबर से 12 सितंबर 2025 तक आयोजित इस 10 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के आखिरी दिन ग्राम फकीरपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। काउंसलर तनिषा दिवाकर ने बताया कि कार्यक्रम में एसटीईएम थीम के अंतर्गत महिलाओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित विषयों के महत्व को लेकर जानकारी दी गई।

# पुलिस मुठभेड़ में गोतस्कर बदमाश के लगी पैर में गोली



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

मूंढापांडे। मुरादाबाद जनपद के मुंढापांडे थाना क्षेत्र के शिवपुरी मुख्य मार्ग स्थित जंगल में अगस्त माह के दौरान बड़ा घटनाक्रम सामने आया। पुलिस टीम की गौ-तस्करों से आमने-सामने मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से चली ताबड़तोड़ फायरिंग के बीच पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ के दौरान कय्युम पुत्र यमीन नामक कुख्यात गौ-तस्कर के पैर में गोली लग गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा आनन फानन में पुलिस ने घायल बदमाश को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार जारी है। इधर इस मुठभेड़ में पुलिस टीम का भी एक अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि इंस्पेक्टर जितेंद्र के पैर में चोट आई है। जिनका उपचार चिकित्सकों की निगरानी में चल रहा है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक गौ-तस्कर लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय थे। और अवैध तस्करी के जरिए कई वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। पुलिस को इन गोतस्कर खिलाफ पुख्ता जानकारी मिली थी। जिसके बाद दबिश दी गई। दबिश के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जिसके चलते यह मुठभेड़ हुई, घटनास्थल से पुलिस ने महत्वपूर्ण साक्ष्य कब्जे में ले लिए हैं। फिलहाल घायल तस्कर से पूछताछ की तैयारी की जा रही है। ताकि गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों तक पहुंचा जा सके। इस मुठभेड़ की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल के पास जमा हो गए। पुलिस प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रण में करते हुए इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। मुठभेड़ को गैतस्वीर बदमाश घायल के पास से गोवध करने के भारी संख्या में उपकरण बरामद किए गए हैं। अन्य आगे की जो जांच पड़ताल है पुलिस द्वारा की जा रही है।

# बूढ़ा मेला आश्रम के दंगल में पहलवानों ने जोर आजमाइश, अध्यक्ष को किया सम्मानित

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



सैफनी। शुक्रवार को बूढ़ा मेला आश्रम के दंगल में गौरक्षा वाहिनी के जिला अध्यक्ष धर्मपाल सिंह लोधी ने पहुंचकर मेले में दंगल पहलवानों से मुलाकात की। पहलवानों ने कुश्ती में अपना दम-खम दिखाया। साथ ही अध्यक्ष ने दंगल ठेकेदारों का बहुत-बहुत धन्यवाद प्रकट किया, कि मुझे पगड़ी पहनाकर मेरा स्वागत एंव सम्मान किया। इस दौरान मेहर अली ग्राम पंचायत पद भजनपुर को भी पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। मेले में सर्कस, झूले, दंगल, मौत का कुंआ के साथ-साथ बच्चों के लिए मनोरंजन के साधन महिलाओं के लिए मीना बाजार आदि का आयोजन किया जाता है। आकर्षण का केंद्र होता है, दंगल में क्षेत्रीय पहलवानों के साथ-साथ हर वर्ष से सैफनी, मेरठ, बागपत, दिल्ली हरियाणा, चंदौसी, अमरोहा आदि स्थानों की प्रसिद्ध पहलवान भी हिस्सा लेते हैं। पहलवानों के लिए भारी संख्या में दंगल प्रेमी दंगल देखने के लिए आते हैं। विजय पहलवानों को इनाम भी दिया जाता है।

# किशोरी से दुष्कर्म का आरोपित अनस गिरफ्तार, गया जेल

मुरादाबाद। मुगलपुरा थाना क्षेत्र में युवक ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपित ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने किशोरी के मां की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता की मां ने दर्ज कराए केस में बताया कि दो सितम्बर की शाम वह घर से बाहर गई थी। घर में उसकी 17 वर्षीय बेटी मौजूद थी। इसी दौरान मुगलपुरा थाना क्षेत्र के वारसी नगर निवासी अनस उसके घर में घुस गया और बेटी के साथ दुष्कर्म किया। किशोरी के विरोध करने पर आरोपित ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद धमकी देकर मौके से भाग गया था। कोतवाली सर्किल की क्षेत्राधिकारी सुनीता दहिया ने बताया कि आरोपित अनस को शुक्रवार दोपहर में गिरफ्तार कर लिया गया और देर शाम न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जिला कारागार भेज दिया है।

# विद्यालय के शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा ऐतिहासिक निर्णय : शिक्षक विधायक




नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

ठाकुरद्वारा। कृषक इण्टर कालेज शरीफनगर में पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं बी.एस.ग्रुप आफ इन्सटीट्यूशन के डायरेक्टर व कृषक इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. बलराम सिहं ने शिक्षक विधायक डॉ. हरी सिहं ढिल्लों का बुके देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। शिक्षक विधायक हरी सिहं ढिल्लों ने संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा विद्यालयों के शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का ऐतिहासिक निर्णय शिक्षक वर्ग के लिए बड़ी राहत है। उन्होंने साथ ही कहा कि शिक्षको की सुरक्षा सम्बन्धित नियमावली व वित्तविहीन शिक्षको के मानदेय को उन्होंने मुख्यमन्त्री से आग्रह किया है। इससे शिक्षक निश्चिंत होकर शैक्षिक कार्यों में अधिक समर्पण से योगदान देंगे। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख डॉ. बलराम सिहं ने शिक्षक विधायक से कहा कि यह सर्वविदित हैं, कि आप शिक्षकों के हितों के लिए सदैव संघर्षरत रहते हैं। शिक्षक हमारे भविष्य के निर्माता है। जो विद्यार्थियों को उनके जीवन में किस प्रकार से कार्य करना है उसको एक अच्छे मार्ग पर ले जाने का कार्य करता है उन्होंने शिक्षको के हित के लिए एनपीएस के स्थान पर ओपीएस, विषय विशेषज्ञों को भी ओपीएस से आच्छादित किया जाये एवं वित्तविहीन शिक्षको को सम्मानजनक मानदेय प्राप्त हो इसके लिए शासन स्तर से नियमावली तैयार कराकर शीघ्र ही लागू किया जायें साथ ही उन्होंने उपस्थित सभी प्रधानाचार्यो, प्रबन्धको व शिक्षको से शिक्षको से आगामी एम.एल.सी. चुनाव हेतु अधिक से अधिक वोट बनवाने का आग्रह किया इस दौरान भगतपुर ब्लॉक प्रमुख संतोष सिहं, बी.एस. इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य सुभाष कुमार, भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष कपिल चौहान, बी.एस. महाविद्यालय के प्राचार्य मुशाहिद उल्ला, हिन्दू रक्षा सेना के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सक्सेना, प्रताप सिहं भूदेव सिहं, पवन कुमार, विक्रान्त नायक, अनिल कुमार, संदीप कुमार, सतीशप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# मुरादाबाद विकास प्राधिकरण का प्रवर्तन अभियान, अवैध निर्माण सीलिंग पर कार्रवाही

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मुरादाबाद। नगर क्षेत्र एवं अधिसूचित क्षेत्रों में अवैध निर्माण व प्लाटिंग के विरुद्ध मुरादाबाद विकास प्राधिकरण का प्रवर्तन अभियान लगातार जारी है। उपाध्यक्ष अनुभव सिंह के निर्देशानुसार शुक्रवार को प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते द्वारा थाना पाकबड़ा क्षेत्र में अवैध निर्माणों पर कार्यवाही की गई। प्रवर्तन कार्यवाही का विवरण क्रम वाद संख्या विपक्षी स्थान क्षेत्रफल कार्यवाही 132/2025-26 मोहम्मद फैजल बाजार रोड, सरताज चिकन शॉप के सामने, कैलसा रोड, पाकबड़ा, जोन-1, सबजोन-1 अवैध निर्माण सील, 134/2025-26 मोहम्मद रऊफ खान सरताज चिकन शॉप के सामने, कैलसा रोड, रोहित इंटरप्राइजेज के बगल में, पाकबड़ा, जोन-1, सबजोन-1 अवैध निर्माण सील कोई भी व्यक्ति बिना प्राधिकरण की स्वीकृति के भूमि उपविभाजन, प्लाटिंग अथवा निर्माण कार्य न करें। अन्यथा ध्वस्तीकरण, सीलिंग व विधिक कार्यवाही की जाएगी जनहित में अपील सभी निर्माण मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेगुलेशन 2025 के अनुसार ही कराएं। अवैध निर्माण, प्लाटिंग की सूचना तत्काल प्राधिकरण को उपलब्ध कराएं। प्रवर्तन अभियान भविष्य में भी सख्ती, पारदर्शिता एवं गंभीरता के साथ जारी रहेगा।

# महिलाओं को घरेलू हिंसा से सुरक्षा के लिए जिले में संचालित संचालित है वन स्टॉप सेंटर

नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी



मुरादाबाद। महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा और उनके सशक्तिकरण के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। महिलाओं को किसी भी प्रकार के उत्पीड़न से सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति जैसे जागरूकता कार्यक्रमों का समय समय पर आयोजन किया जाता है साथ ही वन स्टॉप सेंटर का भी जिले में संचालन किया जा रहा है। वन स्टॉप सेंटर की सेंटर मैनेजर श्रीमती गुंजन शर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा महिलाओं को घरेलू हिंसा, उत्पीड़न और विभिन्न प्रकार के सामाजिक अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए जिले में वर्ष 2018 से वन स्टॉप सेंटर संचालित है। इसमें सेंटर मैनेजर के साथ-साथ प्रशिक्षित काउंसलर, स्टाफ नर्स, केस वर्कर आदि तैनात हैं जो घरेलू उत्पीड़न के मामले में आपसी सुलह-समझौते और काउंसिलिंग के आधार पर समाधान कराती हैं।

जिले में संचालित इस वन स्टॉप सेंटर से बीते 07 वर्षों में 2876 महिलाओं को लाभ मिला है। सेंटर मैनेजर ने बताया कि महिलाओं पर गंभीर अपराधों के मामलों में उन्हें विधिक और कानूनी सहायता भी मुहैया कराई जाती है। पति पत्नी के आपसी झगड़े और ससुराल में महिला के परिजनों द्वारा उत्पीड़न किए जाने के अधिकतर मामले आते हैं। ऐसे मामलों में महिला के पति और उनके परिजनों को केंद्र पर बुलाकर उनकी पूरी स्थिति और उत्पीड़न के कारणों से जुड़ी रिपोर्ट तैयार की जाती है। उसके आधार पर सामूहिक अथवा व्यक्तिगत काउंसिलिंग प्रक्रिया प्रारंभ की जाती है। उन्होंने बताया कि घरेलू हिंसा से पीड़ित महिला को उसके घर से रेस्क्यू करने की भी विभाग द्वारा सुविधा दी गई है। सेंटर की पुलिस रिपोर्टिंग चौकी संचालित है जो महिलाओं को पुलिस सहायता प्रदान कर रही है। सरकार द्वारा एक छत के नीचे परामर्श, रेस्क्यू, मेडिकल सुविधा, अल्पावास और कानूनी सहायता आदि प्रदान की जा रही है।

# मार्कशीट का फर्जीवाड़ा, जाली डिग्री में दो नामजद

मुरादाबाद। मुरादाबाद कटघर थाना क्षेत्र में फर्जी डिग्री और फर्जी मान्यता पत्र के माध्यम से छात्रों से करोड़ों रुपये की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हरदोई निवासी अमरेन्द्र शर्मा की शिकायत पर पुलिस ने दो नामजद और दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अमरेन्द्र शर्मा ने अपनी शिकायत में बताया कि उन्होंने अटल बिहारी पैरामेडिकल हेल्थ साइंस से कुसुमा देवी नर्सिंग इंस्टीट्यूट की मान्यता ली थी। इस प्रक्रिया के दौरान संस्था के डायरेक्टर चंद्रमोहन सक्सेना पुत्र भगवती प्रसाद सक्सेना, निवासी कटघर, मुरादाबाद ने उनसे करीब सात लाख रुपये की रकम ली। इसके बाद संस्थान में लगभग 41 छात्रों का दाखिला कराया गया और प्रत्येक छात्र से भारी-भरकम फीस वसूली गई। शिकायतकर्ता के अनुसार, छात्रों को जो मार्कशीट्स प्रदान की गई। वे सभी फर्जी पाई गईं। छात्रों से वसूली गई फीस का विवरण एनएम कोर्स 25 छात्रों से प्रति वर्ष ₹25,000 की वसूली। डी-फार्मा कोर्सः 8 छात्रों से प्रति छात्र ₹1.50 लाख, बीएमएस कोर्स एक छात्र से ₹ 6 लाख पीड़ित अमरेन्द्र शर्मा का आरोप है कि जब उन्होंने बार-बार अपनी राशि वापस मांगी, तो आरोपी चंद्रमोहन सक्सेना और संजय गोस्वामी ने सिर्फ ₹5 लाख वापस किए, जबकि शेष राशि देने से इनकार कर दिया। इसके उलट, उन्हें गाली-गलौच कर धमकाया गया और जबरदस्ती कार्यालय से भगा दिया गया। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में जल्द ही अन्य आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram
facebook

# नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन के लिए गयी महिला की उपद्रव के दौरान मौत, पति शव लेकर लौटा

महाराजगंज, (भाषा) नेपाल में उपद्रव के दौरान एक होटल की चौथी मंजिल से छलांग लगाने वाली गाजियाबाद की महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई और शुक्रवार को उनके पति शव लेकर महराजगंज जिले की सोनौली सीमा पर पहुंचे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि पति-पत्नी काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन करने गए थे।



गाजियाबाद के ट्रांसपोर्टर रामवीर सिंह गोला (58) और उनकी पत्नी राजेश देवी गोला (55) सात सितंबर को नेपाल की राजधानी काठमांडू गए थे और वे होटल 'हयात रीजेंसी' में रुके थे। परिवार के सदस्यों ने बताया कि भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन और अन्य धार्मिक यात्राओं के बाद नौ सितंबर को वे होटल में ही रुके और जैसे ही अशांति बढ़ी प्रदर्शनकारियों ने होटल में आग लगा दी।

उन्होंने बताया कि शोर, धुआं और आग की लपटों के चारों ओर फैलने से घबराकर दोनों ने जान बचाने के लिए चौथी मंजिल से छलांग लगा दी।

अधिकारियों ने बताया कि बचाव दल ने इमारत की जमीन पर गद्दे बिछा दिए थे, जिस पर गिरने से दोनों की जान बच गई लेकिन पत्नी राजेश देवी गंभीर रूप से घायल हो गई।

उन्होंने बताया कि राजेश देवी को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

रामवीर सिंह ने बताया, "हम गाजियाबाद से काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन करने गए थे। हम वहां एक होटल में रुके थे। नौ सितंबर को जब हम वहां से निकलने लगे, तो कर्फ्यू लगा हुआ था। हवाई अड्डा बंद था। फिर हमने होटल में एक दिन और रुकने का मना बना लिय।"

उन्होंने बताया, "हमने कूदकर अपनी जान बचाने की कोशिश की। इस दौरान मेरी पत्नी घायल हो गईं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां नौ सितंबर को उनकी मृत्यु हो गई।''

राजेश देवी का शव बृहस्पतिवार को नेपाल से एम्बुलेंस में सोनौली सीमा पर लाया गया था।

## नेपाल से भागे कैदियों की घुसपैठ रोकने के लिए एसएसबी और पुलिस ने निगरानी बढ़ाई

बलरामपुर, 12 सितंबर (भाषा) नेपाल में हिंसक प्रदर्शनों के बीच जेलों से कथित तौर पर फरार कैदियों को भारतीय सीमा में घुसने से रोकने के लिए उत्तर प्रदेश की सीमाओं पर तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और पुलिस बल ने निगरानी बढ़ा दी है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

नेपाल की सीमा उत्तर प्रदेश के महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी और पीलीभीत जिलों से लगती है। बलरामपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) विकास कुमार ने बताया कि एसएसबी और पुलिस के अतिरिक्त 400 पीएससी जवानों को तैनात किया गया है। कुमार ने बताया कि बलरामपुर जिले का करीब 85 किलोमीटर का क्षेत्र भारत-नेपाल खुली हुई सीमा से सटा है। उन्होंने बताया कि नेपाल के ज्यादातर नागरिक इन जंगल की पगडंडियों के रास्ते भारत में प्रवेश करते हैं और इस तरह से घुसपैठ को रोकने के लिए एसएसबी और पुलिस के जवान लगातार गश्त कर रहे है। कुमार ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा से लगे बहराइच और सिद्धार्थ नगर जिलों में नेपाल की जेलों से फरार हुए कैदियों की गिरफ्तारी को देखते हुए एसएसबी, पीएसी और पुलिस के जवान सीमा से सटे जंगली क्षेत्रों में लगातार तलाशी अभियान चला रहे हैं।

# सीमा पर शांति भारत सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए: अखिलेश यादव

**लखनऊ,** (भाषा) समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने नेपाल में मौजूदा हालातों के बीच शुक्रवार को कहा कि भारत सरकार की पहली प्राथमिकता पड़ोसी देशों व सीमाओं पर शांति स्थापित करना होनी चाहिए।



उन्होंने केंद्र सरकार पर अपनी विदेश नीति में विफल होने का भी आरोप लगाया।

लाल पगड़ी पहने अखिलेश यादव ने सपा मुख्यालय में आयोजित सिख समुदाय के एक सम्मेलन को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से कहा, "हमारे पड़ोसी देशों में शांति स्थापित हो और सीमाओं पर शांति हो, यह भारत सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।" यादव ने आरोप लगाया, "भारत सरकार अपनी विदेश नीति में कई बार विफल रही है। हमने यह देखा है।"एक बयान के अनुसार, सिख समाज ने अखिलेश यादव पर आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भरोसा जताया है।

यादव ने आभार जताते हुए कहा, "सिख बहादुर कौम है। उन्होंने अपने परिश्रम से जोखिम उठाकर दुनिया भर में अपनी पहचान बनाई है। भारत की मिट्टी के लिए उनके बलिदान कभी भुलाये नहीं जा सकेंगे।" उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्तारूढ़ दल बुराइयों से भरा पड़ा है और उसकी पराजय तय है। यादव ने कहा कि इन दिनों हर जगह पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की हवा बह रही है। सपा प्रमुख ने "पी" का मतलब "प्रगति" भी बताया।

यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार में ऐसी व्यवस्था होगी, जिसमें किसान सीधा बाजार से जुड़ जाएगा और इसके लिए सरकार के सहयोग से मंडिया स्थापित की जाएंगी, जिनका संचालन स्वयं किसान करेंगे और विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा बनेगा। इस अवसर पर सिमरनजीत लाडी ने अखिलेश यादव को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। यादव ने कहा कि जिस व्यक्ति ने उन्हें पगड़ी पहनाई, उन्होंने बताया कि लाल पगड़ी खुशी के समय पहनी जाती है।

# हज़रत मौलाना मशीहुल्ला शाह उर्फ छन्नू मियाँ का सालाना उर्स धूम धाम से मनाया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गोंडा(करनैलगंज)। दरगाह बाबा शहीद मर्द रहमतुल्लाह अलैह कटरा रोड स्थित हज़रत मौलाना मशीहुल्ला शाह उर्फ छन्नू मियाँ का सालाना उर्स बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। जिसमें बृहस्पतिवार की रात्रि महफिले मीलाद महफ़लि शमा के साथ गागर व चादर का आयोजन किया गया।





जहां क़व्वाल शाहवेज वारसी व रफीक वारसी ने सूफियाना कलाम सुनाकर दूर दराज व आस पास से आये हुए अक़ीदत मंदों का खूब मन मोहा।

सुबह वक्त नमाज फ़ज़र ग़ुस्ल मजार पाक व दुनिया मे अमन चैन के लिये दुआ के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस मौके पर सज्जादा नशीन अनवारुल हक़ शाह पप्पू मियाँ ,इसरारुल हक़ शाह लल्लू मियाँ,मेराजुल हक़ शाह गुड्डू मियां, शानू मियाँ,गुलजार मियाँ व ज़की उल्लाह शाह उर्फ डॉक्टर मोहम्मद सलमान, मोलवी समसुद्दीन, मुइनुद्दीन कुरैशी, गुलाम जीलानी, लल्लू कानपुरी,बॉबी रजा सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पिता से झगड़ कर रहे नशे में धुत युवक को पड़ोसी ने मारा थप्पड़, मौत

इटावा (उप्र), (भाषा) इटावा जिले में पिता से झगड़ रहे 19 वर्षीय एक युवक को पड़ोसी ने कथित रूप से थप्पड़ मार दिया, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

निरीक्षक (अपराध) अरिमर्दन सिंह ने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार देर रात की है जब भरथना इलाके का निवासी गौरव नशे की हालत में अपने पिता रघुवर दयाल से कथित रूप से झगड़ रहा था।

सिंह ने बताया कि कुछ पड़ोसियों ने बीच-बचाव किया और उनमें से एक ने गौरव को कथित तौर पर थप्पड़ मार दिया, जिससे वह जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गौरव को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने आरोपी के नाम का खुलासा नहीं किया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# वजीरगंज पुलिस पर एक पक्षीय कार्रवाई का गंभीर आरोप ,एसपी से शिकायत

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



- *भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई थी मारपीट, पुलिस ने एक पक्ष पर दर्ज किया एफआईआर, दूसरे को टरकाते रहे

गोण्डा।आम तौर पर वजीरगंज पुलिस के कारनामें जगजाहिर हैं,जहाँ क्रास मामले में भी पुलिस की एक पक्षीय कार्रवाई आम है।इसी कड़ी में वजीरगंज पुलिस पर एक और गंभीर आरोप लगा है जिसमें भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर हुई मारपीट के मामले में फिर एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए दूसरे पक्ष पर मुकदमा ठोंक दिया। जबकि, दूसरे पक्ष की न तो पीड़ा पुलिस को दिखी और न ही उसकी कोई बात सुनी।

स्थानीय पुलिस की इस पक्षपातपूर्ण कार्रवाई से दुखी होकर पीड़िता ने एसपी से गुहार लगाई है।पुलिस को दिये अपने शिकायती पत्र में वजीरगंज थानाक्षेत्र के पोखईपुरवा चंदापुर निवासिनी पीड़ित महिला नेहा निषाद ने वजीरगंज पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुये बताया कि,उसके चक आउट नंबर पर गाँव के ही भोला यादव,रामदेव,सूरज यादव, राहुल यादव ,सरोज यादव पत्नी भोला यादव ,अर्चना यादव पत्नी रामदेव,रेखा पुत्री भोला और चार - पांच अज्ञात ने पहले जबरन कब्जा करने का प्रयास किया,जब उन्होंने इसका विरोध किया तो सभी लोगों ने पीड़िता के दरवाजे पर चढ़कर गाली गुप्ता देने लगे जब उसने इसका विरोध किया तो भोला यादव के पक्ष ने लाठी-डंडे धारदार हथियार आदि से हमला कर दिया इस दौरान दोनो पक्षों में जमकर मारपीट हुई।

जब दोनो पक्ष थाने पहुंचे तो पुलिस ने दोनो पक्षों के बजाय पीड़िता के पक्ष पर मुकदमा लिख दिया तथा पीड़िता की बात सुने बगैर उसे थाने से भगा दिया और आजकल में लिखने की बात करके उसे टरकाते रहे। बाद में हल्का एस आई वेदराम यादव ने कहा अब तुम्हारा मुकदमा नहीं लिखा जायेगा अधिकारी डांटेंगे, कोर्ट जाओ।अब सवाल यह है कि,क्या थाने के दरोगा को नहीं पता कि,यदि कोई घर पर चढ़कर किसी को मारने का प्रयास करेगा तो आत्मरक्षा में दूसरी ओर से भी प्रतिक्रिया होगी,जिसमें किसी को कम तो किसी को ज्याद चोटें लग सकतीं हैं तो क्या इसमें क्रास एफआईआर दर्ज नहीं होगी?

सब जानते हैं पर सिक्कों की चमक में अंधे होकर वह कानून की धज्जियाँ उड़ा देते हैं। बहरहाल है तो यह वजीरगंज पुलिस लेकिन एक पक्षीय कार्रवाई से पुलिस ने अब भविष्य में और बड़े संघर्ष की पृष्ठभूमि तैयार तो कर ही दी है।

# बलिया में गैर इरादतन हत्या के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

बलिया, (भाषा) उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के बांसडीह थानाक्षेत्र में पिछले दिनों बेरहमी से पिटाई करने के बाद युवक पर तेजाब डालकर उसकी कथित तौर पर हत्या करने के मामले में चार आरोपियों को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।



पुलिस के मुताबिक, एक आरोपी ने पूछताछ में खुलासा किया कि जिस युवक की हत्या की गयी, वह उसकी बहन को परेशान करता था। पुलिस ने बताया कि बांसडीह थाना क्षेत्र के हुसैनाबाद गांव निवासी राजकुमार तिवारी पर कुछ लोगों ने हमला किया था।

पुलिस के मुताबिक, राजकुमार की पिटाई करने के बाद उस पर तेजाब डाल दिया गया था। पुलिस ने बताया कि गम्भीर रूप से घायल राजकुमार की मंगलवार रात को मऊ के एक अस्पताल में मौत हो गयी थी।

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि इस सिलसिले में पहले दर्ज किये गये मुकदमे में आपराधिक साजिश और गैर इरादतन हत्या के आरोपों को जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने बृहस्पतिवार को आरोपियों दुर्गेश कुमार पांडेय, संगीता पांडेय, दुर्गेश उपाध्याय और संतोष यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

अधिकारी ने बताया कि दुर्गेश कुमार पांडेय ने पुलिस से पूछताछ में अपना जुर्म कुबूल करते हुए बताया कि संगीता उसकी बहन है और राजकुमार तिवारी आये दिन उसे परेशान किया करता था। उन्होंने बताया कि दुर्गेश ने खुलासा किया कि कई बार समझाने के बावजूद राजकुमार नहीं माना, जिसके बाद उसने संगीता और अन्य अभियुक्तों

## देह व्यापार में शामिल चार युवतियों समेत आठ आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर**, (भाषा) उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में पुलिस ने एक लाउंज में छापेमारी कर कथित देह व्यापार में लिप्त गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार युवतियों सहित आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) विकास कुमार ने बताया कि लॉन्ज एवं होटलों में देह व्यापार की शिकायत मिलने पर पुलिस ने पाहलवारा मोहल्ले में मंगल प्रसाद टेंट हाउस पर छापेमारी कर सहजराम नाम के व्यक्ति व दो अन्य महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया।

उन्होंने बताया कि सिविल लाइन स्थित 'अमन लाउंज' में छापेमारी कर अनवर, सिराज, बरकत अली के साथ दो युवतियों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि सभी आरोपियों को अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया।

# रामस्वरूप मेमोरियल विवि, बार काउंसिल व यूजीसी से जवाब तलब



लखनऊ, (भाषा) इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने बाराबंकी स्थित श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय (एसआरएमयू), बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से एसआरएमयू में विधि छात्रों की समस्याओं को लेकर दायर एक जनहित याचिका पर बृहस्पतिवार को जवाब मांगा। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद करने का आदेश दिया है।

न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की पीठ ने सौरभ सिंह द्वारा दायर जनहित याचिका पर यह आदेश दिया।

याचिका में कई अन्य मुद्दों के अलावा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस द्वारा कथित दुर्व्यवहार के बाद तीन सितंबर को बीसीआई द्वारा विश्वविद्यालय को रातोंरात मान्यता प्रदान करने पर भी सवाल उठाए गए हैं।

याचिका में कहा गया है कि एसआरएमयू ने तीन सितंबर से पहले विधि शिक्षा के लिए विश्वविद्यालय की मान्यता न होने के बावजूद छात्रों को विधि पाठ्यक्रम में दाखिला देकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है।

अदालत ने मामले की सुनवाई के बाद एसआरएमयू, बीसीआई और यूजीसी पक्षों से याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने के आदेश दिये।

## बलिया में बंदरों के हमले से बचने के दौरान सीढ़ी से गिरकर बुजुर्ग महिला की मौत

बलिया, (भाषा) उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में शुक्रवार को बंदरों के हमले से बचने के दौरान सीढ़ी से गिरकर एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, सिकंदरपुर थानाक्षेत्र के सिकियां गांव में रहने वाली कांति देवी (65) शुक्रवार को घर की छत पर से कपड़े उतार रही थीं कि तभी बंदरों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया।

पुलिस ने बताया कि बंदरों के हमले से बचने के दौरान कांति देवी संतुलन खो बैठीं और सीढ़ी से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं।

पुलिस के मुताबिक, परिजन कांति देवी को सिकंदरपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# श्रमिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, सहयोगियों ने सड़क जाम की



नोएडा (उत्तर प्रदेश), (भाषा) नोएडा में एक निर्माण स्थल पर श्रमिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के एक दिन बाद, उसके सहयोगियों ने शुक्रवार सुबह मामले में कार्रवाई की मांग करते हुए सड़क पर जाम लगा दिया। पुलिस के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी।

प्रवक्ता ने बताया कि झारखंड के दुमका निवासी राजेश (41) सेक्टर-51 स्थित एक निर्माण स्थल पर 'फिटर' का काम करता था। बृहस्पतिवार रात उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उसे नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा, ''मौत का कारण स्पष्ट न होने के कारण पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।''

प्रवक्ता ने बताया कि इस घटना के बाद आज सुबह राजेश के सहयोगी सेक्टर-32 के पास इकट्ठा हो गए और एलिवेटेड रोड के नीचे जाम लगा दिया जिसकी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस मामले में पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## लड़की बनने की चाहत में युवक ने जननांग काटा, अस्पताल में भर्ती

प्रयागराज, (भाषा) उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे 20 वर्षीय एक युवक ने लड़की बनने की चाहत में अपना जननांग काट लिया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि हालत बिगड़ने पर अमेठी के मूल निवासी युवक को यहां एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया।स्वरूप रानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल में तैनात डॉ. संतोष ने पत्रकारों को बताया कि युवक से बात करने पर पता चला कि किसी व्यक्ति की सलाह पर उसने सर्जिकल ब्लेड से अपना जननांग काट लिया और उसका काफी खून बह गया।उन्होंने बताया कि युवक का मानना है कि कि भले ही उसका शरीर लड़के का है लेकिन भीतर से वह लड़की है।

डॉ. संतोष ने बताया कि युवक की हालत अब खतरे से बाहर है और उसका इलाज जारी है। वहीं पीड़ित ने संवाददाताओं को बताया कि जब वह 14 साल की उम्र में पहुंचा तो उसे लगा कि उसका व्यवहार लड़कियों जैसा है।

# अतिक्रमण हटाने के दौरान पुलिस और किसानों के बीच संघर्ष, किसान नेताओं ने थाने का घेराव किया

नोएडा, (भाषा) उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले के सोरखा गांव में अतिक्रमण हटाने गई नोएडा प्राधिकरण की एक टीम की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों और किसानों के बीच हुए विवाद के बाद किसान नेताओं ने पुलिस पर स्थानीय लोगों की पिटाई करने का आरोप लगाते हुए थाने का घेराव किया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

किसानों ने आरोप लगाया कि नोएडा प्राधिकरण में तैनात पुलिस वालों ने स्थानीय लोगों की पिटाई की और उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा के नेतृत्व में किसानों ने सेक्टर 113 थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने बताया कि मौके पर पहुंचे पुलिस उपायुक्त यमुना प्रसाद ने किसानों को समझा-बुझाकर धरना शांत करवाया।

बाद में किसानों के 10 सदस्यीय एक प्रतिनिधिमंडल ने नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री से शाम साढ़े चार बजे मुलाकात की और नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के आश्वासन के बाद किसान शांत हुए।

पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि सोरखा गांव में खसरा संख्या 819, 834 और 835 की भूमि पर अवैध निर्माण हुआ था, जिसे हटाने के लिए नोएडा विकास प्राधिकरण की टीम शुक्रवार को पहुंची थी। उन्होंने बताया कि पुलिस की मौजूदगी में प्राधिकरण की टीम अतिक्रमण हटा रही थी और इसी दौरान कुछ लोगों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उन्हें वहां से हटा दिया, जिससे आक्रोशित किसान थाने पर पहुंच गये।

सुखबीर खलीफा ने आरोप लगाया कि नोएडा प्राधिकरण में तैनात पुलिसकर्मियों ने किसानों के साथ मारपीट की और दुर्व्यवहार किया।

## विज्ञान और शोध के क्षेत्र में सहभागिता बढ़ाये छात्र

# महिला कल्याण विभाग द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम का हुआ समापन





गोण्डा। कटरा बाजार स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में महिला कल्याण विभाग द्वारा गत 10 दिनों से संचालित विशेष जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया।

कार्यक्रम के अंतिम दिन "गर्ल्स/वूमेन एक्सेलिंग इन एसटीईएम" विषय पर छात्राओं को जागरूक किया गया। इसमें विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्र में महिलाओं के योगदान पर प्रकाश डाला गया। यह बताया गया कि शिक्षा के माध्यम से महिलाएं नवाचार को बढ़ावा देती हैं तथा लैंगिक समानता स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। साथ ही छात्राओं को प्रेरित किया गया कि वे विज्ञान और शोध के क्षेत्र में भी अपना भविष्य संवार सकती हैं।

डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर शिवेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्रों में महिलाओं की सहभागिता बढ़ रही है और बालिकाओं को इस दिशा में प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

जेंडर स्पेशलिस्ट ज्योत्सना सिंह ने अपने विचार रखते हुए कहा कि एसटीईएम शिक्षा से बालिकाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं और समाज में नई दिशा दे सकती हैं।

वहीं, जेंडर स्पेशलिस्ट राजकुमार आर्य ने कहा कि विज्ञान और नवाचार में महिलाओं की भूमिका से देश को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान वार्डेन ऋचा मिश्रा, शिक्षिका अर्चना श्रीवास्तव, शादमा इस्माईल, कविता आर्य, अनुराधा शुक्ला, रीनू यादव एवं केतकी देवी सहित विद्यालय की सभी छात्राएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ, जहां बालिकाओं ने एसटीईएम शिक्षा से जुड़कर भविष्य निर्माण का संकल्प लिया।

## पिता से झगड़ कर रहे नशे में धुत युवक को पड़ोसी ने मारा थप्पड़, मौत

इटावा (उप्र), (भाषा) इटावा जिले में पिता से झगड़ रहे 19 वर्षीय एक युवक को पड़ोसी ने कथित रूप से थप्पड़ मार दिया, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

निरीक्षक (अपराध) अरिमर्दन सिंह ने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार देर रात की है जब भरथना इलाके का निवासी गौरव नशे की हालत में अपने पिता रघुवर दयाल से कथित रूप से झगड़ रहा था।

सिंह ने बताया कि कुछ पड़ोसियों ने बीच-बचाव किया और उनमें से एक ने गौरव को कथित तौर पर थप्पड़ मार दिया, जिससे वह जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गौरव को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने आरोपी के नाम का खुलासा नहीं किया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।-

# रामलीला महोत्सव से पूर्व महापौर व नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।



फिरोजाबाद। आगामी रामलीला महोत्सव एवं नवरात्रि के मद्देनजर वार्ड संख्या-49 स्थित रामलीला ग्राउंड का निरीक्षण महापौर और नगर आयुक्त ने संयुक्त रूप से किया।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षद प्रमोद राजौरिया, पूर्व पार्षद हरिओम वर्मा, प्रबुद्धजन विजय कुशवाह व अनूप झां सहित नगर निगम के सहायक अभियंता (सिविल), अवर अभियंता (सिविल व मार्गप्रकाश), मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक तथा क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षक मौजूद रहे। अधिकारियों को मैदान का समतलीकरण, सफाई व्यवस्था, कूड़ा उठान, चूना व रंगोली जैसी परंपरागत व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए अवर अभियंता-जल को तथा संपर्क मार्गों की मरम्मत व पैचवर्क कराने के निर्देश सहायक अभियंता-सिविल को दिए गए। मेला क्षेत्र व आसपास के मार्गों पर उचित मार्गप्रकाश की व्यवस्था करने को भी कहा गया। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य समय से पूरे कराए जाएं और संबंधित अधिकारी स्वयं स्थल पर जाकर कार्यों का पर्यवेक्षण करें।

# पीएम के जन्मदिन को सेवा पखवाडा के रूप में मनाएगी भाजपा

- त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के साथ शिक्षक एवं स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर मंथन



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।

जसराना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर मनाए जाने वाले सेवा पखवाडा को लेकर भाजपा की बैठक सरस्वती शिशु मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। वहीं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के साथ शिक्षक एवं स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर मंथन किया गया। भाजपा के जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह पीएम नरेंद्र मोदी जन्मदिवस के मौके पर17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़े के तहत हर सेवा ही नारायण सेवा की भावना को जिले के हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान किया। साथ ही अंत्योदय के लक्ष्य को समर्पित इस जनहितकारी अभियान की सफलता, प्रभावी क्रियान्वयन तथा समाज के अंतिम पायदान तक सेवा की भावना पहुंचाने के विषय में विस्तृत चर्चा की गई। आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में नए मतदाताओं के वोट बनवाने व शिक्षक एवं स्नातक वोट बनवाने के सक्रिय रूप से कार्ययोजना पर कार्य करना है। इस दौरान प्रमुख रूप से डॉ. सत्यपाल सिंह राजपूत, प्रदेश मंत्री भाजपा किसान मोर्चा, डॉ अमित गुप्ता, अमलेंद्र राजपूत, पूरन सिंह लोधी, अमलेश राजपूत मण्डल अध्यक्ष, ओमेंद्र बघेल, रामप्रसाद लोधी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### लेखपाल ने लगाया जनसेवा केंद्र संचालक पर अभद्रता करने का आरोप

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर । जसराना। तहसील में तैनात एक लेखपाल ने जनसेवा केंद्र संचालक पर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। लेखपाल ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है। लेखपाल ने सरकारी अभिलेखों को भी नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। तहसील में तैनात लेखपाल अखिलेश कुमार पर बझेरा बुजुर्ग के साथ ही शादीपुर का चार्ज है। लेखपाल ने बताया सरकारी कार्यों के साथ ही आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों को निपटाने के लिए क्षेत्र में गए थे। इसी दौरान एक जनसेवा केंद्र के संचालक ने रोककर आय प्रमाण पत्र पर गलत रिपोर्ट लगाने के लिए दबाब बनाया। मना करने पर गालियां देने के साथ ही मौजूद प्रार्थना पत्र फाड दिए। विरोध करने पर नौकरी से हटवाने की धमकी देने लगा। लेखपाल का आरोप है कि जनसेवा केंद्र संचालक पूर्व भी मोबाइल पर गालियां दे चुका है। एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला का प्रार्थना पत्र देकर लेखपाल ने जनसेवा केंद्र की जांच कराने के साथ केस दर्ज कराने की मांग की है।

### दहेज हत्या के आरोपी सास-ससुर को भेजा जेल

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।जसराना। दहेज हत्या में वांछित आरोपी सास ससुर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सास ससुर को पुलिस ने न्यायालय के निर्देश पर जेल भेज दिया। मामले में पुलिस पति को पहले ही जेल भेज चुकी है। थाना औंछा मैनपुरी के गांव विक्रमपुर निवासी आशु ने अपनी बहन मालती की दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगा मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस आरोपी पति रंजीत के साथ सास और ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए। पुलिस ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को आरोपी सास ससुर को विलासपुर से गिरफ्तार कर लिया।

### ड्यूटी जा रहे प्राइवेट कर्मचारी का अपहरण


नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।टूंडला। कुछ दिन पूर्व रेलवे अस्?पताल के निकट रेलवे अस्पताल में एक प्राइवेटकर्मी को पीटने का वीडियो वायरल हुआ था। पीड़ित ने एक नामजद सहित छह लोगों के विरुद्ध एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। रेल परिक्षेत्र रेस्ट कैंप कॉलोनी निवासी शाहरुख रेलवे अस्?पताल में प्राइवेट कर्मचारी है। सोमवार सुबह नौ बजे वह रोज की तरह ड्यूटी जा रहा था। तभी अचानक रेलवे अस्?पताल के पीछे पुलिया पर सचिन चौधरी निवासी चुल?हावली अपने छह अज्ञात दोस्?तों के साथ आ गया। उक?त लोगों ने मिलकर उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसे अपने साथ ले जाने का प्रयास करने लगे। साथ ही उसकी पिटाई कर दी। पीड़ित आरोपियों के चगुंल से निकलकर भाग गया। पूरे मामले का वीडियो सोशलमीडिया पर वायरल होने लगा था। पीड़ित ने सचिन सहित छह अज्ञात लोगों के विरुद्ध एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी अंजीश कुमार सिंह का कहना है कि पीड़ि?त की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच के बाद आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### दहेज के लिए ससुरालियों ने विवाहिता को घर से निकाला

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। टूंडला। शराब के नशे में ससुरालियों ने दहेज के लिए विवाहित के साथ मारपीट कर दी। साथ ही आरोपियों ने उसे घर से निकाल दिया। विवाहिता ने पति सहित दो के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। फिरोजाबाद के थाना फरिहा अंतर्गत गांव जलालपुर निवासी रक्षा देवी की शादी थाना टूंडला के राजा का ताल निवासी राममोहन के साथ हुई थी। आरोप है कि उसका पति व देवर करमचंद्र शराब नशे में 10 अगस्?त शाम सवा आठ बजे दहेज के लिए उसकी पिटाई कर दी। मारपीट में विवाहिता गंभीर घायल हो गई। रक्षा देवी ने बताया कि उसका भाई जब से पुलिस में भर्ती हुआ है। तब से उसके ससुरालिजन दहेज की मांग करते हैं। पीड़ि?ता के पिता पूर्व भी उसके ससुरालियों को दो लाख रुपये दे चुके हैं। पीड़िता ने पति व देवर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी अंजीश कुमार सिंह का कहना है कि पीड़ि?ता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच के बाद आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता पर गतिमान कार्यशाला आयोजित

नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर । सिरसागंज। नगर के राजकीय महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता पर गतिमान कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य कांति शर्मा एवं प्रवीण अवस्थी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। तत्पश्चात मुख्य वक्ता प्रवीण अवस्थी ने छात्राओं को साइबर सुरक्षा,म्युचुअल फंड, सेबी में करियर के संभावनाओं पर विस्तार से बताया । छात्राओं की साइबर सुरक्षा, म्युचुअल फंड आदि से संबंधित कई जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। प्राचार्य डॉ कांति शर्मा ने भारतीय प्रतिभूति एवं नियामक बोर्ड के प्रतिनिधि के रुप में प्रवीण अवस्थी के सहज और सरल व्याख्यान शैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्राएं जागरूक होंगी और साइबर अपराधों के प्रति सजग रहेंगी।




### एफएस में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर । शिकोहाबाद । एफ एस विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम फिरोजाबाद के अंतर्गत ह्य विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस ह्न पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सीएमओ कार्यालय के मनोचिकित्सक डॉ. दुर्ग प्रताप सिंह ने प्रतिभाग किया और आत्महत्या जैसी गंभीर सामाजिक व मानसिक समस्या के कारणों एवं रोकथाम के उपायों पर विस्तृत विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. दिलीप यादव, प्रति कुलाधिपति डॉ. योगेश यादव, डॉ. राहुल यादव, डॉ. नितिन यादव, कुलपति डॉ संजीव भारद्वाज,भीमहानिदेशक डॉ अभिनव श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष डॉ. सर्वेश यादव एवं डॉ. रोहित कृष्ण सहित कला एवं मानविकी संकाय तथा बेसिक एवं एप्लाइड साइंसेज के छात्र-छात्राएँ एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के बीच एक क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें कुल छह छात्र प्रतिभागी रहे । विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। एफ एस विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित यह पहल विद्यार्थियों एवं युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है ।

### सूअर पकड़ने गए युवक को खेत में सांप ने डसा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। टूंडला । थाना नारखी क्षेत्र के बछगांव हरदासपुर कोटला में सूअर पकड़ने पहुंचे एक युवक को सांप ने डस लिया। जानकारी के अनुसार गिन्नौर जिला सम्भल निवासी जीते पुत्र बलवंत सिंह अपने साथियों संग बाजरे के खेत में सूअर पकड़ने गया था।टीम ने खेत को चारों ओर से घेर रखा था। घेराव के दौरान जीते ने खाली डंडे से मेड पर प्रहार किया, लेकिन डंडा वहां बैठे सांप पर लग गया। डंडा लगते ही सांप ने पलटकर उस पर हमला कर दिया और दो बार काट लिया। सांप के डसते ही जीते की हालत बिगड़ने लगी और उसके मुंह से झाग निकलने लगा। मौके पर मौजूद साथियों ने तत्काल ग्रामीणों की मदद से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए साथी उसे सम्भल स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर निकल गए।घटना से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

# महिला शिक्षक संघ की प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।

जसराना - उत्तरप्रदेश महिला शिक्षक संघ की सुलोचना मौर्य प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में मा. प्रधानमंत्री,केंद्रीय शिक्षा मंत्री और केंद्रीय मंत्री विधि भारत सरकार के नाम जिलाधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से रीमा यादव जिलाध्यक्ष के साथ संघठन पदाधिकारी और सभी ब्लॉको से आयी सेकड़ो महिला शिक्षिकाओं के साथ सर्वोच्च न्यायलय द्वारा 1 सितम्बर को पारित आदेश के भूतलक्षी प्रभावो के सन्दर्भ में दिया गया लिस निर्णय में उच्चतम न्यायलय ने संविधान के अनुच्छेद 142 द्वारा सर्वोच्च न्यायलय द्वारा प्रदत्त शक्तियों के द्वारा दिया गया ' उपरोक्त सन्दर्भ में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 उत्तरप्रदेश में 27 जुलाई 2011 से लागु हुआ उससे पूर्व शिक्षक नियुक्त अहरता में टेट सम्मिलित नहीं था जबकि सभी शिक्षकों को अनिवार्य कर दिया गया हैं ' इस आदेश से 30-35 वर्ष पूर्व नियुक्त शिक्षकों को भी टेट उत्तीर्ण करना अनिवार्य हो गया जो की भूतलक्षी प्रभाव से प्रभावी हो गया है ' जो कानूनी सर्वमान्य नहीं है ' सभी शिक्षक इस निर्णय से मानसिक अवसाद में हैं ' तो भारत सरकार से आग्रह है की 1 सितम्बर 2025 के भूतलक्षी अंश को संसद की सहमति से संशोधित कराने की कृपा करे जिसमे 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षक टेट की अनिवार्यता से मुक्त हो सके और शिक्षक भय भ्रम संसय से सर्वथा मुक्त होकर पाठन पाठन में संलग्न होकर भारत के नवनिर्माण में अपना योगदान दे सके । ज्ञापन देते समय ऋचा पूर्णिमा पूनम नीतू शिखा भावना तुलसी मधु दीपमाला नीरू रीता रियंका पूजा प्राची मंजू श्वेता अनीता सुनीता दीपिका बेबी नीतेश कृपाकी प्रियंका अनुप्रिया जैन आदि के साथ अन्य सैकड़ों महिला शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# ब्लूमिंग बड्स स्कूल में लगा दंत व नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।

शिकोहाबाद । सामाजिक कार्यों को समर्पित संस्था जनकल्याण महिला समिति द्वारा ब्लूमिंग बड्स सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल शिकोहाबाद में बच्चों के लिए दंत परीक्षण एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ ब्लूमिंग बड्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर डॉ राज पचौरी एवं प्रधानाचार्य श्रीमती सुमनलता पचौरी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। नेत्रों का परीक्षण डॉक्टर प्रांजल गुप्ता द्वारा किया गया, जिसमें बारीकी से बच्चों की आंखों की जांच की गई और जिन बच्चों में कमियां पाई गई उन बच्चों को बताया गया कि उनकी आंखों में किस प्रकार की कमी है। इसी क्रम में दांत का परीक्षण डॉक्टर तुषार गुप्ता द्वारा किया गया। इस मौके पर डॉक्टर प्रांजल गुप्ता ने बच्चों को बताया कि आज के समय में आपको टीवी व मोबाइल से दूरी बनाकर रहना चाहिए यह आंखों के लिए बहुत घातक है । इस दौरान जनकल्याण महिला समिति की अध्यक्ष निधि अग्रवाल ने सभी का धन्यवाद दिया ।

# यमुना का जलस्तर कम होने से किसानों को मिलने लगी राहत



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।

टूंडला। यमुना नदी का जलस्तर कम होता जा रहा है इससे खादर के किसान खुश तो हैं लेकिन बहुत से किसानों की फसल तो पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी है। ऐसे किसानों को बड़ी हानि का सामना करना पड़ा है।

शुक्रवार को यमुना नदी का पानी कम हो गया है। इससे जिन किसानों की खड़ी फसल में नदी का पानी भर गया था अब वो उनके खेतों से दूर निकलता दिखाई दे रहा है। हालांकि नदी के पानी से फसलें प्रभावित हुई हैं। यह नदी का पानी निकलने के बाद दिखाई दे रहा है। कई दिनों तक खड़ी फसल में पानी भरने से कई किसानों की फसल बर्बाद हो गई है। ऐसे किसानों को भारी नुकसान होने का अनुमान है। किसानों की मानें तो जो फसल नदी के पानी से बर्बाद हो गई है उसकी पैदावार अब न के बराबर होगी। जिससे सम्बंधित किसानों का बड़ा नुकसान होना लगभग तय है। इस वर्ष क्षेत्र में बाजार, मक्का, तिलहन आदि की फसलें किसानों ने नदी की खादर में बो रखीं थी जिनसे किसानों को अच्छी पैदावार होती लेकिन नदी के बढ़े जलस्तर ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया है।

# कोटला में शिक्षा सदन लाइब्रेरी का हुआ शुभारंभ, छात्रों में खुशी की लहर

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।



फिरोजाबाद । शुक्रवार को थाना फरिहा क्षेत्र में पुलिस चौकी कोटला के सामने शिक्षा सदन लाइब्रेरी का शुभारंभ हुआ । इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी व प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी वीर सिंह प्रधान तथा अतिथि के रूप में भुवनेश चंद्रा शिक्षक नेता ,एड.विपिन कुमार जिला ब्यूरो चीफ नेशनल एक्सप्रेस राष्ट्रीय हिंदी दैनिक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर लाइब्रेरी का शुभारंभ किया । इस मौके पर वीर सिंह प्रधान ने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा हथियार है जिससे हमें अपने अधिकारों के बारे में जानकारी होती है तथा शिक्षित व्यक्ति ही एक बेहतर समाज का निर्माण करता है ।

भुवनेश चंद्रा ने कहा कि शिक्षा शेरनी का वो दूध है जो पियेगा वो दहाड़ेगा । विपिन कुमार ने कहा कि परम पूज्य बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर ने हमें शिक्षित होने , संगठित होने , संघर्ष करने का जो मूल मंत्र दिया है उसपर चलकर हम वास्तव में न केवल अपना बल्कि समाज का भला कर सकते हैं इसलिए जीवन में शिक्षा बहुत जरुर है । सभी ने लाइब्रेरी संचालक हरिविलास सिंह को बधाई दीं तथा इस मौके पर हिमांशु सिंह,सचिन कुमार , आमोद कुमार आदि ने सभी अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया । इस मौके पर काफी छात्र मौजूद रहे । छात्रों ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं युक्त यह लाइब्रेरी उनके सपनों को साकार करने में मददगार होगी ।

# जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो विपिन कुमार

फिरोजाबाद । शुक्रवार को प्राचार्य डायट फिरोजाबाद के निर्देशन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, फिरोजाबाद में हिंदी भाषा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रशिक्षुओं में हिंदी भाषा के प्रति प्रेम, जागरूकता और सम्मान की भावना जागृत करना था।

कार्यक्रम का सफल संचालन #डॉ. राम शरण सेठ (प्रवक्ता) और #डॉ. कुंवर बिपिन प्रताप भूषण के कुशल मार्गदर्शन में हुआ। प्रतियोगिता में अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे व प्रतियोगिता में डी.एल.एड. प्रशिक्षुओं ने सक्रिय भागीदारी कर अपनी ज्ञान क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने न केवल सही उत्तर दिए बल्कि भाषा के महत्व पर विचार भी प्रस्तुत किए। इस आयोजन ने प्रशिक्षुओं में हिंदी के प्रति नई ऊर्जा का संचार किया और उन्हें अपनी मातृभाषा के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रेरित किया।प्रतियोगिता के अंत में दोनों विद्वानों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और हिंदी के साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक महत्व पर प्रेरक विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान संस्थान का पूरा वातावरण भाषा प्रेम से सराबोर रहा।जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान परिवार इस सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों, संयोजकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करता है। यह आयोजन भविष्य में भी हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

# स्टीमर निकालने वाले तेराकों का किया फूलमाला पहनाकर स्वागत



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।

टूंडला। थाना नगला सिंघी के गांव रसूलाबाद निवासी रूप सिंह रविवार दोपहर एक बजे करीब साथी नोहबत सिंह, गोपीराम, रमेश चंद्र, कालीचरन आदि चारा लेने के लिए यमुना पार मोटरबोट लेकर गया था। इसमें आठ बच्चे व एक महिला सहित 22 लोग सवार थे। ढाई बजे करीब यमुना में उन्हें बहती हुई नाव दिखाई दी जिसे उन्होंने पकड़कर रस्सी के सहारे की बांध दिया। तभी बड़ी सी लकड़ी मोटरबोट के इंजन में फंस गई, जिससे इंजन ने काम करना बंद कर दिया। संचालक ने बोट को पास ही टापू में पेड़ों से बांध दी। यह नजारा देख रहे रामगढ़ के तेराकों ने जान की परवाह किये बिना ट्यूब व रस्सीया लेकर उनको बचाने दौड़ पड़े,सूचना मिलते ही एसएसपी सौरभ दीक्षित, एसपी सिटी रविशंकर प्रसाद, सीओ अमरीश कुमार, तहसीलदार राखी शर्मा सहित टूंडला थाने की पुलिस मौके पर पहुंच थीं। तैरको ने बड़ी मशक्क्त के बाद साढ़े सात बजे उन्हें बाहर लाया गया। इस दौरान तेराकों का फूलमाला पहनाकर उनका जोशीला स्वागत किया जिनमें वीरेंद्र कुमार, मुकेश कुमार निषाद, रमेश कुमार, सुनील कुमार निषाद, पवन कुमार, भूपेंद्र निषाद, हरिचंद कुमार आदि प्रमुख है।

## मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजे दो आरोपी

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर।

जसराना - गांव दयापुर में गुरुवार को एक बच्चे के ऊपर डीजे का बॉक्स गिरने से उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई जिसकी तहरीर उसके पिता ने थाना जसराना में दी तहरीर पर पुलिस द्वारा गौरव कुमार पुत्र चरण सिंह वी रजनीश और टीटू पुत्र आनंद प्रकाश निवासीगढ़ दयापुर के विरुद्ध धारा 105 बी एन एस के तहत प्रभारी निरीक्षक राजेश पांडे के आदेश अनुसार मुकदमा पंजीकृत किया गया उसके उपरांत वांछित चल रहे तो अभियुक्तों को मुखबिर की सूचना पर ग्राम बिलासपुर से गिरफ्तार कर पुलिस टीम ने आरोपियों को जेल भेजा।

# राइट टू एजुकेशन लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टेट से मुक्त करने की मांग

**यूटा के आह्वान पर फिरोजाबाद में शिक्षकों ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन**

**कहा- सेवा शर्तों का पालन कर नियुक्त हुए शिक्षकों पर TET थोपना अन्याय**

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।



फिरोजाबाद। यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौर के आह्वान पर शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर शिक्षकों ने राइट टू एजुकेशन (RTE) लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) से मुक्त करने की मांग को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष जया शर्मा के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में शिक्षकों ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने पाँच वर्ष से अधिक सेवा कर चुके शिक्षकों को ळएळ उत्तीर्ण करने का आदेश दिया है, जबकि 2001 व 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को मुक्त करने की भी बात कही गई है। इस विरोधाभास के कारण शिक्षकों में भारी भ्रम और असुरक्षा की स्थिति बनी है।

ज्ञापन में कहा गया कि देशभर के करीब 40 लाख तथा उत्तर प्रदेश के लगभग 4 लाख शिक्षक प्रभावित होंगे। सेवा के अंतिम पड़ाव पर पहुँचे शिक्षकों के लिए परीक्षा देना न केवल कठिन है बल्कि NCTE की शर्तों के अनुसार कई शिक्षक आवेदन ही नहीं कर सकते। अतः सरकार को अध्यादेश लाकर संशोधन करना चाहिए ताकि RTE लागू होने से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों को TET से मुक्त किया जा सके।

इस अवसर पर यूटा के मुकेश राजपूत, सीमा राघव, उमाशंकर व्यास, पंकज यादव सहित अनेक संगठन और संघों के पदाधिकारी व सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# ट्रंप के टैरिफ से भारत को नुकसान हो रहा है, नौकरियां खत्म हो रही हैं: शशि थरूर



**सिंगापुर, (भाषा)** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका द्वारा लगाए गए 'टैरिफ' (शुल्क) का भारत पर असर पड़ा है और लोगों की नौकरियां जा रही हैं। उन्होंने यह दावा भी किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ''अस्थिर'' स्वभाव का परिचय दे रहे हैं और वह कूटनीतिक आचार-व्यवहार के पारंपरिक मानकों का सम्मान भी नहीं करते।

अमेरिका ने भारत से निर्यात होने वाली वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाया है, जिसमें रूस से तेल खरीदने के लिए लगाया गया 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क भी शामिल है। थरूर ने कहा कि टैरिफ के प्रभाव को कम करने के लिए भारत को निर्यात बाजारों में विविधता लाने की ज़रूरत है। उनका कहना था कि सूरत में रत्न एवं आभूषण व्यवसाय, समुद्री खाद्य और विनिर्माण क्षेत्रों में 1.35 लाख लोगों की नौकरियां चली गई हैं। भारत के रियल एस्टेट क्षेत्र के शीर्ष उद्योग निकाय 'क्रेडाई' द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में भारत-अमेरिका संबंधों और टैरिफ से संबंधित एक प्रश्न का उत्तर देते हुए थरूर ने कहा, ''ट्रंप बहुत ही अस्थिर व्यक्ति हैं और अमेरिकी शासन व्यवस्था राष्ट्रपति को बहुत अधिक शक्ति देती है।'' लोकसभा सदस्य ने कहा कि ट्रंप से पहले 44 या 45 राष्ट्रपति रहे हैं, लेकिन व्हाइट हाउस की ओर से इस तरह का व्यवहार किसी ने कभी नहीं देखा, जैसा इनका है। कांग्रेस नेता के अनुसार, ट्रंप हर पैमाने पर एक ''असामान्य राष्ट्रपति'' हैं और अमेरिकी राष्ट्रपति निश्चित रूप से कूटनीतिक व्यवहार के पारंपरिक मानकों का सम्मान नहीं करते। उन्होंने कहा, ''मेरा मतलब है कि क्या आपने कभी किसी विश्व नेता को खुलेआम यह कहते सुना है कि वह नोबेल शांति पुरस्कार के हकदार हैं? ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। क्या आपने किसी विश्व नेता को यह कहते सुना है-दुनिया के सभी देश आकर मेरी पीठ थपथपाना चाहते हैं।''

थरूर का कहना था, ''क्या आपने किसी विश्व नेता को यह कहते सुना है कि भारत और रूस की अर्थव्यवस्थाएं तबाह हैं तथा मुझे परवाह नहीं कि वे दोनों एक साथ बर्बाद हो जाएं।'' कांग्रेस नेता ने कहा, ''ट्रंप असामान्य हैं और मैं आपसे विनती करता हूं कि उनके व्यवहार से हमारे प्रदर्शन का आकलन न करें।



## नेपाल ने देश में फंसे विदेशी नागरिकों के प्रस्थान नियमों में ढील दी

**काठमांडू, (भाषा)** नेपाल के अधिकारियों ने काठमांडू घाटी में जारी कर्फ्यू के कारण देश में फंसे विदेशी नागरिकों की सुविधा के लिए अस्थायी उपायों की घोषणा की है। 'द हिमालयन टाइम्स' ने शुक्रवार को बताया कि आव्रजन अधिकारियों के अनुसार जिन अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के वीज़ा आठ सितंबर तक वैध थे, वे अब बिना अतिरिक्त शुल्क दिए निकास परमिट प्राप्त कर सकते हैं और अपने वीज़ा को नियमित कर सकते हैं।

# नेपाल : विरोध-प्रदर्शन से होटल उद्योग को 25 अरब रुपये का नुकसान

**काठमांडू, (भाषा)** नेपाल में छात्रों के नेतृत्व में हाल ही में हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान देशभर में लगभग दो दर्जन होटल में तोड़फोड़, लूटपाट या आगजनी की घटनाएं दर्ज की गईं। इससे पर्यटन आधारित नेपाली अर्थव्यवस्था के राजस्व अर्जित करने वाले महत्वपूर्ण घटक होटल उद्योग को 25 अरब रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। शुक्रवार को प्रकाशित एक खबर में यह जानकारी दी गई है।

समाचार पोर्टल 'माई रिपब्लिका' की खबर में होटल एसोसिएशन नेपाल (एचएएन) के हवाले से कहा गया है कि काठमांडू का हिल्टन होटल हिंसा से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ, जहां आठ अरब रुपये से अधिक का नुकसान दर्ज किया गया है। इसमें कहा गया है कि काठमांडू



घाटी, पोखरा, बुटवल, भैरहवा, झापा, विराटनगर, धनगढ़ी, महोत्तरी और डांग-तुलसीपुर में अन्य प्रमुख घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय ब्रांड के होटल को भी हिंसा का खामियाजा भुगतना पड़ा है। खबर के मुताबिक, कई प्रभावित होटल मरम्मत और पुनर्निर्माण के बिना फिर से परिचालन शुरू नहीं कर पाएंगे, जिससे 2,000 से अधिक श्रमिकों की नौकरियां प्रभावित होंगी।

खबर के अनुसार, एचएएन ने चिंता जताई कि नुकसान के कारण होटलों के लिए बैंकों और अन्य संस्थाओं के प्रति वित्तीय दायित्व निभाना मुश्किल हो जाएगा। उसने एक न्यायिक समिति से विरोध-प्रदर्शनों की जांच कराने, दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने और प्रभावित व्यवसायों के लिए मुआवजे की घोषणा किए जाने की मांग की। एचएएन ने सरकार से मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्य के लिए राहत पैकेज घोषित करने का भी आग्रह किया। उसने इस बात पर जोर दिया कि निवेशकों का विश्वास बहाल करना पर्यटन विकास और देश की आर्थिक स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। नेपाल के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में पर्यटन का योगदान लगभग सात प्रतिशत है और यह विदेशी मुद्रा का एक प्रमुख स्रोत है। इस हिमालयी देश का आतिथ्य क्षेत्र कोविड-19 महामारी की चोट से अभी भी पूरी तरह से नहीं उबर पाया है।

## नेपाल की संसद के दोनों सदनों के अध्यक्षों ने संविधान का पालन करने का आह्वान किया



**काठमांडू, (भाषा)** नेपाल की प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष देवराज घिमिरे और ऊपरी सदन 'राष्ट्रीय सभा' के अध्यक्ष नारायण दाहाल ने शुक्रवार को आह्वान किया कि मौजूदा राजनीतिक गतिरोध को संविधान के दायरे में रह कर सुलझाया जाना चाहिए। मीडिया में आई खबरों से यह जानकारी मिली।

घिमिरे और दाहाल का संयुक्त बयान ऐसे दिन आया है जब राष्ट्रपति कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक हो रही है, जिसमें यह तय किया जाएगा कि छात्रों के नेतृत्व में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन के चलते मंगलवार को प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली के पद से हटने के बाद अंतरिम सरकार का नेतृत्व कौन करेगा। संयुक्त बयान में कहा गया, ''राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल लोगों की संप्रभुता, नागरिक स्वतंत्रता, क्षेत्रीय अखंडता, राष्ट्रीय एकता और स्वतंत्रता का सम्मान करते हुए स्थिति से निपटने के लिए पहल कर रहे हैं।''

'काठमांडू पोस्ट' अखबार ने कहा कि बयान में इस बात पर जोर दिया गया है कि ''कानून के शासन और संविधान की भावना को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।''

घिमिरे और दाहाल के बीच बैठक के बाद जारी बयान में सभी पक्षों से प्रदर्शनकारियों की मांगों पर ध्यान देने और अधिक मजबूत, समृद्ध लोकतंत्र के लिए प्रतिबद्ध होने का आग्रह किया गया।

## नेपाल के राष्ट्रपति ने कहा, मौजूदा संकट का समाधान खोजने के प्रयास जारी

**काठमांडू, (भाषा)** नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने बृहस्पतिवार को सभी पक्षों से शांति बनाए रखने में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि वह संवैधानिक ढांचे के भीतर मौजूदा राजनीतिक हालात का समाधान खोजने का प्रयास कर रहे हैं। यह पहली बार है जब राष्ट्रपति ने देश में मौजूदा उथल-पुथल के बारे में बात की है।

मंगलवार को 'जेन ज़ी' के प्रदर्शनकारी समूहों द्वारा राष्ट्रपति कार्यालय और उनके निजी आवास पर आगजनी के बाद से उन्हें सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया।

लोगों और सभी हितधारकों से इस गंभीर हालात में धैर्य रखने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मदद करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति पौडेल ने कहा, ₹मैं कानून-व्यवस्था बनाए रखने, लोकतंत्र की रक्षा करने और संवैधानिक ढांचे के भीतर मौजूदा राजनीतिक गतिरोध से बाहर निकलने का हरसंभव प्रयास कर रहा हूं।'' उन्होंने सभी पक्षों से समस्या का जल्द से जल्द समाधान निकालने के उनके प्रयासों में विश्वास दिखाने का आह्वान किया।

### प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन

# इज़राइली सैनिक और उनकी माताएं गाजा लौटने के आह्वान को लगातार कर रहीं अस्वीकार

**तेल अवीव, (एपी)** गाजा सिटी में जारी सैन्य कार्रवाई के लिए इज़राइल हजारों रिज़र्व सैनिकों को फिर से तैनात कर रहा है लेकिन बड़ी संख्या में सैनिक और उनकी माताएं सेवा देने से इनकार कर रहे हैं।

हालांकि इस तरह के मामलों के कोई आधिकारिक आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन हाल में बने कुछ समूहों ने सेना में सेवा देने से इनकार करने की सार्वजनिक घोषणा की है, भले ही इसके लिए उन्हें जेल का जोखिम उठाना पड़े। हमास के सात अक्टूबर, 2023 के हमले से शुरू हुए इस युद्ध में यह एक नया घटनाक्रम है, हालांकि अब तक इसका सैन्य अभियानों पर कोई प्रत्यक्ष प्रभाव नहीं पड़ा है।

यह विरोध उस समय उभरा है जब देशभर में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हो रहे हैं। प्रदर्शनकारी आरोप लगा रहे हैं कि नेतन्याहू युद्ध



को राजनीतिक लाभ के लिए लंबा खींच रहे हैं, जबकि उन्हें हमास से समझौता कर बचे हुए 48 बंधकों को रिहा कराने की दिशा में कदम उठाना चाहिए। इनमें से केवल 20 के जीवित होने की संभावना जताई गई है। पूर्व सुरक्षा अधिकारियों सहित कई आलोचकों का मानना है कि हालिया सैन्य अभियान का बंधकों की रिहाई पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है और इससे युद्ध के परिणामों में कोई विशेष बदलाव नहीं आएगा। इज़राइल को युद्ध के कारण गाजा में उत्पन्न मानवीय संकट और नाकेबंदी को लेकर अंतरराष्ट्रीय आलोचना का भी सामना करना पड़ रहा है। 'सोल्जर्स फॉर होस्टेजेस' नामक समूह का कहना है कि वह 360 से अधिक ऐसे सैनिकों का प्रतिनिधित्व करता है जिन्होंने सेवा देने से इनकार कर दिया है। इसी तरह 'सेव आवर सोल्स' (एसओएस) नामक एक अन्य समूह में लगभग 1,000 सैनिकों की माताएं शामिल हैं, जो युद्ध पर विरोध दर्ज करा रही हैं। इनमें से कुछ माताएं अपने बेटों से सेना में वापस न लौटने का आग्रह कर रही हैं, जबकि अन्य कहती हैं कि वे अपने बेटों के फैसलों का सम्मान करती हैं। सभी का कहना है कि उनका असली संदेश देश के नेतृत्व को है। एसओएस समूह की सदस्य नूरित फेल्सेंथल-बर्गर ने कहा कि वह अपने बेटे को दोबारा गाजा भेजे जाने की आशंका से इतनी भयभीत हैं कि उन्हें उसे अपंग करने का भी विचार आया। उनके दोनों बेटे गाजा में सेवा दे चुके हैं। उन्होंने कहा, हमें उनकी आवाज़ बनना होगा। सैनिक और मेडिकल कर्मी अवशालोम ज़ोहर साल (28 वर्ष) कई बार गाजा में तैनात रहे, लेकिन अब उनका कहना है कि सैनिक अब थक चुके हैं, हतोत्साहित हैं और यह नहीं समझ पा रहे हैं कि वे किसके लिए लड़ रहे हैं।

इज़राइल में लगभग एक करोड़ की आबादी के अनुपात में 60,000 रिज़र्व सैनिकों की ताजा तैनाती अब तक की सबसे बड़ी ऐसी तैनाती में से एक है। सैन्य सेवा अधिकतर यहूदी पुरुषों के लिए अनिवार्य है, और कई सैनिक यह कर चुके हैं।

इस बीच, सरकार की ओर से अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स यहूदियों को सैन्य सेवा से छूट दिए जाने को लेकर आम जनता में असंतोष बढ़ रहा है। लंबे समय से चली आ रही छूट की व्यवस्था नेतन्याहू की गठबंधन सरकार का एक अहम हिस्सा रही है, जिससे समाज में असमानता की भावना गहराई है। अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स यहूदी, यहूदी धार्मिक कानून (हलाखा) का अत्यधिक सख्ती से पालन करने वाले समूह हैं। इज़राइली सेना का कहना है कि वह अनुपस्थित या सेवा से इनकार करने वालों की संख्या सार्वजनिक नहीं करती और प्रत्येक मामले को व्यक्तिगत आधार पर देखा जाता है।



## संक्षिप्त खबरें



### मेहुली और मानिनी का 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में खराब प्रदर्शन

निंगबो (चीन), (भाषा) विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता भारतीय निशानेबाज मेहुली घोष और मानिनी कौशी ने आईएसएसएफ विश्व कप में शुक्रवार को यहां महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में निराशाजनक प्रदर्शन किया। मेहुली ने क्वालीफिकेशन राउंड में 583 अंक बनाकर 23वां स्थान हासिल किया, जबकि मानिनी 66 निशानेबाजों के बीच 580 अंक के साथ 45वें स्थान पर रहीं। इस स्पर्धा में भाग ले रही तीसरी भारतीय निशानेबाज सुरभि भारद्वाज 578 अंक के साथ 52वें स्थान पर रहीं। बाकू विश्व चैम्पियनशिप 2023 में 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक जीतने वाली मेहुली ने नीलिंग पोज़िशन में 98 के स्कोर के साथ अच्छी शुरुआत की, लेकिन अगली सीरीज़ में वह 96 अंक ही बना पाई जिससे उनका कुल स्कोर 194 रहा। उन्होंने प्रोन पोज़िशन में शानदार वापसी की और 99 तथा 97 का स्कोर करते हुए कुल 196 का स्कोर बनाया, लेकिन स्टैंडिंग पोज़िशन में उन्होंने 95 अंक बनाकर खराब शुरुआत की। अगले 10 शॉट में 98 का स्कोर करने से भी कोई मदद नहीं मिली और वह स्टैंडिंग पोजिशन में केवल 193 का स्कोर ही बना सकीं। नॉर्वे की जीनेट हेग डुएस्टैड ने क्वालीफिकेशन में 589 अंक हासिल करके शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने फाइनल में 466.2 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। डेनमार्क की रिक्के मेंग इबसेन (463.3) और चेक गणराज्य की बारबोरा दुबस्का (451.4) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किया। भारत अब तक पदक तालिका में अपना खाता नहीं खोल पाया है।

### गेंदबाजों के लिए विकेट वाकई मुश्किल होंगे, डोनाल्ड ने टी20 विश्व कप 2026 पर कहा

**बेंगलुरु, (भाषा)** महान क्रिकेटर एलन डोनाल्ड ने कहा कि एसए20 ने दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट (सीएसए) में गहराई बढ़ा दी है लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि सीएसए का यह टूर्नामेंट अगले साल भारत में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए कारगर साबित नहीं होगा जिसमें पिचें बल्लेबाजों के बहुत ज्यादा मुफीद होंगी। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट लीग (एसए20) का चौथा चरण 26 दिसंबर 2025 से 25 जनवरी 2026 तक खेला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का टूर्नामेंट संभवतः फरवरी और मार्च के बीच आयोजित किया जाएगा। डोनाल्ड ने एसए2 द्वारा आयोजित एक बातचीत में कहा, ''बल्लेबाज क्या कर सकते हैं। गेंदबाजों का प्रदर्शन कैसा रहेगा। कुछ गेंदबाजों के आंकड़े चिंताजनक संकेत है क्योंकि गेंदबाज चार ओवर में 73 रन देने लगते हैं। सच कहूं तो मुझे (भारत में) विकेटों में ज्यादा बदलाव नजर नहीं आ रहा है।'

### बांग्लादेश ने हांगकांग पर सात विकेट से जीत दर्ज की

# एशिया कप: श्रीलंका की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा बांग्लादेश को

**अबुधाबी, (भाषा)** अपने पहले मैच में हांगकांग पर आसान जीत से उत्साहित बांग्लादेश की टीम शुक्रवार को यहां एशिया कप के ग्रुप बी मुकाबले में छह बार के चैम्पियन श्रीलंका से भिड़ेगी, जो इस मुश्किल ग्रुप का भाग्य तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है। एशिया कप खिताब की तलाश में लगे बांग्लादेश के अभियान की शुरुआत अच्छी रही। कप्तान लिटन दास ने 59 रन की पारी की मदद से बांग्लादेश ने हांगकांग पर सात विकेट से जीत दर्ज की।

बांग्लादेश ने इस मैच में भले ही आसानी से जीत हासिल की लेकिन कुछ ऐसे विभाग हैं जिनमें उसकी कमजोरी खुलकर सामने आई। इनमें गेंदबाजी विभाग प्रमुख है। तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद और लेग स्पिनर रिशाद हुसैन विकेट लेने के बावजूद रन लुटा बैठे। श्रीलंका के खिलाफ ऐसी कोई भी गलती बांग्लादेश को भारी पड़ सकती है।



श्रीलंका की टीम तीनों विभाग में संतुलित नजर आती है और बांग्लादेश को इसकी कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।चरिथ असलांका की अगुवाई में श्रीलंका ने एक मजबूत टीम तैयार की है जिसमें शीर्ष क्रम की मजबूती, मध्य क्रम की ताकत और संयुक्त अरब अमीरात की परिस्थितियों के लिए अनुकूल स्पिन आक्रमण शामिल है। पथुम निसांका, कुसल मेंडिस और कुसल परेरा शीर्ष क्रम में स्थिरता प्रदान करते हैं, जबकि असलांका, दासुन शनाका और कामिन्दु मेंडिस की मौजूदगी में श्रीलंका की बल्लेबाजी की गहराई का पता चलता है। श्रीलंका ने मध्यक्रम के बल्लेबाज जनिथ लियानागे को भी टीम में शामिल किया है। उन्हें तीन साल बाद टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में वापसी का मौका मिला है। उन्होंने हाल में जिंबॉब्वे के खिलाफ 70 रन की मैच विजेता पारी खेली थी।

स्टार स्पिनर वानिंदु हसरंगा की वापसी से टीम को और मजबूती मिली है, जो हैमस्टिंग की चोट से उबर चुके हैं। यूएई की धीमी पिचों पर श्रीलंका के स्पिनर हसरंगा, महेश थीक्षाना और दुनिथ वेल्लालेज प्रभावी साबित हो सकते हैं, जबकि तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना गेंद से विविधता प्रदान करते हैं। बांग्लादेश की टीम लिट्टन और तौहीद हृदोय से अपने बल्लेबाजी फॉर्म को जारी रखने की उम्मीद करेगी। उसे गेंदबाजी में तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान का नई गेंद के साथ और बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद होगी।

अफगानिस्तान (4.700) नेट रन रेट के आधार पर बांग्लादेश (1.001) से काफी आगे है, इसलिए यह मुकाबला अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है।

प्रत्येक ग्रुप से केवल दो टीमें ही आगे बढ़ सकती हैं। ऐसे में अगर तीन टीमों के अंक समान रहते हैं तो नेट रन रेट निर्णायक साबित हो सकता है। ऐसी स्थिति में बांग्लादेश और श्रीलंका दोनों पर अब बड़े अंतर से जीत हासिल करने का दबाव होगा।

## लॉस एंजिलिस ओलंपिक में कांस्य पदक चूकना मेरी हार नहीं, भारतीय खेलों का निर्णायक पल था : पी टी उषा

**नयी दिल्ली, (भाषा)** लॉस एंजिलिस ओलंपिक में मामूली अंतर से कांस्य पदक से चूकी उड़नपरी पी टी उषा ने शुक्रवार को कहा कि इसे वह अपनी हार नहीं बल्कि भारतीय खेलों के लिये निर्णायक पल मानती है जिसने यह साबित किया कि भारत की एक महिला दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुनौती दे सकती है । उषा लॉस एंजिलिस ओलंपिक में महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में सेकंड के सौवें हिस्से से कांस्य पदक से चूक गई थी । भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष ने यहां 'स्पोर्ट्सस्टारः प्लेकॉम बिजनेस समिट 2025' में अपने कैरियर को याद करते हुए कहा , '' केरल के एक छोटे से गांव पायोली में पली बढी एक ऐसी लड़की थी जिसे खेलना पसंद था । उस समय कोई स्टेडियम, अच्छे जूते , वैज्ञानिक ट्रेनिंग कार्यक्रम नहीं होता था । मैं खुरदुरे मैदानों पर नंगे पैर भी दौड़ी हूं क्योंकि मुझे इससे खुशी मिलती थी ।''उन्होंने कहा , '' मेरा वह सपना मुझे वैश्विक मंच तक ले गया और 1984 लॉस एंजिलिस ओलंपिक मेरे कैरियर के सबसे यादगार पलों में से रहा । मैने भारत का परचम लहराने के लिये सालों मेहनत की थी । मैं 400 मीटर बाधा दौड़ में पदक से सेकंड के सौवें हिस्से से चूक गई । कई लोगों को यह मेरी हार लगती होगी लेकिन मेरे लिये यह भारतीय खेलों का निर्णायक पल था ।''

'पायोली एक्सप्रेस' के नाम से मशहूर उषा ने कहा , ''इसने साबित किया कि भारत की एक महिला दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुनौती दे सकती है । इससे देश के हर युवा खिलाड़ी को संदेश मिला कि अगर बड़े सपने देखे और मेहनत करें तो कुछ भी असंभव नहीं है और यही खेलों की ताकत है।'' उषा ने कहा , ''भारतीय खेलों में ऐसे कई पल आये ।हॉकी के मैदान पर ध्यानचंद का जादू, मिल्खा सिंह की दौड़, क्रिकेटरों का देश को एकजुट करना, बैडमिंटन, मुककेबाजी, कुश्ती और निशानेबाजी में कामयाबी । लेकिन हम सिर्फ इतिहास के दम पर आगे नहीं बढ सकते । भविष्य के लिये जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं का विकास जरूरी है । दूर दराज के किसी गांव में नंगे पैर दौड़ते बच्चे या घर के अहाते में कबड्डी खेलते बच्चों को तलाशकर तराशने की जरूरत है।''

### मीनाक्षी ने सेमीफाइनल में पहुंच कर भारत के लिए पक्का किया पदक

**लिवरपूल, (भाषा)** भारतीय मुक्केबाज मीनाक्षी हुड्डा ने विश्व चैंपियनशिप में शुक्रवार को इंग्लैंड की ऐलिस पंफ्री को हराकर 48 किलोग्राम सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के साथ ही इस प्रतियोगिता में देश का चौथा पदक पक्का कर दिया। मीनाक्षी ने क्वार्टर फाइनल में अंडर 19 विश्व चैंपियन पंफ्री को जजों के सर्वसम्मत फैसले से हराया। मीनाक्षी ने अपनी लम्बीं पहुंच का सही उपयोग करते हुए बैकफुट पर रहते हुए अपनी प्रतिद्वंदी पर करारे मुक्के से लगातार दबाव डाला। इस जीत के साथ ही मीनाक्षी ने कम से कम कांस्य पदक पक्का कर लिया। वह जैस्मिन लैम्बोरिया (57 किग्रा), पूजा रानी (80 किग्रा) नुपूर (80 से अधिक किग्रा) के साथ भारत के लिए पदक पक्का करने वाली मुक्केबाजों में शामिल हो गयी।

### पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलने को लेकर भारत में सोशल मीडिया पर काफी विरोध हो रहा है।

# सरकार ने स्थिति स्पष्ट कर दी है, एसीसी या आईसीसी टूर्नामेंटों में पाकिस्तान से खेलना होगा :धूमल

**नयी दिल्ली, (भाषा )** यूएई में चल रहे एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच 14 सितंबर को होने वाले बहुचर्चित मुकाबले से पहले आईपीएल चेयरमैन अरूण धूमल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने पाकिस्तान के साथ खेल संबंधों को लेकर स्थिति स्पष्ट कर दी है और एसीसी तथा आईसीसी टूर्नामेंटों में भारतीय टीम को उससे खेलना ही होगा ।

अप्रैल में पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 पर्यटकों की मौत के बाद भारत और पाकिस्तान के



बीच सैन्य तनाव और भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलने को लेकर भारत में सोशल मीडिया पर काफी विरोध हो रहा है। भारत के महान स्पिनर हरभजन सिंह ने कल कहा था कि भारत और पाकिस्तान के आपसी संबंध बेहतर होने तक आपस में क्रिकेट या व्यापार नहीं होना चाहिये ।इससे पहले हरभजन इंडिया चैम्पियंस टीम का भी हिस्सा थे जिसने जुलाई में इंग्लैंड में हुई विश्व लीजेंड्स चैम्पियनशिप में पाकिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल नहीं खेला था ।

पहलगाम हमले के मद्देनजर पिछले महीने ही भारत सरकार ने पहली बार पाकिस्तान के साथ खेल संबंधों को लेकर नीति बनाई जिसके तहत भारत किसी भी खेल में पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय टूर्नामेंट नहीं खेलेगा , चाहे वे तटस्थ स्थान पर ही क्यों नहीं हो लेकिन बहु देशीय टूर्नामेंटों में खेलना होगा ।

धूमल ने यहां 'प्लेकॉम 2025 समिट' से इतर पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा , ''मैं भारतीय टीम को शुभकामना देना चाहता हूं । पाकिस्तान के साथ खेलने को लेकर भारत सरकार ने स्थिति स्पष्ट कर दी है ।हम पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय टूर्नामेंट नहीं खेलेंगे लेकिन एसीसी या आईसीसी ट्रॉफी खेलना होगा ।

हम सरकार की सलाह पर अमल करेंगे।'' बीसीसीआई अध्यक्ष के चुनाव के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा,'' एक सप्ताह के भीतर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जायेगी ।

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2




''हर सनातनी का यह प्रण होना चाहिए कि अगर हम अपने धार्मिक प्रतीकों का सम्मान कर रहे हैं तो हमें तिरंगे और संविधान जैसे राष्ट्रीय प्रतीकों का भी सम्मान करना होगा। हमारे सैनिकों के प्रति श्रद्धा का भाव ही सच्चे सनातनी की पहचान है।''

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



नंद गोपाल गुप्ता नंदी इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में टेंट कैटर्स एंड डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित तृतीय महाधिवेशन एवं एक्सपो कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुआ।






## सावित्री फाउंडेशन का "ज्ञान श्री अवार्ड" दिल्ली में आज

### पदमश्री शीला झुनझुनवाला, पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया, कवि लक्ष्मी शंकर बाजपेई सहित कई हस्तियां होंगी सम्मानित डॉ. वेद प्रताप वैदिक अवार्ड से सम्मानित होंगे नेशनल एक्सप्रेस समूह के संस्थापक विपिन गुप्ता व नमो इंपैक्ट के अतुल सिंघल

**नई दिल्ली।** सावित्री फाउंडेशन और 'कलमकार' लिटरेरी सोसाइटी, दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज, द्वारका के संयुक्त तत्वावधान में 13 सितंबर 2025 (शनिवार) को 'ज्ञान श्री अवॉर्ड 2025' और कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह समारोह कॉलेज सभागार, सेक्टर-3, द्वारका में दोपहर 2:30 बजे से शाम 6 बजे तक संपन्न होगा।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से होगी, मुख्य आयोजन में साहित्य, संस्कृति और पत्रकारिता की प्रतिष्ठित हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. अलका अग्रवाल (डायरेक्टर, मेवाड़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) होंगी, जबकि अध्यक्षता डॉ. पूर्णिमा आनंद (चेयरपर्सन, ब्रिक्स इंटरनेशनल फ़ोरम) करेंगी।

दीप प्रज्ज्वलन स्वामी आनंदेश्वरानंद गिरिजी महाराज तथा जाने-माने उद्योगपति व साहित्यकार बी एल गौड़ तथा मरवाह स्टूडियो के संस्थापक संदीप मरवाह व चाणक्य पोतदार करेंगे। इस अवसर पर देश के महान पत्रकार तथा जन दक्षेस के संस्थापक ''डॉ. वेद प्रताप वैदिक अवॉर्ड'' प्रतिष्ठित साहित्यिक और बौद्धिक योगदानों को सम्मानित करने के लिए प्रदान किया जा रहा है। यह सम्मान श्री विपिन गुप्ता ''राष्ट्रभक्त'' को मिल रहा है, जो नेशनल एक्सप्रेस प्रकाशन समूह के संस्थापक हैं व भारतीय मतदाता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और डॉ वेद प्रताप वैदिक से लम्बे समय तक जुड़े हुए रहे। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए डॉ वैदिक सम्मान जाने-माने पत्रकार तथा नमो इंपैक्ट यूट्यूब चैनल के संस्थापक अतुल सिंघल को प्रदान दिया जाएगा।



डॉ. अलका अग्रवाल (डायरेक्टर, मेवाड़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी)



डॉ. पूर्णिमा आनंद (चेयरपर्सन, ब्रिक्स इंटरनेशनल फ़ोरम)

इस वर्ष ज्ञान श्री अवॉर्ड डॉ. सत्य नारायण जटिया, पद्मश्री शीला झुनझुनवाला, डॉ. अचला नगर और डॉ. लक्ष्मी शंकर बाजपेयी को प्रदान किया जाएगा। दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज को 'ज्ञान दीप अवॉर्ड' मिलेगा, वहीं अद्विक प्रकाशन और प्रसाद साइको को 'ज्ञान प्रकाश अवॉर्ड' से नवाज़ा जाएगा। इसके अतिरिक्त मीडिया श्री अवॉर्ड श्री मुकेश सिन्हा और श्री सुशील श्रीवास्तव को मिलेगा।

समारोह में राजेन्द्र सिंह 'कलकल', ममता किरण, सविता नागर, रजनी गुप्ता संपादिका गुरु गोविंद दर्शन, डॉ. सुषमा चौधरी, रेनु हुसैन और डॉ. शमशेर जमदग्नि शामिल होंगे। वहीं, सीनियर सिटिज़न्स एसोसिएशन द्वारका, ऐज वेल एसोसिएशन, एक मुट्ठी, ब्रज कला केन्द्र, अन्तरराष्ट्रीय सकारात्मक साहित्य मंच, पर्पल पेन, दिल्ली कविता मण्डल और मिशन हैप्पी प्लेनेट जैसी संस्थाओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

यह आयोजन न केवल साहित्यकारों और सामाजिक संगठनों के योगदान को रेखांकित करेगा, बल्कि नई पीढ़ी को साहित्य और संस्कृति के प्रति प्रेरित भी करेगा। सावित्री फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष विजय नारायण श्रीवास्तव तथा अध्यक्ष अनीता श्रीवास्तव हैं तथा संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अभिनव श्रीवास्तव प्रत्येक वर्ष कार्यक्रमों को आयोजित कर राष्ट्र निर्माण में अविस्मरणीय सहयोग कर रहे हैं।

## मोहन भागवत के 75वें जन्मदिवस पर परमार्थ निकेतन की ओर से अनेकानेक शुभकामनाएँ

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**ऋषिकेश।** परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक डा श्री मोहन भागवत जी को उनके 75 वें जन्मदिवस पर शुभकामनायें देते हुये कहा कि राष्ट्राय स्वाहा, इदं राष्ट्राय इदं न मम यह वाक्य केवल एक मंत्र या सूत्र नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक, परम श्रद्धेय राष्ट्रऋषि डॉ. मोहन भागवत जी के जीवन की प्राणवायु है। उनके लिए भारत केवल एक भू-भाग, एक देश या एक राजनीतिक इकाई नहीं, बल्कि एक पवित्र मंदिर है। इस मंदिर को एकता, समरसता और सद्भाव के सूत्र में बाँधने के लिए वे सतत प्रयत्नशील हैं। उनका जीवन राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण और अखंड निष्ठा का जीवंत उदाहरण है।



डा श्री मोहन भागवत जी का व्यक्तित्व किसी एक संगठन, विचारधारा या कार्यक्षेत्र तक सीमित नहीं है। उनका जीवन संदेश देता है कि राष्ट्र सर्वोपरि है और हर कार्य का अंतिम उद्देश्य भारत माता की सेवा होना चाहिए। उनकी दृष्टि में राष्ट्र केवल मिट्टी, भाषा या सीमाओं का नाम नहीं है, बल्कि यह करोड़ों लोगों की आत्मा, संस्कृति और साझी चेतना का नाम है। डा श्री मोहन भागवत जी का जीवन अत्यंत सादगीपूर्ण है। वे अनुशासन, संयम और साधना को अपने जीवन का मूल मानते हैं। उनके लिए राष्ट्र और समाज की सेवा ही साधना है। उनका यह विश्वास है कि जब तक समाज में एक भी व्यक्ति भूखा, निरक्षर या वंचित है, तब तक राष्ट्र की उन्नति अधूरी है। यही कारण है कि वे लगातार सेवा, शिक्षा और संस्कार पर आधारित समाज निर्माण की दिशा में कार्य करते हैं। डा श्री मोहन भागवत जी राष्ट्र को परिवार मानते हैं। वे कहते हैं कि ''हम भारतीय केवल जाति, भाषा या प्रांत से नहीं बँधे हैं, बल्कि हमारी साझा संस्कृति और आध्यात्मिक धरोहर हमें जोड़ती है।'' यही दृष्टि उन्हें निरंतर समाज के हर वर्ग को जोड़ने और समाज के बीच भाईचारे का सेतु बनाने की प्रेरणा देती है। उनके नेतृत्व में संघ ने शिक्षा, ग्राम विकास, सेवा, पर्यावरण, संस्कार, महिला सशक्तिकरण और राष्ट्ररक्षा आदि समाज जीवन के लगभग हर क्षेत्र में कार्यों को विस्तार दिया है। संघ की 100 वर्षों की गौरवशाली यात्रा में उनका कार्यकाल सबसे अधिक परिवर्तनकारी है। उन्होंने संगठन को आधुनिक चुनौतियों के अनुरूप ढालने के साथ-साथ मूल्यों और परंपराओं को और अधिक सुदृढ़ किया। उनका नेतृत्व परंपरा और आधुनिकता का संगम है। वे युवाओं को डिजिटल युग की आवश्यकताओं के अनुरूप आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं, साथ ही उन्हें अपनी जड़ों और संस्कृति से जुड़े रहने का आह्वान भी करते हैं।

श्री मोहन भागवत जी केवल संघ के संगठनकर्ता नहीं, बल्कि एक राष्ट्र-ऋषि हैं। उनका जीवन यह संदेश देता है कि राष्ट्र को सर्वोपरि मानना ही सच्चा धर्म है। उनके विचारों में स्पष्टता, उनके व्यक्तित्व में सहजता और उनके कार्यों में गहन समर्पण है। वे मानते हैं कि भारत का भविष्य केवल विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ संस्कृति, आध्यात्मिकता और मानवीय मूल्यों से सशक्त होगा। आज जब दुनिया संघर्ष, विभाजन और अशांति से गुजर रही है, तब श्री मोहन भागवत जी का मार्गदर्शन भारत ही नहीं, सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी वाणी में सरलता है, परंतु वही सरलता गहन सत्य को प्रकट करती है। ऐसे महापुरूष, जो राष्ट्र को देवता मानकर उसकी सेवा में जीवन समर्पित कर चुके हैं, उनके 75वें जन्मदिवस पर समस्त भारतवासी गर्व और कृतज्ञता का अनुभव कर रहे हैं। यह केवल एक जन्मदिवस का अवसर नहीं, बल्कि राष्ट्र के लिए उनके योगदान का उत्सव है।

## स्वामी हर्याचार्य का सानिध्य लंबे समय तक समाज का मार्गदर्शन करता रहेगा : मुख्यमंत्री योगी

अयोध्या, (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि स्वामी हर्याचार्य महाराज का सानिध्य लंबे समय तक समाज का मार्गदर्शन करता रहेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां श्री अयोध्या धाम में स्वामी हर्याचार्य महाराज की 17वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा जिसने उपकार किया उसके प्रति आभार प्रकट करना ही सनातन धर्म का सार है।

उन्होंने कहा, ''हर सनातनी का यह प्रण होना चाहिए कि अगर हम अपने धार्मिक प्रतीकों का सम्मान कर रहे हैं तो हमें तिरंगे और संविधान जैसे राष्ट्रीय प्रतीकों का भी सम्मान करना होगा। हमारे सैनिकों के प्रति श्रद्धा का भाव ही सच्चे सनातनी की पहचान है।''

योगी ने कहा, ''गंगा, गौ, राम, कृष्ण, विश्वनाथ, गंगा-यमुना-सरयू हमारे प्रतीक हैं। सनातन धर्मावलंबियों ने जीवन के रहस्यों को गहराई से समझा है।'' मुख्यमंत्री ने स्वामी हर्याचार्य महाराज के प्रति अपनी गहरी श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनका सानिध्य लंबे समय तक समाज को मार्गदर्शन देता रहेगा।

योगी आदित्यनाथ ने मॉरिशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम के अयोध्या दौरे का जिक्र करते हुए कहा, ''उन्होंने (रामगुलाम ने) पूछा कि कितने वर्ष बाद राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। मैंने उन्हें बताया कि 500 वर्ष बाद। 500 वर्षों तक संतों और भक्तों ने संघर्ष किया और आज वह सपना साकार हुआ।''

योगी ने अयोध्या आंदोलन में संतों के योगदान को याद करते हुए कहा, ''जिन्होंने अपने जीवन, स्वास्थ्य और सुख की परवाह किए बिना सिर्फ एक ध्येय बनाया, 'रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे', उन्हीं संतों की साधना और तप का परिणाम है कि आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनकर तैयार हुआ है।''

## माफियाओं के काले साम्राज्य पर योगी सरकार के सुशासन का बुलडोजर चल रहा: नन्दी

### टेंट, कैटरिंग और डेकोरेशन से जुड़े व्यापारी मांगलिक अवसरों के आयोजन की धुरी हैं:नन्दी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने उत्तर प्रदेश टेंट, कैटर्स एण्ड डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन से सम्बद्ध आल इण्डिया टेंट डीलर वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन के तृतीय महाधिवेशन कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मंत्री नन्दी ने प्रदेश के साथ ही देश के विभिन्न राज्यों से आए टेंट एवं कैटर्स व्यापारियों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। वहीं प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए टेंट एवं कैटर्स व्यापारियों को सम्मानित किया।





इस दौरान वेंडिंग एक्सपो का भ्रमण किया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आई कई मेन्युफैक्चरिंग कम्पनियां शामिल हुईं। मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश औद्योगिक, व्यापारिक एवं आर्थिक प्रगति के महामार्ग पर निरन्तर तेजी से आगे बढ़ रहा है। पिछले आठ वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश व्यापारियों, उद्यमियों एवं निवेशकों की पहली पसंद बनकर उभरा है। डबल इंजन की हमारी सरकार में ''अनुकूल परिवेश और सुरक्षित निवेश'' की संकल्पना वास्तविकता के धरातल पर साकार हो रही है। मंत्री नन्दी ने कहा कि एक समय था जब व्यापारियों को माफियाओं की धमकियों और गुण्डों के भय के सामने आत्मसमर्पण करना पड़ता था। गुण्डा टैक्स और अवैध वसूली का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा था। सपा-बसपा-कांग्रेस की सरकारों ने इस पर अंकुश लगाने की बजाय माफियाओं को संरक्षण देकर इस कारोबार को फलने-फूलने का अवसर दिया। व्यापारी लाचार था, विवश था और चौतरफा उत्पीड़न का शिकार था। एक तरफ माफियाओं की वसूली तो दूसरी तरफ सिस्टम की लूट का सामना करना पड़ता था। मतलब एक तरफ कुंआ तो दूसरी तरफ खाई। 2017 में उत्तर प्रदेश की जनता ने प्रधानमंत्री के गुड गवर्नेंस के मॉडल पर अपने जनादेश की मुहर लगाकर प्रचंड बहुमत से डबल इंजन की सरकार बनाई। पिछले आठ वर्षों के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हमारी सरकार ने जनता के उस भरोसे और व्यापारियों के विश्वास पर खरा उतरने का काम किया है। आज उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था देश-दुनिया में एक मॉडल के रूप में स्थापित हुई। माफियाओं के काले साम्राज्य पर योगी सरकार के सुशासन का बुलडोजर चल रहा है। कानून को चुनौती देने वाले कुछ माफिया दूर चले गये हैं और कुछ बहुत दूर चले गये जहाँ से वापस लौटना असम्भव है। व्यापारी बेखौफ होकर अपने व्यापार को समृद्धि के मार्ग पर आगे बढ़ा रहे हैं। इसी बदले हुए परिवेश का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनने की दिशा में ठोस एवं प्रभावी कदमों के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज उत्तर प्रदेश को भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में नई पहचान मिली है।

- आल इण्डिया टेंट डीलर वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन के तृतीय महाधिवेशन सम्मिलित हुए मंत्री नन्दी

वल्ड क्लास कनेक्टिविटी, अत्याधुनिक अवस्थापना सुविधायें, सस्ती लॉजिस्टिक सेवायें एवं प्रदेशव्यापी ट्रान्सपोर्टेशन ने व्यापारिक जगत को एक नई ऊँचाई प्रदान की है। व्यापार सस्ता और सुलभ हुआ है। कोई भी सरकारी-गैर सरकारी कार्यक्रम या उत्सव बिना टेंट, कैटरिंग और डेकोरेशन के पूरा नहीं हो सकता है। टेंट, कैटरिंग और डेकोरेशन से जुड़े व्यापारी एवं उद्यमी विभिन्न मांगलिक अवसरों के आयोजन की धुरी हैं। उत्तर प्रदेश की इस अभूतपूर्व आर्थिक एवं व्यापारिक समृद्धि की यात्रा में आप सभी का उल्लेखनीय योगदान है। प्रदेश की समग्र विकास यात्रा के हमारे संकल्प को आपके सहयोग से गति और मजबूती मिली है। हमारी सरकार ने समय-समय पर उत्तर प्रदेश के चैमुखी विकास का रोडमैप तय करने में संवाद के माध्यम से विभिन्न स्टेक होल्डर्स की भागीदारी सुनिश्चित की है।

इस अवसर पर चेयरमैन दादू भाई पुरोहित (महाराष्ट्र), राष्ट्रीय अध्यक्ष विपुल सिंघल (मेरठ), संयोजक दीपक मित्तल (दिल्ली), संरक्षक भूपेन्द्र सिंह (नोएडा), चेयरमैन उत्तर प्रदेश पवन तलवार (लखनऊ), अध्यक्ष उत्तर प्रदेश विजय कुमार (लखनऊ), महामंत्री नवीन अग्रवाल जलाल (मेरठ), कोषाध्यक्ष राजू (लखनऊ), अध्यक्ष राजस्थान रवीन्द्र सिंह, अध्यक्ष पंजाब रणवीर सिंह, अध्यक्ष हरियाणा ओमवीर सिंह, अध्यक्ष दिल्ली ठरकेन्द्र जैन, सरंरक्षक उड़ीसा काबली भाई, अध्यक्ष उड़ीसा ठाकुर भाई, अध्यक्ष महाराष्ट्र विजय सिंह आदि गणमान्यजन मौजूद रहे।

## पैसों की नहीं, परम्पराओं की विरासत दें : कार तो दें, परन्तु संस्कार भी दें : स्वामी चिदानन्द सरस्वती

### तीन पीढ़ियों का संगम, भारतीय संस्कृति की धरोहर, दादा-दादी, माता-पिता और बच्चे साथ बैठें तो वह अतीत, वर्तमान और भविष्य का दिव्य मिलन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**इन्दौर/ऋषिकेश।** परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी विदेश यात्रा के पश्चात भारत पधारे। विगत पांच सप्ताह से वे विदेश की भूमि पर भारतीय संस्कृति, योग, अध्यात्म और जीवन-मूल्यों की दिव्य गंगा प्रवाहित कर रहे थे। जहाँ-जहाँ भी वे गए, वहाँ भारतीय संस्कृति की सुगंध और सनातन मूल्यों का संदेश प्रसारित किया।

आज इन्दौर में टीएएलइएस एवं ईओ परिवार द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम ''उद्देश्यपूर्ण हस्तांतरण-पीढ़ियों के मध्य ज्ञान, मूल्य और विरासत के संग सेतु निर्माण'' में उन्हें विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल व्यवसाय और उत्तराधिकार तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन को अर्थपूर्ण बनाने वाली उस परंपरा को आगे बढ़ाना है, जिसमें ज्ञान, संस्कार और सेवा की भावना आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाई जाए।





स्वामी जी ने अपने पावन संदेश में कहा कि वास्तविक विरासत धन नहीं, बल्कि संस्कार और मूल्य हैं। जब बुजुर्गों का अनुभव और युवाओं का उत्साह एक साथ आता है तो परिवार, समाज और राष्ट्र की शक्ति कई गुना बढ़ जाती है। उन्होंने आह्वान किया कि हर परिवार अपनी अगली पीढ़ी को केवल संपत्ति ही नहीं, बल्कि सेवा, करुणा और आध्यात्मिक दृष्टि की अनमोल धरोहर भी सौंपे। आज की दुनिया तेज रफ्तार, नवाचार और निरंतर परिवर्तन से युक्त है। प्रतिस्पर्धा और प्रगति के इस दौर में अक्सर यह प्रश्न उठता है कि जीवन और व्यवसाय दोनों में स्थायी मूल्य, शाश्वत ज्ञान और उद्देश्यपूर्ण दृष्टि को हम कैसे जीवित रखें? यह केवल आर्थिक सफलता का विषय नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को वह अमूल्य धरोहर देने का भी प्रश्न है जो जीवन को अर्थपूर्ण और पूर्ण बनाती है।

इन्हीं विचारों पर प्रकाश डालने के लिए स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी एक विशेष संवाद का नेतृत्व किय। यह सत्र न केवल परिवारों और उद्यमियों के लिए, बल्कि उन सभी के लिए महत्वपूर्ण है जो मानते हैं कि जीवन केवल अर्जन और उपभोग तक सीमित नहीं है, बल्कि साझा मूल्यों और उद्देश्य से प्रेरित एक सतत यात्रा है। हर युग में यह प्रश्न रहा है कि पुरानी और नई पीढ़ियों के बीच की खाई को कैसे पाटा जाए। वृद्धों के अनुभव और ज्ञान के साथ युवाओं का उत्साह और ऊर्जा जब ये दोनों एक साथ आते हैं तो न केवल परिवार, बल्कि समाज और राष्ट्र भी नई ऊँचाइयों को छूता है। स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में परिवार केवल संस्था नहीं, बल्कि जीवन का विश्वविद्यालय है। दादा-दादी, माता-पिता और बच्चे साथ बैठें तो वह अतीत, वर्तमान और भविष्य का दिव्य मिलन होता है। यही मिलन जीवन की सबसे सुंदर तस्वीर रचता है। हर पीढ़ी को अगली पीढ़ी को मशाल सौंपनी होती है यह मशाल धन की नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कार और उद्देश्य की होनी चाहिए। परिवार पहली पाठशाला है। दादा-दादी अनुभव और नैतिकता सिखाते हैं, माता-पिता त्याग और जिम्मेदारी का संस्कार देते हैं, और बच्चे मासूमियत व ऊर्जा से जीवन को जीवंत बना देते हैं।

मनुस्मृति कहती है, तीन पीढ़ियों का साथ कुल-समृद्धि का प्रतीक है। बुजुर्ग अनुभव और आशीर्वाद, मध्यम पीढ़ी श्रम और उत्तरदायित्व और युवा पीढ़ी ऊर्जा और भविष्य का प्रतीक है। सच्ची विरासत संपत्ति नहीं, बल्कि वे संस्कार हैं जो हर परिस्थिति में सहारा देते हैं। स्वामी जी ने कहा कि परिवार अपनापन से चलता है और व्यवसाय विश्वास से। दोनों में पारदर्शिता और संवाद ही स्थिरता लाते हैं। अंततः, धन क्षणभंगुर है, लेकिन संस्कार शाश्वत धरोहर हैं। यही रोशनी परिवार, समाज और राष्ट्र को आलोकित करती है। स्वामी जी ने कहा कि विरासत केवल संपत्ति और व्यवसाय तक सीमित नहीं है। वास्तविक विरासत वे संस्कार, मूल्य और परंपराएँ हैं जो हमें जीवनभर दिशा देते हैं। उत्तराधिकार और नेतृत्व के क्रम में आध्यात्मिक मूल्य हमें स्थिरता और नैतिक दृष्टि प्रदान करते हैं। व्यवसाय केवल लाभ कमाने के लिए नहीं, बल्कि समाज को लौटाने का माध्यम भी होना चाहिए। व्यवसायी और उद्यमी केवल आर्थिक प्रगति ही नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व और पर्यावरणीय संतुलन को भी अपनी प्राथमिकता बना सकते हैं।

इस दिव्य कार्यक्रम का आयोजन श्री तपन अग्रवाल जी, श्रीमती अदीति जी, श्री अनुज राठी जी, श्री नितेश शाहरा जी, श्रीमती माधुरी शाहरा जी, श्री मनीष शाहरा जी एवं सम्पूर्ण ईओ परिवार द्वारा किया गया। ईओ परिवार, जिसकी शाखाएँ पूरे भारत में हैं, सभी शाखाओं के पदाधिकारियों ने इसमें सहभाग किया। व्यापार जगत में सफलता प्राप्त करने के बाद जीवन में प्रसन्नता एवं संतुलन बनाए रखने हेतु ईओ परिवार पूर्ण रूप से संलग्न है।


स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.- 011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।